आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“ आज
* गोस्वामी
तुलसीदास जयंती ”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 216 | उज्जैन, बुधवार 19 अगस्त, 2026 | श्रावण शुक्ल 7 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद पर बातचीत रही विफल

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही मस्जिद ईदगाह विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर चल रही सुलह-समझौते की कोशिशें एक बार फिर नाकाम साबित हुई हैं। मथुरा के सुलह समझौता केंद्र में मंगलवार को होने वाली दूसरी वार्ता मुस्लिम पक्ष की अनुपस्थिति के कारण विफल हो गई। मुस्लिम पक्ष के न आने पर कोर्ट ने पत्रावली पर सुनवाई स्थगित कर दी है। अब इस अहम विवाद की सुनवाई सीधे सुप्रीम कोर्ट में 21, 22 और 23 अगस्त को की जाएगी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष और हिंदू पक्ष के अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मंगलवार को सुलह केंद्र में दूसरी सुनवाई तय थी, लेकिन मुस्लिम पक्ष वहां उपस्थित नहीं हुआ। इससे पहले 7 अगस्त को भी दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई थी, जो पूरी तरह बेनतीजा रही थी।

### फांसी की जगह दूसरा तरीका अपनाने की अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** मौत की सजा सुनाए जाने के बाद किसी कैदी को किस तरीके से मौत दी जाए, इस पर देश में लंबे समय से बहस चल रही है। क्या फांसी ही सबसे सही तरीका है या ऐसा कोई दूसरा तरीका हो सकता है, जिसमें दर्द और तकलीफ कम हो और आखिरी समय में कैदी की गरिमा भी बनी रहे? इस सवाल पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाया। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने फांसी को मौत की सजा देने का तरीका खत्म करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। हालांकि कोर्ट ने यह साफ किया कि केंद्र सरकार चाहे तो एक्सपर्ट्स की मदद से दूसरे तरीकों की जांच कर सकती है। अगर भविष्य में मजबूत वैज्ञानिक या मेडिकल सबूत सामने आते हैं, तो इस मुद्दे पर फिर संवैधानिक जांच भी हो सकती है।

### अब नेटवर्क-केंद्रित अभियानों से तय होगी वायुसेना की बढ़त

**नई दिल्ली।** वायुसेना के डिप्टी चीफ ऑफ एयर स्टाफ (डीसीएएस) एयर मार्शल तेजपाल सिंह ने मंगलवार को कहा कि हथियारों और सैन्य प्रणालियों का महत्व कभी खत्म नहीं होगा, लेकिन आज के युद्धक्षेत्र और युद्धक हवाई क्षेत्र सूचना की श्रेष्ठता, नेटवर्क-केंद्रित अभियानों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से पल भर में निर्णय लेने की क्षमता से परिभाषित होते हैं। उन्होंने यहां आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि बहु-क्षेत्रीय अभियानों में सफलता तभी मिल सकती है, जब हम अपने ओओडीए (अवलोकन, स्थिति का आकलन, निर्णय लेने और कार्रवाई करने) की प्रक्रिया को कम और छोटा कर सकें।

### कंगना ने सिद्धिविनायक मंदिर जाकर किए दर्शन



**गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया मुंबा देवी के भी दर्शन किए**

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और बीजेपी सांसद कंगना रनोट मंगलवार को मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचीं। उन्होंने मंदिर में भगवान गणेश के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और वहां कुछ समय बिताया। मंदिर दर्शन के दौरान कंगना पीली साड़ी में नजर आईं, जिस पर गोल्डन बॉर्डर था। उन्होंने इसके साथ मैचिंग ब्लाउज और ऑरेंज-गोल्डन दुपट्टा पहना था। लाल बिंदी, सिंपल ज्वेलरी और मिनिमल मेकअप से उन्होंने अपना लुक पूरा किया। मंदिर में दर्शन के बाद कंगना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की। कंगना ने अपनी पोस्ट के जरिए बताया कि उन्होंने सिद्धिविनायक मंदिर के साथ मुंबई की माता श्री मुंबा देवी मंदिर के भी दर्शन किए। उन्होंने लिखा, 'आज मुंबई के राजा श्री सिद्धिविनायक जी और मुंबई की माता श्री मुंबा देवी के दर्शन किए।' सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए कंगना ने कहा, हमारे सिद्धिविनायक भगवान पूरे मुंबई क्षेत्र के रक्षक हैं। जब भी आती हूं, इनका दर्शन करने का सौभाग्य मिलता है। आज ज्यादा खास है। जो यहां के बीजेपी कार्यकर्ता हैं, उन्होंने मुझे गणपति भेंट भी की।

### नैनो न्यूज

- **फिलीपींस:** स्कूल में छात्र ने क्लासमेट को गोली मारी, फिर खुदकुशी की, 2 गार्ड भी मारे गए, फायरिंग का वीडियो फेसबुक पर लाइव किया।
- **नई दिल्ली:** जंतर-मंतर प्रदर्शन पर रिजिजू बोले- गोली कहां चली, जेन-जी हमारे बच्चे, उनसे बातचीत जरूरी, अभिजीत दीपके आप कार्यकर्ता, छात्र नेता कैसे बन गए।
- **वाशिंगटन:** ट्रम्प की लोकप्रियता घटी, सिर्फ 33% लोगों की पसंद, ईरान युद्ध के चलते गिरावट; 80% अमेरिकी बोले- जंग लंबी चलेगी।
- **प्नई दिल्ली:** पहली बार टाटा संस की एनुअल मीटिंग टली, सर रतन टाटा ट्रस्ट कोरम की शर्त पूरी नहीं कर सका, अटक सकते हैं बड़े फैसले।
- **नई दिल्ली:** 7 महीने में 3 गुना बढ़ा कंपनियों का एआई खर्च, रैम्प के एआई इंडेक्स के मुताबिक टॉप फर्म्स प्रति कर्मचारी खर्च कर रहीं 7 लाख।
- **सिडनी:** ग्लेन मैक्सवेल के घर आई नन्ही परी, पत्नी विनी रमन ने बेटी को दिया जन्म, शेयर की तस्वीर।

मल्टीनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज फर्म जेपी मॉर्गन ने जारी किया अलर्ट

## भारत में 2027 तक और बढ़ सकते हैं खाने-पीने की चीजों के दाम

### रिपोर्ट के मुताबिक भारत सरकार पर 3 लाख करोड़ रुपए की सब्सिडी का बोझ बढ़ेगा, देश में पहले से ही फर्टिलाइजर काफी महंगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

2027 तक भारत में खाने-पीने की चीजों के दाम काफी बढ़ सकते हैं। यह अलर्ट मल्टीनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज फर्म जेपी मॉर्गन ने जारी किया है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत सरकार पर 3 लाख करोड़ रुपए की सब्सिडी का बोझ बढ़ेगा। फर्म ने दावा किया है कि महंगाई का असर पूरी दुनिया पर होगा। फर्टिलाइजर की कमी, जियोपॉलिटिकल तनाव के साथ एक अल नीनो तूफान के आने से यह संकट गहराएगा। साल 2027 की पहली छिमाही में ग्लोबल स्तर पर खाने-पीने की चीजों के दाम 5% तक बढ़ सकते हैं। 2026 की पहली छिमाही में यह आंकड़ा 2.8% पर था। भारत के लिए यह चेतावनी इसलिए अधिक मायने रखती है, क्योंकि देश में पहले से ही फर्टिलाइजर काफी महंगी है।



#### खाद सब्सिडी का बोझ बढ़ेगा

- **266 में यूरिया की बोरी:** भारत दुनिया में सबसे ज्यादा यूरिया खरीदने वाले देशों में से एक है। देश में यूरिया की 45 किलो की बोरी का दाम सिर्फ 266.50 है, सरकार उसे विदेशों से इसके दस गुने से भी ज्यादा दाम में खरीदती है।
- **3 लाख करोड़ का खर्च:** इस बड़े अंतर का पूरा खर्च सरकार खुद उठाती है, जिसे 'खाद सब्सिडी' कहते हैं। अधिकारियों के मुताबिक, इस साल सरकार का यह सब्सिडी खर्च 3 लाख करोड़ से भी ऊपर जा सकता है।
- **सरकार के सामने बड़ी चुनौती:** अगर मिडिल ईस्ट का संकट लंबा खिंचा, तो यह खर्च और बढ़ेगा। ऐसे में सरकार के सामने बड़ी दुविधा होगी- या तो वह अपनी जेब से भारी नुकसान सहकर खाद को सस्ता रखे, या फिर किसानों को खाद का इस्तेमाल कम करने के लिए कहे जिससे फसलों की पैदावार पर असर पड़ सकता है।

**81% चांस:** खाद की किल्लत के साथ-साथ मौसम भी एक बड़ी मुसीबत बनने वाला है। जेपी मॉर्गन का अनुमान है कि 2026 के अंत तक बहुत खतरनाक यानी सुपर अल नीनो आने की 81% संभावना है, जो 2027 तक खिंच सकता है।
**फसलों पर मार:** इतिहास गवाह है कि जब भी अल नीनो आता है, गर्म और खराब मौसम की वजह से खेती-किसानी को नुकसान होता है और फसलों की पैदावार औसतन 3.5% तक घट जाती है। इस खराब मौसम के कारण दुनियाभर में खाने-पीने की चीजों की महंगाई करीब 1.5% तक और बढ़ सकती है, जो आम आदमी की जेब पर सीधा असर डालेगी।

**ईरान में तनाव के कारण खाद और गैस का संकट**

**मिडिल ईस्ट का रोल:** दुनिया का 42% यूरिया और 27% अमोनिया (खाद बनाने का केमिकल) मिडिल ईस्ट यानी अरब देशों से आता है। अगर वहां युद्ध या तनाव के कारण सप्लाई रुकी, तो पूरी दुनिया में खाद की भारी किल्लत हो जाएगी और दाम आसमान छूने लगेंगे
**गैस की कीमतें:** यूरिया जैसी खाद बनाने में नेचुरल गैस का सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है। अगर गैस महंगी हुई, तो खाद बनाना भी महंगा हो जाएगा। खाद महंगी होने पर किसान इसका कम इस्तेमाल करेंगे, जिससे फसलों की पैदावार घट जाएगी।
**सुधरने में लगेगा लंबा समय:** अगर एक बार खाद के कारखाने या गैस प्लांट इस संकट की वजह से बंद या प्रभावित हुए, तो उन्हें दोबारा पूरी तरह ठीक होने में 1 से 5 साल तक का लंबा समय लग सकता है।

यूपी के 25 शहरों में बारिश, घर-थाने-अस्पताल में पानी भरा

## बंगाल के आसनसोल में बाढ़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

उत्तर भारत के कई हिस्सों में तेज बारिश जारी है। मौसम विभाग ने राजस्थान-दिल्ली समेत 14 राज्यों में तेज बारिश की चेतावनी दी है। बंगाल की खाड़ी में बना डिप्रेशन आगे बढ़ सकता है।

यूपी के 25 शहरों में तेज बारिश हो रही है। कई जगह सड़कों-अस्पतालों में पानी भर गया। कानपुर-उन्नाव में 500 से ज्यादा घरों में पानी भर गया। 8 जिलों में स्कूल की छुट्टी कर दी गई है। पश्चिम बंगाल के दक्षिणी हिस्से में तेज बारिश हो रही है। आसनसोल में बाढ़ जैसे हालात हैं। लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा रहा है।

वहीं मध्य प्रदेश के सतना में मंदाकिनी नदी में बाढ़ आ गई है। एसडीआरएफ तैनात है और घाटों पर बैरिकेडिंग की गई है।






उत्तराखंड के ऋषिकेश में नदियां उफान पर हैं। बीन नदी में एक जीप पलट गई। एसडीआरएफ ने गाड़ी में फंसे दो लोगों को निकाला।

#### उत्तराखंड में भारी बारिश, 8 लोगों का रेस्क्यू

उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ, सड़कें बंद हो गईं और राज्य भर में नदियां और नाले उफान पर आ गए। इस दौरान दो अलग-अलग घटनाओं में छह छात्रों समेत आठ लोगों को उफनती नदियों से बचाया गया। मौसम विभाग ने देहरादून, टिहरी, पौड़ी और उधम सिंह नगर ज़िलों में भारी से बहुत भारी बारिश के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है, जबकि बाकी जिलों के लिए 'यलो अलर्ट' जारी किया गया है। उत्तरकाशी में डर्बिल और जंगलचट्टी के पास मलबे के कारण यमुनोत्री नेशनल हाईवे बंद हो गया। चमोली में भारी बारिश के दौरान कल्पेश्वर मंदिर परिसर में मलबा घुस गया। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। भारी बारिश के पूर्वानुमान के कारण देहरादून में कक्षा 1 से 12 तक के स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं।

पौड़ी गढ़वाल में लैंडस्लाइड के बाद मलबे में एक ही परिवार के चार लोग दब गए, जिसमें एक की मौत हो गई और दो लापता है।

### एसआईटी की फाइनल रिपोर्ट में चंपत राय-अनिल मिश्रा बेदाग

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में पहली एसआईटी की फाइनल रिपोर्ट ट्रस्ट को सौंप दी गई है। सूत्रों का दावा है कि इस रिपोर्ट में चंपत राय और अनिल मिश्रा को क्लीन चिट मिली है। प्रारंभिक रिपोर्ट में भी चंपत राय को क्लीन चीट दी गई थी। अनिल मिश्रा का नाम प्रारंभिक रिपोर्ट में काउंटिंग के लापरवाही का आरोप था, लेकिन सीधा आरोपी नहीं बनाए गए थे। सूत्रों का दावा है कि इस फाइनल रिपोर्ट में भी अनिल मिश्रा को आरोपी नहीं बनाया गया है। इस फाइनल रिपोर्ट में चंपत राय और अनिल मिश्रा को दोषी नहीं पाया गया है और उनका नाम आरोपियों की सूची में शामिल नहीं है। एसआईटी की फाइनल रिपोर्ट में केवल उन 8 लोगों के नाम शामिल हैं, जिन्हें मामले में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

सरकार ने 405 प्रोडक्ट की लिस्ट जारी की

### देश में बनेंगे फाइटर जेट-टैंक और मिसाइल सिस्टम के उपकरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली



सरकार हथियारों-मिसाइलों और टैंक के ज्यादातर पार्ट्स भारत में ही बनाना चाहती है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को 405 स्ट्रैटेजिक आइटम्स की छठी लिस्ट जारी की। इनमें अलग-अलग मशीनों के हिस्से, स्पेयर पार्ट्स, कंपोनेंट, सब-सिस्टम और रॉ मटेरियल शामिल है।

हेलिकॉप्टर और लड़ाकू विमान से जुड़े सामान, टैंक और बख्तरबंद गाड़ियों के सामान, रडार, सोनार और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और टैंक रोधी गोला-बारूद भी शामिल हैं।

अगर ये सामान देश की कंपनियां ही बनाती हैं तो कुल 3,070 करोड़ रुपए का कारोबार हो सकता है। इसका मकसद डिफेंस सेक्टर में आयात घटाना और आत्मनिर्भरता को बढ़ानाा है।

एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर, लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर, सुखोई-30एमकेआई, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट और एएल-31एफपी इंजन जैसे एयर प्लेटफॉर्म। एएल-31एफपी सुखोई-30एमकेआई में इस्तेमाल होने वाला इंजन है। आर्मर्ड प्लेटफॉर्म में टी-72, टी-90 और बीएमपी-।। शामिल हैं। डिफेंस इलेक्ट्रॉनिक्स में रडार, सोनार, फायर कंट्रोल और सैटेलाइट कम्युनिकेशन सिस्टम। हाई एक्सप्लोसिव एंटी-टैंक गोला-बारूद और दूसरे जरूरी उपकरण भी लिस्ट का हिस्सा हैं। रक्षा मंत्रालय के तहत जारी लिस्ट में हर प्रोडक्ट के भारतीयकरण के लिए तय समय दिया गया है।

### पेपर लीक के आरोपियों की संपत्ति जब्त करने की मांग

#### शीर्ष अदालत ने केंद्र-राज्यों से मांगा जवाब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट अब केंद्र और राज्य सरकारों के जवाब मिलने के बाद इस मामले पर आगे सुनवाई करेगा। अगली सुनवाई 25 सितंबर को होगी। कोर्ट के सामने मुख्य सवाल यह है कि पेपर लीक जैसे मामलों में दोषियों की संपत्ति जब्त करने और अपराध से जुड़े आर्थिक लाभ पर कार्रवाई के लिए किस तरह की कानूनी व्यवस्था लागू की जा सकती है।

प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं को रोकने के लिए दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और सभी राज्य सरकारों से जवाब मांगा है। याचिका में पेपर लीक में शामिल आरोपियों और उनके परिवार के सदस्यों की चल-अचल संपत्ति की जांच कर उसे जब्त करने के निर्देश देने की मांग की गई है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने मंगलवार को अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की जनहित याचिका पर केंद्र और राज्यों को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 सितंबर की तारीख तय की है।

### 30 बच्चों से दुष्कर्म के दोषी पर ब्रिटेन-पाकिस्तान में विवाद

#### ब्रिटिश सरकार वापस पाक भेजने पर अड़ी

एजेंसी ▸▸ लंदन

ब्रिटेन और पाकिस्तान के बीच एक यौन अपराधी को लेकर विवाद शुरू हो गया है। शाबिर अहमद ब्रिटेन के कुख्यात ग्रूमिंग गैंग से जुड़ा हुआ है। उसे 30 बच्चों के यौन शोषण का दोषी पाया गया है।

शाबिर मूल रूप से पाकिस्तान का रहने वाला है लेकिन उसके पास ब्रिटिश नागरिकता है। अब ब्रिटेन शाबिर को पाकिस्तान भेजना चाहता है, लेकिन इस्लामाबाद ने उसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। पाकिस्तान ने ब्रिटेन को चेतावनी दी है कि अगर शाबिर को रखने का दबाव बनाया गया, तो वह अवैध प्रवासियों को वापस लेने, सुरक्षा सहयोग और खुफिया जानकारी साझा करने जैसे मुद्दों पर फिर से विचार कर सकता है।



73 वर्षीय शाबिर अहमद पाकिस्तान मूल का है। बच्चों के यौन शोषण मामले में उसे 22 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। वह करीब 14 साल जेल में काट चुका है और हाल ही में रिहा हुआ है। ब्रिटेन उसकी नागरिकता समाप्त कर चुका है और अब उसे पाकिस्तान भेजने की कोशिश कर रहा है।

### सीएम कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

#### पुलिस महकमे में हड़कंप, फोन करने वाला व्यक्ति पकड़ाया

एजेंसी ▸▸ जयपुर

राजस्थान में मुख्यमंत्री कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। धमकी मिलने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस के आलाधिकारी फोर्स के साथ वहां पहुंच गए हैं। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध शख्स को डिटेन कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। सीएमओ को बम से उड़ाने की यह धमकी फोन के जरिये दी गई है।




जयपुर डीसीपी साउथ राजश्री राज वर्मा ने बताया कि सीएमओ को बम से उड़ाने वाला धमकी भरा यह कॉल पुलिस कंट्रोल रूम में मंगलवार को सुबह 11 बजे आया था। धमकी भरा कॉल आते ही पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फोन करने वाले व्यक्ति को पकड़ लिया है। यह पता लगाया जा रहा है कि उसने कॉल किस वजह से किया है। वर्मा के मुताबिक पहले जो धमकियां मिलती रही है वो ईमेल के जरिये आती रही है। सीएमओ को बम से उड़ाने की धमकी पहली बार मिली है।

रूसी हमले से खारकीव में भारी तबाही

### रिहायशी इमारतें जमींदोज, 10 की मौत, 17 घायल

एजेंसी ▸▸ खारकीव

यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी खारकीव क्षेत्र में मंगलवार को रूसी मिसाइल हमले में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य घायल बताए गए हैं। हमला पेचेनीही गांव के मध्य इलाके में हुआ, जहां रिहायशी इमारतों के बीच दुकानें, कैफे और डाकघर मौजूद हैं। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, हमले में कई इमारतों और वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि रूसी सेना ने सुबह के समय पेचेनीही में एक व्यस्त चौराहे को निशाना बनाया। उन्होंने बताया कि इस इलाके में डाकघर और कई दुकानें थीं और इसके आसपास रिहायशी इमारतें मौजूद थीं। जेलेंस्की ने हमले के बाद की तस्वीरें भी साझा कीं, जिनमें क्षतिग्रस्त इमारत, आग की चपेट में आए वाहन और घायलों को स्ट्रेचर पर ले जाते राहतकर्मी दिखाई दे रहे हैं।



#### जेलेंस्की ने रूस को जवाब देने की दी चेतावनी

हमले के बाद जेलेंस्की ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यूक्रेन इस रूसी हमले का जवाब जरूर देगा। इस बीच खारकीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने बताया कि हमले में 17 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि मिसाइल हमले से 10 निजी इमारतों के अलावा एक कैफे, डाकघर, दुकान और कम से कम सात वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### हाल ए- हालिया आयोजन

हाल ही में धर्मनगरी में एक आयोजन का प्रबंधन किया गया। इसे मूलतः प्रशासनिक भाषा में भीड़ प्रबंधन से संबोधित किया जाता है। वैसे यह श्रद्धालुओं से संबंधित है। इस आयोजन की व्यवस्था में वैसे तो जिला के तकरीबन सभी विभागों का उपयोग होता है लेकिन प्रमुख विभागों को छोड़कर शेष को दोयम दर्जे का समझा गया। तिमारदारी से संबंधित सेवा, सुश्रुषा करने वाले विभाग के करीब 10 दर्जन से ज्यादा कर्मचारी एवं तिमारदारी अधिकारियों को पास ही नहीं दिए गए। ये अकेला विभाग नहीं था और भी कुछ विभाग के अधिकारी भी इससे पिडित रहे हैं। इसके चलते कई स्थानों पर इनके पहुंचने में ही परेशानी रही और वर्दी में तैनात सुरक्षा वालों के लिए भी इन्हें जाने देने और नहीं जाने देने का प्रश्न बार-बार खड़ा होता रहा, जिससे तर्क कुतर्क के हाल कायम होते रहे और निदान निकलते रहे। वीआइपी प्रवेश द्वार के यहीं पर अव्यवस्थाओं का आलम कायम होता रहा जिसे व्यवस्थित करने में किसी की कोई रूचि नहीं रही। आयोजन के कागजी योजना को अंजाम देने और विभागवार कागज पर काम के आदेश देने की बजाय मौखिक दंड अधिकारी का काम किया गया। जिस काम को मंदिर के कर्मचारी अंजाम दे रहे हैं और शासन के विभागों को उससे दूर कर दिया गया है उन्ही कामों के लिए विभागों के कर्मचारी हासिए पर रहे। बैरिकेडिंग में चौड़ाई की व्यवस्था की गई लेकिन कुछ-कुछ दूरी पर रोक की कोई व्यवस्था नहीं होने से भीड का दबाव बनने की स्थिति बनी, जबकि बैरिकेडिंग में कुछ-कुछ दूरी पर बेरियर किए जाना इस प्रकार की व्यवस्था में जरूरी था। बैरिकेडिंग के हर ब्रेकेट की जिम्मेदारी के लिए कुछ वर्दी एवं एक-दो दंडाधिकारी तैनात किए जाने थे जिससे बराबर व्यवस्था पर नजर बनी रहती एवं कुछ समस्या होने पर संबंधित ब्रेकेट तक ही सिमित रहती। बैरिकेडिंग की व्यवस्था कतार की बजाय भीड का एक बहाव चलाया गया इससे भी समस्या की स्थिति बनी और ब्लाक लगने का कारण बना। इसमें वहीं हाल बनते बिगड़ते गए जैसे पतंग की डोर जरूरत से ज्यादा निकाल ली जाए तो उसमें उलझन पैदा होकर गठान लग जाती है। खुसूर-फुसूर है कि करीब दो किलोमीटर की बैरिकेडिंग व्यवस्था बेरियर विहीन उपयोग की जाना और उसमें भीड़ प्रबंधन मतलब सीधे तौर पर यानिकी भगवान भरोसे के हाल। कागजों में कार्यादेश और विभागीय योजना कि किसे क्या-क्या काम करने हैं इसका अभाव में कर्मचारी और कई अधिकारी भी चक्कर घिन्नी होते रहे। ऐसे हाल में कुछ करो तो समस्या और कुछ न करो तो भी समस्या की स्थिति कायम हुई। कुछ भी हो बाबा की कृपा बरसी और बगैर किसी अनहोनी के सब कुछ जल की तरह कल-कल हो गया। बोलो जय श्री महाकाल।

## नैनो न्यूज

- विक्रम विवि में एलईडी निर्माण एवं ड्रोन तकनीक पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित
- दुर्लभ योग में रामेश्वर महादेव का दुग्धाभिषेक, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया कालसर्प व पितृ दोष का निवारण
- मालवी काव्य संग्रह पर हुई परिचर्चा, साहित्यकारों ने कहा कविता बचेगी तो मानवता बचेगी
- अखाड़ा परिषद के महामंत्री सहित देशभर के संत होंगे शामिल, होगा विशाल भंडारा
- गोसाईं जी की बैठक में की हिंडोरे की सेवा, 8 फीट ऊंचे पौधों का किया रोपण
- श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्था ने कराया 11 लाख बार मंत्र जाप
- कक्षा से जुड़ाव, जॉयफुल लर्निंग हेतु एक पहल पर जिला स्तरीय उन्मुखीकरण
- श्री रविदास सेवक संघ ने किया ध्वज वंदन, संघ के अध्यक्ष संदीप सूर्यवंशी ने ध्वज वंदन कर कार्यक्रम की शुरूआत की।
- महाकाल इलेक्ट्रिकल कांट्रेक्टर एसोसिएशन की हुई बैठक संगठन को मजबूत करने पर हुई चर्चा
- रैली निकाल कर लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग
- न्यूनतम 30 हजार रुपए वेतन की मांग को लेकर भारतीय मजदूर संघ का प्रदर्शन

## ट्रेंडिंग




छात्राओं के आंदोलन के आगे झुका प्रशासन : सांसद, विधायक, नगर निगम सभापति, कलेक्टर पहुंचे छात्राओं के बीच

# सराफा स्कूल वैकल्पिक व्यवस्था तक वहीं रहेगा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

रानी लक्ष्मीबाई शासकीय सराफा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं के आंदोलन के सामने प्रशासन झूका है और स्कूल स्थानांतरण को हालिया स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था तक निरस्त कर दिया गया है। मंगलवार को सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह स्कूल पहुंचे एवं आंदोलन करने वाली छात्राओं को आश्वस्त किया कि विद्यालय के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नही हो जाती, तब तक छात्राएं वर्तमान सराफा विद्यालय में ही अध्ययन करेंगी।

महाकाल मंदिर के पीछे चारधाम मंदिर के समीप संचालित रानी लक्ष्मीबाई शासकीय सराफा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को 7 किलोमीटर दूर दाऊदखेड़ी में बने भवन में स्थानांतरित करने के लिए प्रक्रिया शुरू की गई थी। इस प्रक्रिया का छात्राओं ने विरोध करते हुए 14 अगस्त को कलेक्टोरेट पहुंचकर अपनी पीडा अधिकारियों के समक्ष व्यक्त की थी। इस दौरान कई छात्राएं पढ़ाई छूटने के डर से रो पड़ी थीं। एक छात्रा ने अधिकारियों को जमकर खरी खोटी सुनाते हुए निर्णय से गरीबों को आहत करने की बात कही थी और सवाल उठाए थे।



यह मामला सुर्खियों में आने के बाद मंगलवार को जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी स्कूल पहुंचे एवं छात्राओं को आश्वस्त किया कि वैकल्पिक व्यवस्था होने तक छात्राएं वर्तमान भवन में ही अध्ययन करेंगी। सराफा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर सभी ने छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्राओं को आश्वस्त किया कि उनकी पढ़ाई और सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नही किया जाएगा।

**तीन स्कूलों का मामला-** दाऊदखेड़ी के वर्तमान भवन में अब तक ग्रामीण क्षेत्र के 5 स्कूल मर्ज किए जा चुके हैं। शहर के माधवगंज, सराफा कन्या एवं महाराजवाड़ा के कक्षा 9 से 12 को वहां भेजने के मामले में यह विरोध छात्राओं ने किया है। इससे पूर्व यहां संचालित माध्यमिक स्कूलों को विरोध के चलते महाराजवाड़ा में मर्ज किया गया था।

### मुखर छात्रा के निरूत्तर प्रश्न किए थे

कलेक्टोरेट आंदोलन में मुखर रूप से सामने आकर अधिकारियों के सामने सवाल उठाने वाली छात्रा मोनिका सिसोदिया ने छात्राओं की ओर से अपनी बात रखते हुए कहा कि विद्यालय को दाऊदखेड़ी क्षेत्र में स्थानांतरित किए जाने से छात्राओं को काफी दूर जाना पड़ेगा। इससे विशेष रूप से छात्राओं के आवागमन और सुरक्षा को लेकर परेशानी उत्पन्न होगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन से छात्राओं के हित में उचित निर्णय लेने का आग्रह किया।

### छात्राओं ने आभार माना

छात्राओं के हित में लिए गए निर्णय की जानकारी मिलने के बाद छात्राओं में खुशी और संतोष का भाव दिखाई दिया। छात्राओं ने भावुक होकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी समस्या को समझते हुए लिया गया निर्णय उनके लिए बड़ी राहत है। छात्राओं ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

### वैकल्पिक व्यवस्था तक सराफा में पढ़ाई

सांसद अनिल फिरोजिया ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों की परेशानी को देखते हुए आज सभी जनप्रतिनिधि अपनी बेटियों के बीच आए हैं। उन्होंने बताया कि सराफा विद्यालय को दाऊदखेड़ी स्थानांतरित किए जाने की जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को दी गई थी। मुख्यमंत्री ने छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तत्काल निर्देश दिए कि वैकल्पिक व्यवस्था होने तक सराफा विद्यालय में ही छात्राओं की पढ़ाई जारी रहेगी। नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा को लेकर संवेदनशील हैं। बेटियां अच्छे वातावरण में पढ़ें और आगे बढ़ें, इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने वैकल्पिक व्यवस्था होने तक सराफा विद्यालय में ही अध्यापन जारी रखने के निर्देश दिए हैं। विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा ने कहा कि सराफा विद्यालय स्थानांतरण के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को अवगत कराया गया था। मुख्यमंत्री ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए निर्देश दिए कि वैकल्पिक व्यवस्था होने तक सराफा विद्यालय यथावत संचालित किया जाए। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव छात्राओं की समस्या को लेकर चिंतित थे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर ही यह निर्णय लिया गया है कि वैकल्पिक व्यवस्था होने तक छात्राओं को सराफा विद्यालय में ही अध्ययन की सुविधा रहेगी।

उज्जैन का स्वास्थ्य महकमा 'सफेद हाथी' बना

# संजीवनी क्लीनिक में डॉक्टर गायब, नर्स के भरोसे इलाज

### 2,636 में से 1,077 पद खाली, यानी 41 फीसदी स्टाफ नहीं

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

बाबा महाकाल की नगरी के जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बदतर है। जिले में स्वास्थ्य विभाग के कुल 2,636 स्वीकृत पदों में से 1,077 पद खाली पड़े हैं। यानी हर 10 में से 4 पद रिक्त हैं। जिला स्वास्थ्य समिति और जिला पंचायत की बैठक में सामने आई रिपोर्ट ने व्यवस्था की पोल खोल दी है। डॉक्टर, नर्स, टेक्नीशियन से लेकर सफाईकर्मी तक की कमी स्पष्ट कर रही है कि मरीजों को किस तरह का और कैसा उपचार मिल रहा है।

सरकारी दावे और जमीनी हकीकत आंकडों की जबानी ही बाहर आ रही है। इससे साफ हो रहा है कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की किस कदर से दुर्गति के हाल में है। रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा मार विशेषज्ञ डॉक्टरों और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों पर पड़ी है। जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमुट बताते हैं कि करीब एक माह के दरमियान यह जिला पंचायत की सामान्य बैठक में स्वास्थ्य विभाग के रिव्यू के दौरान पदों की रिक्तता की स्थिति सामने आई थी। 41% पद खाली होने के बाद भी स्वास्थ्य सेवाएं चलाना मुश्किल है। संजीवनी क्लीनिक जैसी योजनाएं बिना डॉक्टर के कागजों में ही दम तोड़ रही हैं। संभागीय मुख्यालय की ये हालत है।

### जिले में पदों की स्थिति

- **विशेषज्ञ चिकित्सक:** 112 में सिर्फ 47 कार्यरत, 65 पद खाली
- **स्त्री रोग विशेषज्ञ:** 22 में 13 ही हैं, 9 पद खाली
- **चिकित्सा अधिकारी:** 235 में 122, 133 पद रिक्त
- **एएनएम:** 445 में 304, 141 पद खाली
- **फार्मासिस्ट ग्रेड-2:** 107 में 47, 60 पद खाली
- **चतुर्थ श्रेणी:** 614 में 186, 428 पद खाली
- **सबसे चौंकाने वाला -** कंप्यूटर ऑपरेटर के 8 में से 8 और दैनिक सफाईकर्मी के 46 में से 46 पद खाली।



### 50 लाख के संजीवनी क्लीनिक पर डॉक्टर नहीं

शहरवासियों को घर के पास प्राथमिक इलाज देने के लिए 28 संजीवनी क्लीनिक के भवन 20 से 50 लाख रुपये की लागत से बनाए गए। राज्य सरकार ने डॉक्टर और जरूरी स्टाफ नहीं दिया। नतीजतन ज्यादातर क्लीनिक में डॉक्टर की कुर्सी खाली है। नर्स ही मरीज देख रही हैं और जांच कर रही हैं। रोज 100 से 200 मरीज पहुंचते हैं, लेकिन डॉक्टर न मिलने पर बैरंग लौट जाते हैं। करोड़ों की लागत के ये क्लीनिक फिलहाल शोपीस बनकर रह गए हैं।

### मौजूदा स्टाफ पर ट्रिपल लोड

उज्जैन संभागीय मुख्यालय है। यहां रतलाम, शाजापुर, आगर के गंभीर मरीज भी इलाज को आते हैं। मात्र 59 प्रतिशत स्टाफ जिले के मरीजों के साथ अन्य जिलों से आने वाले मरीजों को भी राहत दे रहा है। स्थानीय स्टाफ पर काम का बोझ तीन गुना है। इस वजह से अस्पतालों में डॉक्टर-नर्स समय पर उपलब्ध नहीं हो पाते। मरीजों की लाइन लंबी और स्टाफ कम।

1. रोज की ओपीडी और भर्ती मरीज
2. सरकारी योजनाएं - संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य
3. वीआईपी ड्यूटी - लगभग हर दिन कोई न कोई प्रोटोकॉल ड्यूटी

### सीधा असर इन कामों पर

- **महिलाओं की दिक्कत:** स्त्री रोग विशेषज्ञ के 9 पद खाली होने से प्रसव और हाईरिस्क केस में दिक्कत। कई बार मरीजों को इंदौर रेफर करना पड़ रहा है।
- **दवा वितरण लेट:** फार्मासिस्ट के आधे से ज्यादा पद खाली। सरकारी अस्पतालों में दवा मिलने में देरी।
- **डाटा अधूरा:** कंप्यूटर ऑपरेटर नहीं होने से एचएमआईएस रिपोर्ट और आंकड़े समय पर नहीं जा पा रहे।

# नीलकंठ द्वार से महाकाल चौराहा तक 24 मीटर चौड़ी होगी सड़क

127 भवन प्रभावित, मार्किंग और नपती पूरी



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

सिंहस्थ महापर्व-2028 की तैयारियों के तहत शहर के प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में नगर निगम ने एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। नीलकंठ द्वार से महाकाल चौराहा तक करीब 400 मीटर लंबे मार्ग को 24 मीटर चौड़ा करने की योजना पर प्रारंभिक कार्रवाई शुरू हो गई है। करीब 11 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित इस सड़क विकास कार्य के दायरे में 127 भवन प्रभावित होंगे।

राज्य शासन से स्वीकृत राशि एवं सिंहस्थ मद के तहत प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के लिए नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर मार्ग की नपती और सड़क सीमा की मार्किंग का कार्य पूरा कर लिया है। मार्किंग के माध्यम से प्रस्तावित 24 मीटर सड़क की सीमा निर्धारित करने के साथ प्रभावित भवनों का भी चिन्हांकन किया गया है। नगर निगम द्वारा प्रभावित क्षेत्र और भवनों की स्थिति का परीक्षण किया जा रहा है। मौके पर की गई नपती और मार्किंग के आधार पर आवश्यक जानकारी संकलित की जा रही है। इसके बाद नियमानुसार संबंधित भवन मालिकों को नोटिस जारी किए जाएंगे। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर भवन निरीक्षक सौम्या चतुर्वेदी एवं निगम की टीम ने स्थल का निरीक्षण कर नपती और मार्किंग की कार्रवाई की। टीम द्वारा प्रस्तावित सड़क सीमा के अनुसार प्रभावित संपत्तियों से संबंधित आवश्यक विवरण भी जुटाया जा रहा है।

## बड़वानी के बोहरा युवक ने थामी कावड़



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

बड़वानी कॉलेज में कार्यरत दाऊदी बोहरा युवक सोहेल कापडिया पावन कावड़ यात्रा का हिस्सा बनकर हर वर्ष स्वयं को कृतार्थ महसूस करते हैं। सोहेल ने मोबाइल पर चर्चा करते हुए बताया कि सभी धर्म बहुत अच्छे और अलग अलग पूजा पद्धति द्वारा एक मालिक के समीप पहुंचने का साधन हैं।

रनिंग के जुनून ने बनाया पेसर

# अब उज्जैन में दौड़ेंगे विनोद पांडे

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

फिटनेस के जुनून और रनिंग के प्रति समर्पण ने भोपाल के रनर एवं साइक्लिस्ट विनोद पांडे को पेसर के रूप में अलग पहचान दिलाई है। अब वे महाकाल की नगरी उज्जैन में होने वाली रन में पेसर की भूमिका निभाते हुए प्रतिभागियों के साथ दौड़ते नजर आएंगे।

विनोद पांडे पिछले कई वर्षों से रनिंग और साइक्लिंग से जुड़े हुए हैं। उन्होंने विभिन्न प्रतिष्ठित रनिंग आयोजनों में पेसर की जिम्मेदारी निभाई है। इनमें रन भोपाल रन, एसबीआई ग्रीन



मैराथन, पंख मैराथन, एलएनसीटी भोपाल मैराथन और इंदौर हाफ मैराथन सहित कई प्रमुख आयोजन शामिल हैं।

**धावकों के हौसले का साथी होता है पेसर-** पेसर की भूमिका केवल तय समय के भीतर रेस पूरी करने तक सीमित नहीं होती। पेसर पूरे रूट में धावकों को निर्धारित गति बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है, उनका उत्साह बढ़ाता है और उन्हें अपने लक्ष्य तक पहुंचने का विश्वास दिलाता है। विनोद पांडे इसी जिम्मेदारी को पूरी ऊर्जा और जुनून के साथ निभाते हैं।







स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति के नारों से गूंजा शहर

# वाहन तिरंगा यात्रा में शान से लहराया तिरंगा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर**


80वें स्वतंत्रता दिवस पर शनिवार को बड़नगर देशभक्ति के रंग में डूबा रहा। शासकीय-अशासकीय कार्यालयों से लेकर विद्यालयों, अस्पतालों और नगर के प्रमुख चौराहों पर हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर नगर में भव्य वाहन तिरंगा यात्रा भी निकाली गई, जिसने पूरे माहौल को देशमय कर दिया।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को नगर से भव्य वाहन तिरंगा यात्रा विधायक जितेंद्र उदय सिंह पंड्या के अगुवाई में निकाली गई। सैकड़ों दुपहिया वाहनों पर तिरंगा लगाकर युवा, जनप्रतिनिधि और आमजन शामिल हुए। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी और जगह-जगह भारत माता की जय व वंदे मातरम के नारों से वातावरण गूंज उठा। यात्रा ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों में चार चांद लगा दिए।



### गांधी चौक पर मुख्य समारोह विधायक जितेंद्र उदयसिंह पण्ड्या ने किया ध्वजारोहण

गांधी चौक पर आयोजित मुख्य समारोह में विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या ने ध्वजारोहण किया और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। उन्होंने देश की एकता-अखंडता बनाए रखने और बड़नगर के विकास में सहभागिता का आह्वान किया। नगर पालिकाअध्यक्ष अभय टोंग्या ने उपाध्यक्ष अनीता सतीश वर्मा की उपस्थिति में झंडावंदन किया, जल यंत्रालय पानी की टंकी सभापति अजय दोराया, तहसील कार्यालय एसडीएम धीरेन्द्र पराशर, एसडीओपी कार्यालय एसडीओपी एम.एस. परमार, पुलिस थाना थाना प्रभारी कमलेश सिंगार, शासकीय अस्पताल डॉ. सुयश श्रीवास्तव, जनपद पंचायत अध्यक्ष निर्मला राठौर, कृषि उपज मंडी विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या, शिवाजी रोड भाजपा नगर अध्यक्ष नवीन राठौड़, कोर्ट तिराहा भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष महेश हारोड धानमंडी चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉ. अजय त्रिवेदी, कन्हैयाल मेहता विचार मंच पर सैफुद्दीन बादशाह, नयापुरा में शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस कुरैशी एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मधुसूदन भारद्वाज ने संयुक्त रूप से, पुराने बस स्टैंड पर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्रसिंह राजावत ने पत्रकारों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया।



सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | बुधवार 19 अगस्त, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### भोपाल के दुकानदारों को जल्द राहत नहीं, व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

भोपाल। भोपाल में रहवासी क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियों पर हो रही सीलिंग कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को बड़ी संख्या में व्यापारी सड़कों पर उतर आए। न्यू मार्केट से रोशनपुरा चौराहे तक रैली निकालकर व्यापारियों ने शक्ति प्रदर्शन किया। सड़क पर बैठकर नारेबाजी की और जन-गण-मन गाकर विरोध जताया। व्यापारियों की सबसे बड़ी मांग भोपाल में जल्द मास्टर प्लान लागू करने और मिश्रित भू-उपयोग की व्यवस्था करने की है। उनका कहना है कि शहर में 62 हजार से ज्यादा ऐसी संपत्तियां चिन्हित की गई हैं, जहां रहवासी क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं।

### सुरक्षित और जागरूक उपभोक्ता ही सशक्त उपभोक्ता

**भोपाल।** डिजिटल बाजार ने खरीदारी और भुगतान को जितना आसान बनाया है, उतना ही उपभोक्ताओं के सामने धोखाधड़ी, डेटा की गोपनीयता और शिकायतों के त्वरित समाधान जैसी नई चुनौतियां भी खड़ी की हैं। ऐसे दौर में उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार केवल जागरूकता का विषय नहीं, बल्कि उपभोक्ता सशक्तिकरण की अनिवार्य शर्त बन गया है। इसी बदलते परिदृश्य में मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने सोमवार को भोपाल में डिजिटल उपभोक्ताओं के अधिकारों, ऑनलाइन धोखाधड़ी और प्रभावी शिकायत निवारण पर विशेषज्ञों के साथ व्यापक मंथन किया। मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग की सहभागिता से आयोजित इस कार्यशाला में न्यायिक अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और साइबर विशेषज्ञों ने डिजिटल बाजार में उपभोक्ताओं के सामने उभर रही चुनौतियों और उनके समाधान पर विचार साझा किए।

### टेस्टिंग डिवीजन ने हासिल की राज्य स्तरीय सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन ट्रॉफी

**इंदौर।** एम.पी. ट्रांसको के शिवपुरी टेस्टिंग डिवीजन ने उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करते हुए राज्य स्तरीय सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन ट्रॉफी हासिल की है। यह सम्मान वर्ष 2025-26 के दौरान उत्कृष्ट कार्य निष्पादन, दक्षता, कार्यकुशलता एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किया गया है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश की विद्युत कंपनियों के मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में कार्यपालन अभियंता अजीत वर्मा ने शिवपुरी टेस्टिंग डिवीजन की ओर से यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया । पुरस्कार मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी एवं समारोह के विशेष अतिथि एम.पी. ट्रांसको के सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशक तथा ट्रांसमिशन क्षेत्र के विशेषज्ञ स्वराज शर्मा ने प्रदान की। शिवपुरी टेस्टिंग डिवीजन को यह उपलब्धि प्रदेश के 45 सभी ट्रांसमिशन टेस्टिंग डिवीजनों के बीच नियमित तकनीकी कार्यों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, सतत प्रशिक्षण, कार्यकुशलता एवं तकनीकी दक्षता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए प्राप्त हुई है।

### बेटमा क्षेत्र में बेलगाम खनन पर प्रशासन की चुप्पी



**इंदौर।** बेटमा, सेजवानी, रंगवासा, रावद एवं आसपास के क्षेत्रों में कथित रूप से जारी बेलगाम एवं अनियमित खनन को लेकर भारतीय किसान एवं मजदूर सेना ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर स्थिति देखी, जहां किसानों की जमीनों की सीमाओं तक गहरी खुदाई, खेतों को नुकसान, भारी धूल-प्रदूषण और खनन नियमों की अनदेखी के आरोप सामने आए। किसान नेता बबलू जाधव ने कहा कि खनन माफिया के सामने प्रशासन की चुप्पी अब संदेह पैदा करने लगी है। यदि खनन पूरी तरह वैध है तो प्रशासन सार्वजनिक रूप से बताए कि किस क्षेत्र में, कितनी गहराई तक और किन शर्तों के तहत खनन की अनुमति दी गई है। किसानों की जमीन, फसल, पर्यावरण और ग्रामीणों के स्वास्थ्य की कीमत पर किसी भी प्रकार का खनन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन तत्काल संयुक्त सीमांकन कराकर स्वीकृत खनन क्षेत्र, वास्तविक खनन क्षेत्र, निर्धारित गहराई, लीज की शर्तें, रॉयल्टी, पर्यावरणीय अनुमति तथा मौके की स्थिति की जांच कराए। कागजों में सब कुछ सही दिखाकर जमीन पर मनमानी करने वालों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। जाधव ने कहा कि खनन से लगातार उड़ रही धूल के कारण आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदूषण बढ़ रहा है। यदि प्रशासन को ग्रामीणों के स्वास्थ्य की चिंता है तो तत्काल प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर जांच कराई जाए।

## नैनो न्यूज

- **भोपाल स्टेशन पर दस लाख जुमार्ना-** सफाई और कचरा प्रबंधन में लापरवाही पर एमपीपीसीबी ने भोपाल रेलवे स्टेशन पर 10.06 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया।
- **मुरैना स्कूल में भंडारे पर जांच-** मुरैना के शासकीय स्कूल में कक्षा समय के दौरान भंडारा होने का वीडियो वायरल हुआ। अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कराई।
- **कुबेरेश्वर धाम में 13 महिलाएं हिरासत-** सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में पुलिस ने 13 संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लिया। सादे कपड़ों में जवान भी तैनात किए गए।
- **भोपाल में पेंटर की हत्या-** शराब पीने के दौरान दोस्तों ने पेंटर की बेरहमी से पिटाई की। सिर पत्थर से टकराने के बाद उसकी मौत हुई, चार गिरफ्तार।
- **नर्मदापुरम जेल पहुंचे टी राजा-** टी राजा ने नर्मदापुरम जेल में मॉब लिंचिंग मामले में सजा काट रहे बंदियों से मुलाकात की और जांच में चूक का आरोप लगाया।
- **खंडवा में सड़क हादसे में तीन मौतें-** नागपंचमी पर पूजा कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार खंडवा के हरसूद क्षेत्र में पेड़ से टकराई। हादसे में तीन लोगों की मौत हुई।
- **जबलपुर में रिश्वत लेते दो गिरफ्तार-** जबलपुर में बिजली कनेक्शन देने के बदले किसान से 12 हजार रुपए रिश्वत लेते सहायक अभियंता और लाइनमैन गिरफ्तार किए गए।

### उज्जैन एयरपोर्ट: अक्टूबर तक अधिग्रहण पूरा करने का लक्ष्य

# पर्यावरणीय मंजूरी के लिए जनसुनवाई 18 सितंबर को

## सरकार की जमीन एएआई को सौंपी, निजी जमीन की प्रक्रिया निर्णायक दौर में

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

उज्जैन में एयरपोर्ट बनाने की तैयारी कागजों से निकलकर जमीन अधिग्रहण की निर्णायक परीक्षा में पहुंच गई है। नरवर क्षेत्र में प्रस्तावित एयरपोर्ट के लिए पर्यावरणीय मंजूरी देने को जनसुनवाई 18 सितंबर को नरवर में होना है। इसके लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने तैयारी शुरू की है। कहा गया है कि प्रशासन प्रभावित जमीन मालिकों की आपत्ति और सुझाव पर इस दिन निर्णय लेगा। आपत्तियों को निराकृत कर अक्टूबर तक भूमि अधिग्रहण पूरा करने की कोशिश है। यानी एयरपोर्ट की समयसीमा में अब सबसे अहम कड़ी रनवे या टर्मिनल नहीं, बल्कि जमीन है। अधिग्रहण में देरी हुई तो निर्माण एजेंसी को साइट सौंपने और काम शुरू करने का समय लगातार घटता जाएगा।

### अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू की गई थी

प्रस्तावित एयरपोर्ट का कुल क्षेत्रफल 135.977 हेक्टेयर है। इसके लिए सरकारी जमीन भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआइ) को सौंपी जा चुकी है, जबकि निजी जमीन के अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। पहले चरण में करीब 111.87 हेक्टेयर यानी लगभग 276 एकड़ निजी जमीन के अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू की गई थी। दताना-मताना क्षेत्र के सर्वे नंबर 407, 408, 415, 419, 619, 627, 411, 405, 782, 830, 835 तथा नरवर क्षेत्र के सर्वे नंबर 11, 146, 147, 201, 227, 925 और 931 सहित जमीनें परियोजना के दायरे में आ रही हैं।

प्रशासन ने सोशल इम्पैक्ट असेसमेंट और प्रभावित पक्षों से संवाद की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई है। एयरपोर्ट विस्तार की तस्वीर केवल जमीन तक सीमित नहीं है। सरकार ने परियोजना के लिए 590 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया है। एएआइ ने निर्माण को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया है। पहले चरण में करीब 147.36 करोड़ रुपये से मौजूदा दताना-मताना हवाई पट्टी का कायाकल्प, नया 1800 मीटर रनवे, टैक्सी-वे, एप्रन, आइसोलेशन-वे, पेरिफेरल रोड और करीब 7.8 किलोमीटर आपरेशनल बाउंड्रीवॉल जैसी सुविधाएं विकसित की जानी हैं। लक्ष्य एटीआर-72 श्रेणी के विमानों के संचालन योग्य सुविधा तैयार करना है। दूसरे चरण में करीब 125 करोड़ रुपये से नया डोमेस्टिक टर्मिनल, एटीसी टावर, तकनीकी ब्लाक, फायर स्टेशन, पार्किंग, एप्रोच रोड और आधुनिक सुरक्षा-आइटी व्यवस्था विकसित की जानी है। निर्माण के साथ 10 वर्ष के रखरखाव का प्रावधान भी प्रस्ताव में शामिल है।

### सरकार के समक्ष ये चुनौती

सरकार के सामने अक्टूबर तक अधिग्रहण पूरा करने, मुआवजा और भूमि हस्तांतरण कराने के बाद निर्माण एजेंसी को साइट उपलब्ध कराने की चुनौती है। सिंहस्थ के दौरान देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं, वीआइपी आवागमन, धार्मिक पर्यटन और निवेश के लिहाज से एयरपोर्ट को बड़ी परियोजना माना जा रहा है। लेकिन फिलहाल परियोजना की घड़ी निर्माण स्थल पर नहीं, अधिग्रहण की फाइल पर चल रही है। अब जमीन मिली तो ही रनवे की उड़ान शुरू होगी। प्रस्तावित एयरपोर्ट को करीब 450 यात्रियों की क्षमता के अनुरूप विकसित किया जाना है। मौजूदा दताना-मताना एयरस्ट्रिप की सीमित क्षमता के मुकाबले यह विस्तार उज्जैन को नियमित व्यावसायिक उड़ानों के लिए अधिक सक्षम बनाएगा। परियोजना के लिए पर्यावरणीय मंजूरी भी अहम पड़ाव है।

## मप्र के 60 हजार शिक्षकों की बढ़ी मुश्किलें

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

मध्य प्रदेश के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में बच्चों को पढ़ाने वाले लगभग 60 हजार शिक्षकों को अब अपनी योग्यता साबित करने के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से गुजरना होगा।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने 'पात्रता परीक्षा 2026' के लिए नोटिफिकेशन और नियम पुस्तिका जारी कर दी है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 21 अगस्त से शुरू हो रही है, जबकि परीक्षा का आयोजन 12 अक्टूबर को किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितंबर 2025 को एक अहम आदेश जारी किया था, जिसके अनुपालन में यह पात्रता परीक्षा आयोजित की जा रही है। प्रदेश भर में प्राइमरी और मिडिल क्लास को पढ़ाने वाले 60 हजार से अधिक शिक्षकों को इस एग्जाम में बैठना अनिवार्य होगा। इस सूची में अकेले राजधानी भोपाल के करीब ढाई हजार शिक्षक शामिल हैं।

### मंदिर पर श्रद्धालुओं के लिए पीने का पानी और शौचालय भी नहीं, पार्किंग पड़ने लगी छोटी

# इंदौर की कुलदेवी का मंदिर अव्यवस्थाओं का शिकार

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर का लोकप्रिय बिजासन माता मंदिर अव्यवस्थाओं और अनदेखी की भेंट चढ़ता जा रहा है। बिजासन माता होलकर राजवंश के समय से शहर की कुलदेवी रही हैं। अब यहां की परेशानियों पर स्थानीय रहवासियों सहित मंदिर के पुजारियों और शहर के प्रबुद्धजनों की नाराजगी बढ़ती जा रही है। मंदिर बचाओ अभियान के तहत बिजासन सांस्कृतिक चेतना सेवा समिति का गठन किया गया है और यह समिति अब अपनी मांगों के लिए आंदोलन करने पर विचार कर रही है। समिति के सदस्यों का कहना है कि हम मंदिर की परेशानियों के विषय में जिम्मेदारों को कई बार अवगत करवा चुके हैं लेकिन अब थक चुके हैं।

जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारी तक हमारी सुन नहीं रहे हैं और अब हम आंदोलन करने के विषय में सोच रहे हैं।

समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र पोद्दार ने बताया कि राजवंश ने माता रानी के लिए 121 एकड़ जमीन आरक्षित की थी। समय के साथ अलग-अलग विभागों को जमीनें आवंटित होने से अब टेकड़ी पर सिर्फ 2 एकड़ जमीन ही बची है। इतनी कम जगह में यहां नवरात्र में लगने वाला मेला भी सिमटने लगा है। अगले साल से मेले पर भी संकट मंडरा रहा है। एयरपोर्ट के पास स्थित तिराहे से मंदिर तक वाहन या पैदल पहुंचने का सीधा मार्ग है। यह सड़क आगे चलकर धार रोड से मिलती है। अब यहां की जमीन एयरपोर्ट विस्तार के लिए आवंटित कर दी गई है।



### पक्का निर्माण करके प्राकृतिक तालाब की हत्या की

पुजारी अशोक वन गोस्वामी और रतन गोस्वामी ने बताया कि यह विश्व का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां माता के 9 स्वरूपों की प्रतिमाएं स्वयंभू प्रकट हैं। यहां एनजीटी के निर्देशों को ताक में रखकर मंदिर के तालाब पर 1.31 करोड़ की लागत से पक्का निर्माण कर प्राकृतिक स्वरूप को खत्म कर दिया गया। पहाड़ी पर तालाब को सीमेंट-कांक्रीट से ढक दिया गया। इससे बड़ी संख्या में यहां पर मछलियां मरने लगीं और अब तो यहां पर मछलियां बची ही नहीं हैं। तालाब में पानी आने का पूरा रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया जिससे धीरे-धीरे यह तालाब मरने लगा है। बाद में तालाब का काम भी अधूरा छोड़ दिया गया। पार्किंग की जमीन भी अब कम पड़ने लगी है।

### नाहर गुफा और भेरू बाबा मार्ग बंद


समिति संरक्षक विजय सिंह परिहार ने बताया कि मंदिर की स्थापना काल से भेरू बाबा का मंदिर एवं नाहर गुफा है। 2 साल पहले तक श्रद्धालु यहां जाते थे। अब बीएसएफ को जमीन आवंटित करने के बाद से वह मार्ग बंद कर दिया गया है। मजबूरी में मंदिर परिसर में भेरू बाबा की अन्य मूर्ति स्थापित करना पड़ी। पहले बच्चों को शेर की गुफा से गुजरना काफी रोमांचक लगता था।

### मूलभूत सुविधाएं भी नहीं

पुजारियों और समिति के सदस्यों ने बताया कि मंदिर परिसर में पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं हैं। रोज सैकड़ों श्रद्धालु देशभर से यहां पर आते हैं लेकिन उन्हें इन बुनियादी सुविधाओं के लिए भी परेशान होना पड़ता है। कचरा उठाने की भी समुचित व्यवस्था नहीं है।

## 15 अगस्त पर इन्दौर में 8 हजार 316 किलो सांची पेड़ा की बिक्री हुई

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सांची पेड़ा लोगों की पसंदीदा मिठाई बना रहा। इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ द्वारा 15 अगस्त को कुल 8,316 किलोग्राम सांची पेड़ा का विक्रय किया गया। झंडावंदन कार्यक्रमों के दौरान मिठाई वितरण के लिए शासकीय, अर्द्धशासकीय, विद्यालयों एवं विभिन्न संस्थानों में सांची पेड़ा की विशेष मांग रही।

इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण दूध एवं दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्तमान में संघ का प्रबंधन राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, आणंद के सहयोग से किया जा रहा है। सांची ब्रांड के विभिन्न दुग्ध उत्पादों के साथ पेड़ा भी उपभोक्ताओं के बीच अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ सांची पेड़ा सहित विभिन्न दुग्ध उत्पादों का निर्माण एवं विपणन करता है।

इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विशाल कुमार मिश्रा ने कहा, स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर सांची पेड़ा की बड़ी मात्रा में मांग यह दशार्ती है कि उपभोक्ताओं के बीच सांची ब्रांड के प्रति विश्वास लगातार मजबूत है। हमारा प्रयास है कि उपभोक्ताओं को स्वाद, गुणवत्ता और शुद्धता के मानकों पर खरे उतरने वाले दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराए जाएं। सांची पेड़ा का शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों में मिठाई के रूप में पसंद किया जाना हमारे लिए उत्साहजनक है। सांची पेड़ा उपभोक्ताओं के लिए 2 नग, 250 ग्राम, 500 ग्राम और 1.5 किलोग्राम की पैकिंग में उपलब्ध है। स्वतंत्रता दिवस पर हुई बिक्री ने सांची पेड़ा की लोकप्रियता और उपभोक्ताओं के भरोसे को एक बार फिर रेखांकित किया है।

### स्थल बना मलबे का ढेर, क्या निगम दे पाएगा जवाब

# इंदौर के नवलखा चौराहे से संत सुंदरदास की प्रतिमा गायब!

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**



नवलखा चौराहे स्थित संत सुंदरदास के प्रतिमा स्थल की हालत देखकर ऐसा लगता है मानो यहां विकास कार्य नहीं, बल्कि भूकंप आया हो। चारों ओर बिखरा मलबा, अस्त-व्यस्त परिसर और सबसे गंभीर बात-संत सुंदरदास की प्रतिमा ही गायब।

नगर निगम द्वारा शहर में कई प्रतिमा स्थलों का विकास और सौंदर्यीकरण किया गया है, लेकिन नवलखा का यह नजारा कई सवाल खड़े कर रहा है। विकास के नाम पर प्रतिमा स्थल को तहस-नहस कर दिया गया और प्रतिमा कहां गई, इसकी जानकारी तक समाज को नहीं है। सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर संत सुंदरदास की प्रतिमा गई कहां? प्रतिमा हटाने का निर्णय किसने लिया? उसे कहां रखा गया है? क्या प्रतिमा हटाने से पहले समाज के प्रतिनिधियों को सूचना दी गई थी? इन सवालों का जवाब नगर निगम प्रशासन को देना चाहिए। खंडेलवाल समाज के लोगों ने पूरे मामले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि संत सुंदरदास की प्रतिमा समाज की आस्था और गौरव से जुड़ी है। विकास कार्य के नाम पर प्रतिमा की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। समाजजनों ने मांग की है कि प्रतिमा को तत्काल खोजकर सम्मानपूर्वक पुनः स्थापित किया जाए, प्रतिमा स्थल की बदहाल स्थिति को सुधारा जाए और पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। कड़ी आपत्ति जताने वालों में विवेक खंडेलवाल, निर्भय खंडेलवाल, सौरभ खंडेलवाल, अतुल खंडेलवाल, विजय रावत, लालू खंडेलवाल, पप्पू खंडेलवाल एवं जिग्नेश खंडेलवाल शामिल हैं।

## लाड़ली लक्ष्मी-बहनों को मिलते रहेंगे रुपए, 5 साल की मंजूरी


**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना और लाड़ली लक्ष्मियों को सरकारी सहायता मिलती रहेगी। मंगलवार को कैबिनेट बैठक में इन दोनों योजनाओं को अगले 5 साल तक जारी रखने का फैसला लिया गया है। सरकार लाड़ली बहना योजना पर 1,14,365 करोड़ और लाड़ली लक्ष्मी योजना पर 16,326 करोड़ रुपए खर्च करेगी। कैबिनेट ने मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम में 35 नए पदों समेत 18 प्रस्तावों को मंजूरी भी दी है। निगम में पहले से स्वीकृत 7 पद 19 सितंबर 2026 के बाद अगले पांच साल तक बने रहेंगे। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने का प्रस्ताव भी मंजूर किया गया है। इसमें 60% केंद्र जबकि 40% राज्य का हिस्सा रहेगा। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा- लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की मौजूदा योजनाओं को भी अगले पांच साल तक जारी रखने की मंजूरी दी गई है।

### नदी में छलांग लगाकर महिला को बाहर निकाला

# डूबती हुई महिला को होमगार्ड सैनिक ने रामघाट पर बचाया

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**



श्रावण मास में भारी संख्या में लोग रामघाट पर स्नान कर रहे हैं। रामघाट पर आज सबेरे बाहर से आई श्रद्धालु मुस्कान पिता रतनलालजी उम्र 19 वर्ष तहसील खिलचीपुर जिला राजगढ़ की रहने वाली जो चौकी के सामने नहाते समय पानी की गहराई में चले जाने से डूबने लगी।

मौके पर वहां तैनात होमगार्ड सैनिक राजेंद्र डाबी ने महिला को डूबते हुए देखा तो तत्काल नदी में छलांग लगा दी। और पानी में डूब रही महिला को सकुशल सुरक्षित नदी से बाहर निकाल लिया। परिवारजनों और मौके पर मौजूद लोगों ने होमगार्ड सैनिक के इस बहादुरी पूर्ण कार्य की सराहना की। होमगार्ड एवं एसडीआरएफ के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट संतोष कुमार जाट ने बताया की नाग पंचमी एवं श्रावण मास में श्रद्धालुओं की अधिक संख्या को देखते हुए रामघाट समेत सभी प्रमुख घाटों पर आपदा बचाव उपकरणों के साथ 130 से अधिक होमगार्ड एवं एसडीआरएफ के तैराकों एवं गोताखोरों को तैनात किया गया है। रात्रि में भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में स्नान कर रहे हैं। इसलिए सुरक्षा के सभी चाकचौबंद बंदोबस्त किए गए हैं। होमगार्ड सैनिक ने बहादुरी और तत्परता दिखाते हुए डूब रही महिला को बचाया है, इसलिए उसे पुरस्कृत किया जावेगा।

# इंदौर में ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए कतार में 218 मरीज, नेटवर्क का होगा विस्तार

## 189 को किडनी और 29 को लीवर की जरूरत

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**



इंदौर में अंगदान को बढ़ावा देने के लिए नेटवर्क अब 13 से अधिक अस्पतालों तक बढ़ाया जाएगा। इसके साथ ही ब्रेन डेथ के संभावित मामलों में स्वजन की समय पर काउंसलिंग पर विशेष जोर दिया जाएगा। सोमवार को संभागायुक्त भास्कर लक्षकार की अध्यक्षता में हुई बैठक में इंदौर सोसायटी फॉर ऑर्गन डोनेशन ने यह निर्णय लिया। बैठक में बताया गया कि शहर में अभी 218 मरीज प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा में हैं। इनमें 189 मरीजों को किडनी और 29 मरीजों को लिवर ट्रांसप्लांट की जरूरत है। समय पर जानकारी नहीं देने वाले अस्पतालों को नोटिस जारी किए जाएंगे।

बैठक में जानकारी दी गई कि शहर में औसतन रोजाना पांच दुर्घटनाजनित मौतें होती हैं। ट्रॉमा और कार्डियक डेथ में मुख्य रूप से आंख और त्वचा ही दान की जा सकती है। ऐसे में ब्रेन डेथ के संभावित मामलों की जल्द पहचान कर स्वजन से प्रभावी संवाद और काउंसलिंग को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि जीवन रक्षक अंग समय रहते सुरक्षित किए जा सकें। सोसायटी की स्थापना 2013-14 में हुई थी। अब तक 1090 त्वचा दान और विभिन्न आई बैंक के माध्यम से करीब 17 हजार नेत्रदान कराए जा चुके हैं। दिसंबर 2025 तक इंदौर में 69 ग्रीन कारिडोर बनाए गए, जिनके जरिए 105 किडनी, 53 लिवर, 20 हार्ट और पांच फेफड़े जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचाए गए। बैठक में एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉक्टर अरविंद घनघोरिया, संभागीय चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पूर्णिमा गड़रिया, एमवाय अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर अशोक यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### डॉक्टरों की भी जिम्मेदारी होगी तय

सोसायटी में वालंटियर भर्ती कर उन्हें संवाद कौशल, राष्ट्रीय नोटो और सोटो की गाइडलाइन और काउंसलिंग प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जाएगा। ये वालंटियर अस्पतालों और सोटो के साथ समन्वय कर ब्रेन स्टेम डेथ के मरीजों के स्वजन की काउंसलिंग करेंगे। नामित अस्पतालों में ऐसे डॉक्टर नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं, जो अपने नियमित कार्य के साथ अंगदान-प्रत्यारोपण संबंधी कार्यों के लिए भी समय देंगे।

### 1090 त्वचा दान, 19 हजार नेत्रदान

**नेत्रदान** : 2012 से अब तक विभिन्न आई बैंकों के जरिए 19,000 नेत्रदान हो चुके हैं।

**त्वचा दान** : वर्ष 2012 से अब तक कुल 1,090 त्वचा दान दर्ज किए गए हैं।

**बैठक में ये अधिकारी और प्रतिनिधि रहे मौजूदः** डॉ. अरविंद घनघोरिया, डॉ. पूर्णिमा गडरिया, डॉ. अशोक यादव, सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल अधीक्षक डॉ. डीके शर्मा, पद्मश्री जनक पलटा, डॉ. मनीष पुरोहित, संदीपन आर्य, डॉ. अनिल भंडारी, इंदौर आई बैंक की उमा झंवर, डॉ. विवेक जोशी और डॉ. अंकुर गुप्ता।

### जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत

बैठक में मुस्कान ग्रुप के संदीपन आर्य ने बताया कि वर्ष 2026 में मध्य प्रदेश में अब तक कुल 6 अंगदान हुए हैं। इनमें से 3 अंगदान अकेले इंदौर सोसायटी फॉर ऑर्गन डोनेशन के माध्यम से संभव हो सके हैं। संभागायुक्त ने अंगदान और देहदान से जुड़े मौजूदा नियमों व प्रक्रियाओं की दोबारा समीक्षा करने और आम लोगों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया।

## न्यूज कालम



## विधिक साक्षरता शिविर में विद्यार्थियों को बताए मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य

**सनावद/बड़वाह।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति बड़वाह द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय क्रमांक-3 में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री अविनाश शर्मा तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री वंदना मालवीय उपस्थित रहीं। इस अवसर पर न्यायाधीश श्री अविनाश शर्मा ने विद्यालय का निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जा रहे मध्यान्ह भोजन की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई और शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में संवाद किया। शिविर के दौरान न्यायाधीश श्री शर्मा ने विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी ईमानदारी से पालन करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में समझाया तथा आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पैरालीगल वॉलिंटियर कु. प्राची सोनी, नाजिर प्रदीप पराशर, शिक्षक रामेश्वर चौबे एवं शिक्षिका साधना केथवाश सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को कानून एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

## श्री गुर्जर युवा संगठन के रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान




**सनावद।** सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाते हुए श्री गुर्जर युवा संगठन के तत्वावधान में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाज के युवाओं, प्रबुद्ध नागरिकों एवं सेवाभावी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। सुबह से ही शिविर स्थल पर रक्तदाताओं की आवाजाही बनी रही। शिविर का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन चिकित्सा तथा गंभीर बीमारियों से जूझ रहे जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। चिकित्सा टीम की देखरेख में रक्तदाताओं से सुरक्षित तरीके से रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का शुभारंभ समाज के गौरव कमिश्नर दिनेश फुलड़िया, संगठन अध्यक्ष अनिल चोपड़ा, सचिव सुरेंद्र बिरला, मोरी हॉस्पिटल संचालक डॉ. सुभाष मोरी एवं राकेश बिरला ने किया। इस दौरान किसान पुत्र विजय चौधरी, विष्णु पटेल, रवि पाटिल एवं कमलेश बिरला ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। शिविर में संगठन के राजेश चौधरी ने 17वीं बार रक्तदान कर युवाओं के लिए सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की प्रेरणादायक मिसाल पेश की। उनके इस सेवाभावी कार्य की उपस्थित लोगों ने सराहना की।

## आज मनाया जाएगा भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस

**सनावद।** जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस गुरुवार 19 अगस्त को मोक्ष सप्तमी के रूप में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर नगर के श्री दिगंबर पार्श्वनाथ बड़ा जैन मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सन्मति जैन काका ने बताया कि मोक्ष सप्तमी के अवसर पर गुरुवार सुबह 7 बजे भगवान श्रीजी का पंचामृत अभिषेक, शांतिधारा एवं संगीतमय पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात भगवान पार्श्वनाथ को एक मुख्य निर्वाण लाडू एवं 22 अन्य निर्वाण लाडू अर्पित किए जाएंगे। मुख्य निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य बोली के माध्यम से प्राप्त होगा, जबकि 22 अन्य निर्वाण लाडू चढ़ाने का अवसर समाजजनों को प्राप्त होगा। धार्मिक आयोजन को लेकर जैन समाज में उत्साह का वातावरण है। समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया गया है।

## नेमिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया



**बाग।** पुण्य स्पर्श चातुर्मास के अंतर्गत परम पूज्य साध्वी श्री ऋजुप्रिया श्रीजी म.सा., साध्वी श्री सोहमप्रिया श्रीजी म.सा. एवं साध्वी श्री देवमप्रिया श्रीजी म.सा. की पावन निश्रा में भगवान नेमिनाथ का जन्म कल्याणक श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। प्रातः 7.30 बजे भगवान नेमिनाथ का विभिन्न प्रकार के औषधीय द्रव्यों से युक्त जल, दूध, दही एवं पंचामृत से विधिविधानपूर्वक अभिषेक किया गया। इसके पश्चात भगवान की अष्टप्रकारी पूजा-अर्चना की गई। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं भक्ति का वातावरण रहा। अभिषेक एवं पूजा के बाद आयोजित व्याख्यान में साध्वीश्री ने भगवान नेमिनाथ के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके त्याग, वैराग्य, करुणा एवं आध्यात्मिक जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। साध्वीश्री ने भगवान के जीवन प्रसंगों के माध्यम से धर्म, संयम एवं आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। रात्रि में समाजजनों द्वारा भगवान नेमिनाथ के जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भक्ति गीतों एवं धार्मिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान की आराधना की। पूरे आयोजन में श्रद्धा, उल्लास एवं धार्मिक वातावरण बना रहा।

स्वच्छता पखवाड़े के तहत

# निदेशक वित्त डिक्सन ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

### नेपा लिमिटेड में अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया श्रमदान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर



भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नेपा लिमिटेड में 16 से 31 अगस्त तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत मंगलवार को प्रशासनिक भवन परिसर में स्वच्छता शपथ एवं सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नरेश सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व निदेशक वित्त पी.जे.एम. डिक्सन ने किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को सामूहिक शपथ दिलाते हुए कहा कि स्वच्छता केवल अभियान तक सीमित न रहे, बल्कि इसे दैनिक कार्यप्रणाली का हिस्सा बनाया जाए। स्वच्छ और व्यवस्थित कार्यस्थल से बेहतर कार्य वातावरण तैयार होता है तथा संस्थान की जिम्मेदारी भी मजबूत होती है।

शपथ के बाद अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रशासनिक भवन परिसर में सामूहिक श्रमदान किया। इस दौरान परिसर की साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी और सहभागिता का संदेश दिया गया।

**पखवाड़े भर चलेंगी विभिन्न गतिविधियां**

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत प्रशासनिक कार्यालय के साथ-साथ कारखाना परिसर स्थित विभिन्न विभागों में भी स्वच्छता संबंधी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

अनावश्यक एवं अनुपयोगी रद्दी, कचरा तथा अन्य अपशिष्ट सामग्री के पृथक्करण और उचित निस्तारण पर ध्यान दिया जा रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा ई-कचरे के समुचित प्रबंधन एवं सुरक्षित निस्तारण की दिशा में भी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पखवाड़े के दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सहभागिता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक वाणिज्य एवं कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, उप प्रबंधक वाणिज्य सुनील कुमार कुलथे, उप प्रबंधक सतर्कता विजेंद्र चौधरी, कंपनी सचिव धनन्जय शर्मा, राजेंद्र चौधरी, आभा महतो, अनिल कुमार अहीरे, देवीदास लोखंडे, शिरीष येलवनकर, मुकेश चौहान, सुरेश रघुवंशी, युवराज मोदी, मणिलाल पाटिल, मोहम्मद इलियास सिद्दीकी, पवन पवार, मीना श्रीवास्तव, गोविंदा महाजन, शिवनन्दन उमाले, पंकज सपकाले, राकेश चाकरे, पंकज गुर्जर, रवींद्र लोनारे सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## कमियां दूर नहीं करने पर नेपानगर का अमन अस्पताल सील

**बुरहानपुर, नेपानगर।** बुरहानपुर जिले के नेपानगर की साड़ा कॉलोनी स्थित अमन अस्पताल को सोमवार शाम स्वास्थ्य विभाग ने सील कर दिया। अस्पताल नगर पालिका के भवन में किराए पर संचालित हो रहा था। विभाग ने यह कार्रवाई दोबारा जांच के दौरान पहले बताई गई कमियों में सुधार नहीं मिलने पर की। मेडिकल ऑफिसर डॉ. नबील खान के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने १२ जुलाई को अस्पताल का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान कई कमियां सामने आई थीं। इन्हें दूर करने के लिए अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक निर्देश दिए गए थे। जांच के बाद अस्पताल प्रबंधन को नोटिस भी जारी किया गया था और कमियां दूर करने के लिए कहा गया था।सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल का दोबारा निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि पिछली जांच में सामने आई कमियों को अस्पताल प्रबंधन ने दूर नहीं किया था। कमियां बरकरार मिलने के बाद इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। अधिकारियों के निर्देश पर अस्पताल को सील करने की कार्रवाई की गई।

## गृहस्थ जीवन का वैभव त्याग मनोरमा जैन आज लेंगी जैनेश्वरी दीक्षा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



धर्मनगरी सनावद एक बार फिर त्याग, तप और संयम की गौरवशाली परंपरा का साक्षी बनने जा रही है। सांसारिक वैभव, गृहस्थ जीवन और मोह-माया का परित्याग कर सनावद की बहू मनोरमा जैन आज 19 अगस्त को राजस्थान के सीकर में जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण करेंगी। उनके इस निर्णय से सनावद सहित निमाड़-मालवा अंचल के जैन समाज में हर्ष और आध्यात्मिक उत्साह का वातावरण है।सन्मति काका ने बताया कि पिछले करीब छह दशकों में सनावद नगर के संपन्न और शिक्षित परिवारों के अनेक सदस्य सांसारिक जीवन की क्षणभंगुरता को समझते हुए त्याग और संयम के मार्ग पर अग्रसर हो चुके हैं। मनोरमा जैन इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सनावद नगर से जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण करने वाली 19वीं दिव्य विभूति होंगी। इससे पहले नगर के 18 श्रद्धालु गृहस्थ जीवन का त्याग कर मोक्षमार्ग की साधना में प्रवृत्त हो चुके हैं।

मनोरमा जैन, स्वर्गीय निर्मल कुमार जैन की धर्मपत्नी तथा दो प्रतिमाधारी श्राविका हैं। वे जैन जगत के पंचम पट्टाचार्य आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज के वरद हस्तों से श्रमण संस्कृति के त्याग, तप और संयम के पथ पर अग्रसर होकर शुभ मुहूर्त में जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण करेंगी।

## जापान से नेताजी के अस्थि कलश को लाकर ससम्मान सौंपे उनके परिजनों को

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

भारत सरकार से नेताजी सुभाष चंद्र बोस के अस्थि कलश को जापान से ससम्मान भारत लाकर नेताजी के परिजनों को सौपें जाने की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ मदनलाल गांगले ने बताया है 18 अगस्त 1945 को मात्र 48 साल की उम्र में जापान के फारमोसा द्वीप के ताईहोकु स्थान पर वायुयान दुर्घटना में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मृत्यु हुई थी ! मत्यु के पश्चात नेताजी सुभाष चंद्र बोस का अस्थि कलश ( भस्म पात्र ) जापान के होशू द्वीप के रेकोजी के बौद्ध मंदिर में सुरक्षित रखा हुआ है जिसकी पूजा अर्चना जापानियों द्वारा नियमित रूप से सुबह शाम की जाती हैं! आपने कहा है कि नेताजी के अनुयायियों ने कई बार भारत सरकार से अनुरोध किया है कि जिन्होंने भारत देश को आजादी दिलाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है ऐसे में नेताजी के अस्थि कलश को ससम्मान भारत लाया जाए दिल्ली में स्मारक बनाकर देश की जनता के लिए दर्शन हेतु रखकर नेताजी की यादों को सजाकर रखा जाए ताकि देशवासी उनकी देश भक्ति से शिक्षा ग्रहण कर सकें। लेकिन भारत सरकार 80 सालों के बाद भी नेताजी के अस्थि कलश को राजकीय सम्मान के साथ भारत नहीं ला सकीं है ! इसे विडंबना ही कहा जा सकता है।अगर भारत सरकार जापान से अस्थि कलश को भारत लाकर नेताजी के परिजनों को सौप तो सकती हैं। ताकि उनके परिजन और उनके अनुयायी नेताजी की अस्थियां और भस्म पंच तत्वों में विसर्जित करके उन्हें मोक्ष दिला सके।यहीं नेताजी के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



## सांदीपनी एकेडमी में विक्रम साराभाई स्पेस एग्जीबिशन का सफल समापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

सांदीपनी एकेडमी, मंडलेश्वर में स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर (इसरो), अहमदाबाद के सहयोग से राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय विक्रम साराभाई स्पेस एग्जीबिशन का 18 अगस्त को सफलतापूर्वक समापन हुआ।

17 एवं 18 अगस्त को आयोजित इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रदर्शनी के दौरान जिले के 40 से अधिक शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के 5 हजार से अधिक विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सहभागिता कर इसरो की अंतरिक्ष प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित विभिन्न गतिविधियों, कार्यशील मॉडलों एवं प्रदर्शनों के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।प्रदर्शनी में अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित वीडियो डॉक्यूमेंट्री, चलित प्रदर्शनी, रॉकेट प्रक्षेपण का प्रदर्शन तथा उपग्रह एवं रॉकेट के कार्यशील मॉडल विद्यार्थियों के लिए प्रमुख आकर्षण रहे।

# भारत विकास परिषद की प्रांतीय महिला संगोष्ठी में मातृ शक्तियों ने दिखाई एकता

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



भारत विकास परिषद की प्रांतीय महिला संगोष्ठी "समर्था" अष्टापद जैन तीर्थ पर सम्पन हुई। जिसमे में प्रान्त की लगभग 20 शाखाओं की 200 मात्रशक्तियो ने प्रतिभागिता की।

मुख्य अतिथि मानवाधिकार आयोग के अवधेश प्रताप सिंह ने कहा मानवाधिकार आयोग म.प्र. शासन भोपाल शामिल हुए। श्री सिंह ने अपने उदभोदन में संयुक्त परिवार की रहने व भारतीय संस्कृति को अपनाते हुए अपने जीवन मार्ग को प्रशस्त करने की बात कही। अतिथि राष्ट्रसंत मिथिलेश नागर, संदीपा मल्होत्रा, गवालियर, सोनाली जैन उपस्थित रहें।

सोनाली जैन ने कहा हमारी भारतीय जीवन प्रणाली एवं अन्य जीवन देशों की शैली पर रोशनी डालते हुए कहा कि हमारे भारत में रहने वालों की जीवन शैली बहुत ही सुद्रण व सुव्यवस्थित हैं। जिसे हमे ओर प्रगति से प्रशस्त करना चाहिए।

सचिव गोपाल सेठिया एवं कोषाध्यक्ष निलेश जोशी ने बताया कि प्रांतीय महिला संगोष्ठी "समर्था" का आयोजन गणेश वंदना व अतिथि द्वारा सरस्वती पूजन के साथ प्रारंभ हुआ।

इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम पोरवाल महासचिव विनोद कला कोषाध्यक्ष चिराग शाह शाखा पालक मनोज मेहता प्रांतीय महिला प्रमुख पूजा चित्तौड़ा सहित विभिन्न शाखों के पदाधिकारी मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत सम्मान संस्था अध्यक्ष शेखर नाहर, सचिव गोपाल सेठिया, कोषाध्यक्ष निलेश जोशी व संस्था सदस्यों द्वारा किया गया।

अन्य सभी अतिथियों का सम्मान जावरा शाखा के पदाधिकारियों द्वारा भारत विकास परिषद के प्रतीक चिन्ह प्रदान कर किया गया। ग्वालियर से पधारीं नेशनल प्रोजेक्ट मेंबर संदीपा जी मल्होत्रा ने अपने उदभोदन में महिला सशक्तिकरण एवं बच्चो की आती पीढ़ी जेन जी पर अपने विचार रखे। साथ ही सभी अतिथियों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये।



## ज्योतेश्वर महादेव का सजा रामेश्वरम स्वरूप, दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

**खरगोन।** श्रावण मास में भाले की भक्ति की बयार बह रही है। तीसरे सोमवार को ज्योति नगर स्थित ज्योतेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का रामेश्वरम स्वरूप में मनोहारी श्रृंगार किया गया। इस मनमोहक श्रृंगार को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। मंदिर समिति के अध्यक्ष इंजी. नीतिन मालवीय ने बताया कि श्रावण मास में भगवान ज्योतेश्वर महादेव के प्रत्येक सोमवार विशेष श्रृंगार किए जा रहे हैं। तीसरे सोमवार भगवान शिव का रामेश्वरम स्वरूप में श्रृंगार कर प्रभु श्रीराम और भगवान शिव की भक्ति के अद्भुत संबंध को दशार्या गया। इस विशेष श्रृंगार में रामायण के प्रसंग को आकर्षक रूप से प्रस्तुत किया गया। रेत से सजे परिसर के मध्य भगवान शिव का शिवलिंग स्थापित किया गया, वहीं पीछे प्रभु श्रीराम द्वारा भगवान शिव की आराधना करते हुए स्वरूप तथा भगवान हनुमान द्वारा पर्वत उठाए जाने का दृश्य श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। सामने जलधारा के बीच राम नाम अंकित शिलाओं से रामसेतु का मनोहारी दृश्य प्रस्तुत किया गया। समिति के मीडिया प्रभारी दिलीप सोनी ने बताया मान्यता के अनुसार, लंका जाने से पहले प्रभु श्रीराम ने भगवान शिव की पूजा.अर्चना की थी।

## सहायक आयुक्त ने किया छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण

**बड़वानी।** सहायक आयुक्त, जनजाति कार्य विभाग श्री रंजना सिंह द्वारा राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह सीनियर बालक छात्रावास, बड़वानी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास परिसर का जायजा लिया तथा छात्रों से संवाद कर उपलब्ध सुविधाओं का फीडबैक प्राप्त किया।सहायक आयुक्त ने छात्रावास में बच्चों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता को स्वयं परखा। बातचीत के दौरान छात्रों ने छात्रावास की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त ने छात्रों से संवाद स्थापित कर उनकी शैक्षणिक प्रगति की जानकारी ली एवं उनका करियर मार्गदर्शन किया। छात्रों एवं छात्रावास अधीक्षक द्वारा पेयजल समस्या के संबंध में अवगत कराया गया। अधीक्षक ने बताया कि नगर पालिका में 2 इंच नल कनेक्शन हेतु आवेदन दिया गया है। जिसके तहत पोर्टल पर राशि का डिमाण्ड भी जनरेट किया।

## जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने सुनीं 45 आवेदकों की समस्याएं

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

प्रति मंगलवार को जिला कलेक्टर कार्यालय बड़वानी में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने दूर-दराज से आए नागरिकों की शिकायतें सुनीं एवं संबंधित अधिकारियों को सभी आवेदनों पर समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंगलवार जनसुनवाई में कुल 45 आवेदन प्राप्त हुए।वृंदावन कॉलोनी के निवासियों ने आवेदन देकर बताया कि कॉलोनी में घनी आबादी और रिहायशी मकानों से सटकर बनाए जा रहे एक 4-मंजिला निजी अस्पताल के निर्माण पर गंभीर चिंता जताई है। उनका कहना है कि आवासीय क्षेत्र के बीच में अस्पताल बनने से एम्बुलेंस की आवाजाही, यातायात, पार्किंग, अत्यधिक शोर, आपातकालीन गतिविधियों तथा अग्नि सुरक्षा जैसी समस्याएं पैदा होंगी। इसके साथ ही, अस्पताल निर्माण की सामग्री और वाहनों को लाने-ले जाने के लिए कॉलोनी की सुरक्षा दीवार को तोड़ दिया गया है, जिससे रहवासियों की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो गया है। इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने तहसीलदार बड़वानी को स्थल का निरीक्षण कर भवन निर्माण अनुमति की जांच के निर्देश दिए। ग्राम कुकरा पंचायत भीलखेड़ा के रहवासियों द्वारा सीवरेज लाइन की अव्यवस्था और उससे उत्पन्न समस्याओं हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। गांव में सीवरेज लाइन बिछाने के दौरान कर्मचारियों द्वारा पेयजल के नल कनेक्शन और नालियां तोड़ दी गई थीं। वर्तमान में सीवरेज चेंबर पूरी तरह ओवर फ्लो होकर बह रहे हैं, जिससे गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है।

## तीन पीड़ित परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नीमच,।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, नीमच श्री पराग जैन द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र भाग-6(4) के प्रावधानों के तहत तीन पीड़ित परिवारों को कुल 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक पीड़ित परिवार को 4-4 लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। एसडीएम श्री जैन द्वारा स्कीम नंबर-8, नीमच निवासी अरशद पिता उमर फारूख की 3 जुलाई 2026 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस उमर फारूख पिता फकीर मोहम्मद को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार पिपलिया जागीर निवासी पूनमचंद पिता अमरचंद मीणा की 2 मई को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी एवं वारिस सुगणाबाई पति स्व. पूनमचंद मीणा को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।इसी क्रम में बच्चाखेड़ी निवासी लक्ष्मी पिता राकेश ओड की 8 जून को सर्पदंश से मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता दी।

## हितग्राहियों को दो माह का राशन मिलेगा

**बड़वानी।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को माह अगस्त एवं सितम्बर 2026 की राशन सामग्री का अग्रिम आवंटन एवं वितरण किया जायेगा। जिला आपूर्ति अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार हितग्राही 2 माह का एक मुश्त राशन 31 अगस्त तक राशन दुकान से ले सकते है। हितग्राहियों को योजनान्तर्गत मासिक गेहूं 35 किलोग्राम प्रति परिवार, चावल 5 किलोग्राम प्रति सदस्य तथा 1 किलो नमक प्रति परिवार दिया जायेगा।

## जिला न्यायालय नीमच में उल्लास-एक अभिनव प्रयोग का आयोजन

**नीमच।** माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर के निर्देशानुसार कर्मचारियों के स्वास्थ्य, क्षमता निर्माण एवं सर्वांगीण कल्याण के उद्देश्य से जिला न्यायालय नीमच में 15 अगस्त को उल्लास-एक अभिनव प्रयोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न्यायपालिका से जुड़े सभी घटकों के मध्य आपसी सौहार्द, टीम भावना, सकारात्मक कार्य वातावरण एवं संस्थागत सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र सिंह राजपूत तथा न्यायिक कर्मचारीगण श्री दशरथ आर्य एवं श्री मुकेश राठौर द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण तथा उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। नृत्य, सुगम गायन, नाट्य प्रस्तुति, रंगोली एवं चित्रकला सहित विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गईं। साथ ही 100 मीटर दौड़, नींबू-चम्मच रेस, कपल गेम्स, बॉल थ्रो सहित बच्चों एवं बड़ों के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं खेलकूद स्पधाएं हुईं।

**सार्वजनिक नोटिस**

छोटाउदेपुर-धार नई बीजी लाइन के संबंध में, 20.08.2026 को दिन के समय डीजल इंजन से गति परीक्षण की योजना बनाई गई है। सभी स्थानीय ग्रामीणों और आम जनता को रेलवे ट्रैक से दूर रहने की सूचना दी जाती है। स्थानीय जनता सहित सभी संबंधितों को डेकाकुंड-टांडा रोड के बीच रेलवे लाइन के पास जाने/अतिक्रमण करने से बचने और सामान्य रेलवे सुरक्षा नियमों का पालन करने की चेतावनी दी जाती है।
रेल - इंडियन रेलवे

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
0495
0495
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly हमें फालो करें : X.com/WesternRly

## न्यूज -कॉलम

### डूबती युवती को देख होमगार्ड सैनिक ने लगाई छलांग



**उज्जैन।** रामघाट पर मंगलवार सुबह क्षिप्रा नदी में डूबती युवती को होमगार्ड सैनिक राजेन्द्र डाबी ने देखा तो बचाने के लिये छलांग लगा दी। सैनिक ने कुछ देर में युवती को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। युवती मुस्कान पिता रतनलाल 19 साल निवासी खिलचीपुर राजगढ़ की रहने वाली थी। जो परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर उज्जैन आई थी और क्षिप्रा स्नान के लिये रामघाट पहुंची। उसे क्षिप्रा की गहराई का अंदेशा नहीं था, घाट पर पैर फिसलने वह गहरे पानी में चली गई थी। मुस्कान की जान बचने पर परिवार ने सैनिक की तत्परता की सराहना की और आभार माना। होमगार्ड/एसडीआरएफ डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट संतोष कुमार जाट ने बताया कि श्रावण माह के चलते प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु क्षिप्रा नहान के लिये पहुंच रहे है। जिनकी सुरक्षा व्यवस्था के लिये क्षिप्रा के घाटों पर 130 से अधिक सैनिकों की सुरक्षा उपकरणों के साथ तैनाती की गई, जो तीन शिफ्ट में लगाकर घाटो पर पेट्रोलिंग कर रहे है। सैनिक राजेन्द्र डाबी द्वारा खुद की जान की परवाह किये बिना युवती को बचाने का साहस दिखाया है। उसकी बहादूरी को देखते हुये पुरूस्कृत किया जायेगा।

### विवाद के बाद युवक ने खुद के हाथ की काटी नस

**उज्जैन।** हीरामिल की चाल में रहने वाला प्रकाश पिता रामदयाल जाटवा शराब पीने का आदी है। सोमवार रात नशे में गाली-गलौच कर रहा था। उसने पास में रहने वाले बच्चे को मार दिया था। बच्चे का पिता प्रवीण और मां पिंकी उसे समझाने पहुंचे तो प्रकाश ने उनके साथ भी गाली-गलौच करना शुरू कर दिया। प्रवीण ने उसे थप्पड़ मार दिये। कुछ देर बाद प्रकाश ने खुद ही अपने हाथ की कलाई कलाई काट ली। नस कटने पर तेजी से खून बहने लगा। परिजनों ने उसे देखा तो उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि प्रकाश दोना-पत्तल बनाने का काम करता है और शराब पीने का आदी है। नशे में उसने खुद के हाथ की नस काटी है। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा मामले की सूचना देवासगेट थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने बयान दर्ज कर जांच शुरू की है।

### उधार दिये रूपये मांगना युवक को पड़ गया भारी

**उज्जैन।** इंदिरानगर में रहने वाले इनायत पिता साबीर खान ने कुछ समय पहले दोस्त जितेन्द्र रायकवार निवासी निजातपुरा को रूपये उधार दिये थे। कई दिनों बाद जितेन्द्र सामाजिक न्याय परिसर में दिखाई दिया तो इनायत उससे उधार दिये एक हजार रूपये वापस मांगने पहुंच गया। नशे की हालत में जितेन्द्र ने रूपये देने से मना किया तो दोनों के बीच विवाद हो गया। जितेन्द्र ने हाथपाई के दौरान इनायत की उंगली दांत से काट ली और नुकुली चीज से वार कर भाग गया। घायल इनायत कुछ लोगों की मदद से चरक अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। देवासगेट पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर जितेन्द्र की तलाश शुरू की है।

### हिरासत में 7 महिला-पुरूषों से पूछताछ

**उज्जैन।** नागपंचमी के साथ सावन सोमवार पर निकली बाबा महाकाल की तीसरी सवारी के दौरान वारदात की नियत से आये 7 महिला-पुरूषों को महाकाल पुलिस ने हिरासत में लिया था। जिनसे पूछताछ जारी है। सोमवार को कई श्रद्धालुओं के मोबाइल, चेन, पर्स गायब हुये थे। 14 अगस्त की शाम से देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का ग्राफ बड़ना शुरू हो गया था। 17 अगस्त की सुबह तक धार्मिक नगरी में 15 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके थे। आस्था के सैलाब में बदमाश भी पहुंचे थे, जिन्होने श्रद्धालुओं की जेब से मोबाइल, पर्स और सोने की चेन गायब कर दी थी। सोमवार को नागपंचमी और सवारी के दौरान दर्जनों मोबाइल, पर्स के साथ चेन चोरी होना सामने आया था। पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लिया था, जिनसे पूछताछ की गई। इस दौरान इंदौर की पांच महिला और फिरोजाबाद के 2 पुरूष संदेह के घेरे में आये। जिनसे मंगलवार देर शाम तक पूछताछ जारी थी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 255-2 | 578-0 |
| मेन बाजार | 479-0 | 358-6 |
| कल्याण नाइट | 267-5 | 168-5 |
| मिलन डे | 360-9 | 240-6 |
| मिलन नाइट | 168-5 | 190-5 |
| मधुर डे | 350-8 | 377-7 |
| मधुर नाइट | 239-4 | 460-0 |
| शुभांक | 6 7 | 9 |

## मुरैना की गैंग से 7 चोरी की वारदातों का हुआ खुलासा....

# दिन में करते थे मजदूरी, रात को मकानों के तोड़ते थे ताले

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



नर्मदा परियोजना में बन रही पानी की टंकी पर मजदूरी के लिये आये मुरैना के बदमाश दिन में काम करते थे और रात को सूने मकानों के ताले तोड़ते थे। बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा तो चार थाना क्षेत्र में हुई सात चोरी की वारदातों का खुलासा हो गया।

भाटपचलाना क्षेत्र में एक माह के दौरान चार चोरी की वारदात हो गई थी। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान परिवारों के यहां हो रही चोरी में शामिल बदमाशों की धरपकड़ के लिये ग्रामीण एएसपी करणदीपसिंह ने अनुविभागीय अधिकारी आकांक्षा बेछोटे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी के नेतृत्व में टीम गठित की। ग्रामीण क्षेत्रों से प्रमुख मार्गो पर लगे 100 के लगभग सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। चार से पांच बदमाशों का बाइक पर मूवमेंट दिखाई दिया। टीम ने रूट ट्रेस कर पुलिस की टीम उन्हेल तक पहुंच गई। जहां किराये से मकान लेकर रहने वाले राहुल उर्फ बल्ली पिता सुरतराम कुशवाह 32 साल, अंकित पिता जीवाराम जाटव 26 साल, विजय पिता भगवानसिंह कुशवाह 30 साल, पन्नालाल पिता रामदास जाटव 36 साल और एंदलसिंह पिता मुंशी गुर्जर 44 साल निवासी नाका थाना माता बसैया मुरैना को पकड़ा गया। पांचों को पूछताछ के लिये भाटपचलाना लाया गया। जहां पूछताछ में पांचों नर्मदा परियोजना में बन रही पानी की टंकी पर मजदूरी करना बताने लगे। लेकिन कैमरों से मिले सुराग के आधार पर सख्ती से पूछताछ की गई तो पांचों ने दिन में मजदूरी और रात में ग्रामीण क्षेत्रों के सूने मकानों को निशाना बनाना कबूल कर लिया। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि बदमाशों से भाटपचलाना में हुई चार, नागदा, इंगोरिया और उन्हेल में हुई 1-1 चोरी की वारदातों का खुलासा हो गया। सात वारदातों का सुराग मिलने पर बदमाशों का रिमांड पर लिया गया और किराये के मकान में छुपाकर रखे गये 8.75 लाख के आभूषण, 1.52 लाख नगद और चोरी में प्रयुक्त एक लाख कीमत की 2 बाइक के साथ बदमाशों से ताला तोड़ने का बोल्ट कटर, टामी, सब्बल, पेचकस जप्त किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार मजदूरी के आड़ में शिवपुरी, मुरैना, ग्वालियर, पन्ना के साथ उज्जैन में करीब 15 चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुके है। बदमाशों में शामिल राहुल उर्फ बल्ली के खिलाफ 15, अंकित पर 7, विजय पर 8 और पन्नालाल के खिलाफ 8 अपराधिक मामले पूर्व में दर्ज होना सामने आये है। चोरियों का खुलासा होने पर इंगोरिया, नागदा और उन्हेल पुलिस बदमाशों की गिरफ्तारी के लिये भाटपचलाना पहुंच गई थी। भाटपचलाना पुलिस ने रिमांड खत्म होने पर बदमाशों को जेल भेजा है।

### सिकलीगरों ने तोडे थे नागदा में मकानों के ताले



नागदा पुलिस ने पिछले 8-9 माह के दौरान हुई 2 बड़ी चोरी की वारदातों में धार-खरगोन के तीन सिकलीगरों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि सितंबर 2025 में ग्राम मोहना के जगदीश और एक माह पहले सुनील नगर में रहने वाले आजाद के मकान में चोरी होना सामने आया था। वारदात के बाद फुटेज मिले थे। जिसके आधार पर बदमाशों का पता लगाया जा रहा है। सुराग मिलने पर धार के गंधवानी में रहने वाले दीपक पिता समंदरसिंह उर्फ लुलिया भाटिया, शिवराज पिता हरपालसिंह छाबड़ा और खरगोन के सिगनूर निवासी रतलाम पिता नहारसिंह को गिरफ्तार किया गया। तीनों सिकलीगर है और चाबी बनाने का काम करते है। इसी की आड़ में नागदा आकर दोनों मकानों में वारदात की थी। तीनों की निशानदेही पर 27.50 लाख के आभूषण, 70 हजार नगद और 50 हजार कीमत की बाइक बरामद की गई है। थाना प्रभारी गवरी के अनुसार लम्बी तलाश के बाद सिकलीगरों को गिरफ्तार करने में साइबर सेल एसआई प्रतीक यादव के साथ एएसआई अरविंद गणावा, प्रधान आरक्षक प्रकाश यादव, सुशील मिश्रा, विनोद माली और टीम की भूमिका रही।

## गगूल पर ऑनलाइन रैकी कर चोरी करते थे ब्रांडेड सिगरेट

### महेश्वरी एजेंसी में हुई वारदात का आज होगा खुलासा

**उज्जैन।** दशहरा मैदान स्थित महेश्वरी एजेंसी में हुई लाखों की ब्रांडेड सिगरेट चोरी को ऑनलाइन रैकी कर अंजाम दिया गया था। बदमाश मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात से लाखों की सिगरेट चोरी कर चुके थे। महेश्वरी एजेंसी के गोदाम में जून माह के दूसरे सप्ताह में हुई चोरी का आज खुलासा किया जायेगा।

बताया जा रहा है कि पिछले दिनों गुजरात वलसा? क्राइम टीम ने चैकिंग के दौरान किया सोनेट क्रमांक एमएच 12 डब्ल्यू झेड 1753 को रोका था। जिसमें अलग-अलग ब्रांड की सिगरेट के सैकडो पैकेट भरे होना सामने आये थे। कार में सवार 2 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो मामला ब्रांडेड सिगरेट चोरी का होना सामने आया। पुलिस ने कार के साथ सिगरेट, सवा लाख से अधिक नगद और पांच मोबाइल बरामद किये। दोनों ने कबूल किया कि वह सिगरेट चोरी करते है। अब तक मध्यप्रदेश के उज्जैन, महाराष्ट्र, गुजरात में वारदात कर चुके है। वलसाड पुलिस ने पांच चोरी का खुलासा किया। जिसमें उज्जैन के माधवनगर थाना क्षेत्र स्थित दशहरा मैदान महेश्वरी एजेंसी में हुई चोरी शामिल है। जानकारी सामने आई है कि दोनों बदमाश गगूल पर ऑनलाइन रैकी करते थे और सिगरेट के थोक व्यापारियों और आईटीसी एजेंसी के गोदाम को सर्च करते थे। जिसके बाद दिन में आकर रैकी करते थे और रात में वारदात कर फरार हो जाते थे। वारदात में चोरी की कार का उपयोग करते थे, कार चोरी करने के लिये वह सैकेंड हैंड कारों की दुकानों पर पहुंचते थे, जहां से पहले चाबी चोरी करते थे। वहीं कारो की नम्बर प्लेट भी चुरा लेते थे। गोदाम-एजेंसी में चोरी के बाद कार छोड़कर भाग निकलते थे।

## बाइक सवार परिवार को बस चालक ने कुचला

### दुर्घटना में पति की मौत, पत्नी-पुत्र घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बाइक सवार परिवार को मंगलवार शाम बस चालक ने कुचल दिया। दुर्घटना में पति-पत्नी और पुत्र गंभीर घायल हो गये थे, जिन्हे अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन पति की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बस चालक की तलाश जारी है।

माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि विक्रमनगर रिंगरोड पर कोठी की ओर आने वाले मार्ग पर शाम को बाइक सवार परिवार को तेजगति से दौड़ती बस ने कुचल दिया था। दुर्घटना के बाद चालक बस लेकर भाग निकला। बाइक सवार परिवार गंभीर घायल हो गया था, लोगों की मदद से उन्हे अस्पताल भेजा गया, सूचना मिलते ही पुलिस रिंगरोड पहुंच गई थी। अस्पताल पहुंचने के बाद सामने आया कि दुर्घटना में घायल सादिक पिता अफजल बेग निवासी नरवर की मौत हो चुकी थी। उसकी पत्नी सानाबी और पुत्र रेहान घायल है। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर मृतक का शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। बुधवार को पोस्टमार्टम कराया जायेगा। दुर्घटना की सूचना मिलने पर परिवार अस्पताल पहुंच गया था। मृतक की घायल पत्नी के बयान और परिजनों से पूछताछ के बाद सामने आ पायेगा कि तीनों कहां से कहां जा रहे थे। बस का नम्बर सामने आ चुका है। जिसके आधार पर चालक की तलाश जारी है।



#### इधर मक्सीरोड पर दुर्घटना में 2 की मौत

रात 10 बजे के लगभग पंवासा थाना क्षेत्र के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर और श्री सिंथेटिक्स चौराहा के बीच लोडिंग वाहन और बाइक में भि?त हो गई। दुर्घटना काफी भयावह थी, बाइक के परखच्चे उड़ गये, वहीं लोडिग वाहन भी आगे से क्षतिग्रस्त हो गया। बाइक पर सुरेश पिता मोहन दायमा 35 साल और गज्जू पिता बाबूदास बैरागी 31 साल निवासी पाटपाला सवार थे। दोनों गंभीर घायल हुये थे। उन्हे चरक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पंवासा थाना पुलिस घटनास्थल पहुंच गई थी। लोड़िग वाहन क्रमांक एमपी 42 जी 4199 छोड़कर चालक भाग निकला था। पुलिस ने नम्बर के आधार पर जांच कर रही है। मृतकों का बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

## पुलिस ड्यूटी में व्यस्त बदमाश कालोनियों में मस्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्वतंत्रता दिवस से नागपंचमी पर ड्युटी में व्यस्त पुलिस का फायदा बदमाशों ने उठाया। 2 दिनों में एक ही थाना क्षेत्र में तीन स्थानों पर नकबजनी हो गई। अब पुलिस जांच में लगी है, नकबजनी स्थलों से फीगंर प्रिंट लेकर कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है।

15 अगस्त राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर मुस्तैद हुई पुलिस 17 अगस्त को नागपंचमी के साथ सावन माह का तीसरा सोमवार होने पर बाबा महाकाल की सवारी में पहुंच रहे लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था में व्यस्त हो गई थी। नागपंचमी पर वर्ष में एक बार खुलने वाले नागचंद्रेश्वर मंदिर को लेकर 24 सौ से अधिक पुलिस अधिकारी और जवानों की 40 घंटे तक ड्युटी मंदिर क्षेत्र से लेकर मंदिर पहुंचने वाले मार्गो पर लगाई गई थी। जिले के थानों में पुलिसकर्मियों की संख्या काफी कम रह गई थी। इसी का फायदा बदमाशों ने उठाया और चिमनगंज थाना क्षेत्र की तिरूपति गोल्ड कालोनी के 2 मकानों और आगररोड स्थित एक कालोनी के मकान का ताला तोड़कर नकबजनी की वारदात को अंजाम दे दिया। तीनों मकान सूने थे, वहां रहने वाले परिवार बाहर गये थे। 2 दिन में हुई नकबजनी की वारदात के बाद ड्युटी से फ्री हुई पुलिस ने मामलों में संज्ञान लिया है। बदमाशों की तलाश में कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। बदमाशों का सुराग तलाशने के लिये फिगंर प्रिंट लिये गये है। बताया जा रहा है कि मकानों में रहने वाले परिवार लौट आये और नकबजनी में कितना सामान गया है इसका आकंलन भी किया जा रहा है। फिलहाल मामलों में प्रकरण दर्ज नहीं किये गये है।

### दताना हवाई पट्टी के पास पल्टी कार, 2 घायल

**उज्जैन।** देवास-उज्जैन मार्ग दताना हवाई पट्टी के पास सोमवार-मंगलवार रात कार पलटी खा गई। कार में सवार संदीप पिता बंशीलाल बोरीवाल और राहुल पिता बाबूलाल चौहान निवासी देवास घायल हो गये। घटनाक्रम की खबर मिलते ही नरवर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान सामने आया कि संदीप बोरीवाल की कार को तेजगति से आई कार ने पीछे से टक्कर मारी थी। जिसके चलते संदीप का संतुलन बिगड़ गया था और अनियंत्रित होने के बाद डिवाइडर से टकराकर पलटी है। पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया, वहीं संदीप के बयान दर्ज कर टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया। घटनाक्रम के बाद टक्कर मारने वाला चालक अपनी कार लेकर मौके से भाग निकला था।

### इमलीघाटी पर मिले युवक की 2 दिन बाद मौत

**उज्जैन।** महाकाल थाना क्षेत्र के इमलीघाटी से स्वतंत्रता दिवस पर एक युवक को बेहोशी की हालत में एम्बुलेंस चरक अस्पताल लेकर पहुंची थी। बीमारी के चलते बेहोश होने पर उसे उपचार के लिये भर्ती किया गया था। 2 दिन चले उपचार के बाद युवक की मंगलवार को मौत हो गई। महाकाल थाना एएसआई शंकरलाल कनौजिया ने बताया कि सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया गया। मृतक का नाम राजेश पिता जगदीश सामने आया। उसके परिजनों की तलाश करने पर सामने आया कि वह इमलीघाटी पर अकेला रहता था, उसकी पत्नी काफी समय पहले छो?कर चली गई थी। राजेश भिक्षावृति कर जीवन यापन कर रहा था। परिजनों की जानकारी नहीं मिलने पर पोस्टमार्टम के बाद शव दफना दिया गया है।

पश्चिम मध्य रेल

जन-सूचना विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रामगंजमण्डी से भोपाल नई बड़ी रेल लाईन निर्माण कार्य के अंतर्गत **ब्यावरा राजगढ़-सोनकच्छ** सेक्शन की कमीशनिंग के लिए रेल संरक्षा आयुक्त, मुंबई का निरीक्षण दिनांक 20.08.2026 एवं 21.08.2026 को सुबह 08:00 बजे से शाम को 07:00 बजे तक रखा गया है, जिसके तहत दिनांक 20.08.2026 एवं 21.08.2026 को **ब्यावरा राजगढ़-सोनकच्छ** सेक्शन में ट्रेनों का आवागमन त्वरित गति से होगा।

इस जन-सूचना के माध्यम से **ब्यावरा राजगढ़-सोनकच्छ** सेक्शन के आस-पास के सभी रहवासी जो नवनिर्मित ट्रैक के समीप रहते हैं, उनसे विनम्र अनुरोध है कि सुरक्षात्मक पहलुओं को ध्यान रखकर सतर्क, सजग एवं सावधान रहें जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

उप-मुख्य अभियंता/निर्माण-III/भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## महाकाल की तीसरी सवारी में छाई चैतन्य भैरव नारी शक्ति नासिक ढोल ताशा पार्टी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



महाकालेश्वर भगवान की तीसरी श्रावण-भादौ सवारी में चैतन्य भैरव नारी शक्ति नासिक ढोल ताशा पार्टी की बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। पारंपरिक सनातन वेशभूषा में सजी बालिकाओं ने उत्कृष्ट वादन कर सवारी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके ढोल की थाप पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। पूजा बिटिया और बालिकाओं ने तारीफ के लायक काम किया है।

बालिकाओं को यह प्रशिक्षण प्रशिक्षक पूजा बिटिया द्वारा दिया गया है। सोमवार सुबह 9:30 बजे मंगलनाथ से बालिकाओं ने भारत माता मंदिर तक कंधे पर भारी ढोल उठाकर लंबा सफर तय किया। सवारी समाप्त होने के बाद भी टीम का उत्साह कम नहीं हुआ और उन्होंने वापस रामघाट तक कंधे पर ढोल उठाकर ही सफर पूरा किया। बालिकाओं के इस साहसिक कार्य और उत्कृष्ट प्रदर्शन की शहर में जमकर सराहना हो रही है।

तेलीवाड़ा स्थित भेरू महाराज मंदिर की चेतन भैरव मित्र मंडली , जो कि सालों से महाकाल की सवारी में शामिल होती है, ने इन बालिकाओं और प्रशिक्षक का उत्साहवर्धन किया। मंडली के राकेश तिवारी, बसंत परिहार और दादा राणा सिंह ने प्रशिक्षक पूजा बिटिया को आशीर्वाद देते हुए कहा कि इसी तरह सनातन धर्म के लिए युवतियों को तैयार करती रहें। राकेश तिवारी ने कहा कि आज के समय में पढ़ाई के साथ-साथ बेटियों को शस्त्र विद्या भी आनी चाहिए, ताकि हर बेटी आत्मनिर्भर बन सके। चेतन भैरव मित्र मंडली ने टीम के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**आत्मरक्षा के साथ वाद्य यंत्रों का दे रहीं प्रशिक्षण-** प्रशिक्षक पूजा बिटिया मंगलनाथ पर बालिकाओं को नियमित रूप से नासिक ढोल, झांझ और डमरू का प्रशिक्षण देती हैं। इसके साथ ही वे एक्सीलेंट डिफेंस मार्शल आर्ट एकेडमी और नारी शक्ति बाल शारदा व्यायामशाला समिति के माध्यम से बेटियों को आत्मरक्षा के गुर भी सिखा रही हैं। यहां बालिकाओं को लाठी, तलवार, कराटे और मिक्स्ड मार्शल आर्ट जैसी शस्त्र विद्या का प्रशिक्षण देकर उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है।

पश्चिम रेलवे द्वारा विशेष ट्रेनों के फेरे बढ़ाए जाएंगे

| ट्रेन नं. | से | तक | चलने का दिन | विस्तारित तिथि तक |
|---|---|---|---|---|
| 04176 | दादर | सूबेदारगंज | मंगलवार | 29.09.2026 |
| 04175 | सूबेदारगंज | दादर | रविवार | 27.09.2026 |
| 04140 | दादर | प्रयागराज | रविवार | 27.09.2026 |
| 04139 | प्रयागराज | दादर | शुक्रवार | 25.09.2026 |
| 02200 | बांद्रा टर्मिनस | बारागगनव लक्ष्ममीबराई झांसी | शनिवार | 26.09.2026 |
| 02199 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | बांद्रा टर्मिनस | गुरूवार | 24.09.2026 |
| 04120 | वलसाड | सूबेदारगंज | रविवार | 27.09.2026 |
| 04119 | सूबेदारगंज | वलसाड | शनिवार | 26.09.2026 |
| 04178 | वलसाड | सूबेदारगंज | बुधवार | 30.09.2026 |
| 04177 | सूबेदारगंज | वलसाड | मंगलवार | 29.09.2026 |
| 01908 | उधना | आगरा कैंट | बुधवार | 30.09.2026 |
| 01907 | आगरा कैंट | उधना | मंगलवार | 29.09.2026 |
| 04106 | उधना | प्रयागराज | शुक्रवार, सोमवार | 28.09.2026 |
| 04105 | प्रयागराज | उधना | गुरूवार, रविवार | 27.09.2026 |
| 04156 | उधना | सूबेदारगंज | मंगलवार, शुक्रवार | 18.09.2026 |
| 04155 | सूबेदारगंज | उधना | सोमवार, गुरूवार | 17.09.2026 |

ठहराव, हॉल्ट के समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं।

ट्रेन संख्या 04176, 04140, 02200, 04120, 04178, 01908, 04106 और 04156 के विस्तारित ट्रिप के लिए बुकिंग 19.08.2026 को सभी पीआरएस काउंटरों और IRCTC वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेनें विशेष किराये पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
Like us & Follow us on
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

सभी आरक्षित टिकटों के लिए कृपया मूल आईडी प्रमाण साथ रखें।

# मन बिखर न पाए



मनोविज्ञान की दृष्टि से देखें, तो हमारे मन में दो पक्ष होते हैं–विषय और विषय का ज्ञाता। जो कुछ हम देखते, सुनते या अनुभव करते हैं, वह हमारे लिए विषय है; और जो उसे देखता, समझता और जानता है, वह हमारा ज्ञाता है। सरल शब्दों में कहें, तो वस्तु जानी जाती है और मन उसे जानता है।

इसे एक उदाहरण से समझिए। सांप मेंढक को देखता है। यहां सांप विषय है और मेंढक उसके लिए वस्तु। मेंढक मच्छर को देखता है, इसलिए मेंढक विषय और मच्छर वस्तु है। मच्छर ओस की बूंद को देखता है, तो मच्छर विषय और ओस की बूंद वस्तु बन जाती है, पर क्या सांप को पता है कि कोई मोर उसे देख रहा है और क्या मोर को मालूम है कि शिकारी उस पर नजर रखे हुए है? यहां शिकारी विषय है और मोर उसका विषय।

हम सामान्यत: विषय को देखते हैं, लेकिन उस देखने वाले को नहीं देखते। हम दुनिया को देखते रहते हैं, पर इसे देखने वाला मन स्वयं हमारी दृष्टि से ओझल रहता है। यदि मनुष्य अपने भीतर के इस ह्यज्ञाताह्न को देखने और समझने का प्रयास करे, तो उसके जीवन में अधिक स्पष्टता और संतुलन आ सकता है। दार्शनिक दृष्टि से कहा गया है कि संसार की समस्त वस्तुएं एक विराट मानसिक सत्ता के भीतर हैं, अर्थात जो कुछ हम संसार में देखते हैं, वे सभी उस परम चेतना के लिए ह्यविषयह्न हैं। हम किसी वस्तु को जानते हैं, लेकिन स्वयं हमारे अस्तित्व को किसी उच्चतर चेतना द्वारा जाना जा रहा है। इस प्रकार व्यक्तिगत चेतना और परम चेतना के बीच भी ज्ञाता और ज्ञेय का संबंध माना जाता है। अब इसे रोजमर्रा के जीवन से जोड़कर देखें। मान लीजिए, एक विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। उसे किताब पढ़ते समय बार–बार यह चिंता सताती है– ह्यअगर मैं असफल हुआ, तो माता–पिता क्या कहेंगे? मुझे फिर से उसी कक्षा में पढ़ना पड़ेगा। छोटे बच्चे मेरा मजाक उड़ाएंगे। समाज में मेरी प्रतिष्ठा कम हो जाएगी।ह्न ये विचार अपने आप में असामान्य नहीं हैं। समस्या तब पैदा होती है, जब पढ़ाई के समय मन का एक हिस्सा पाठ समझने में लगा हो और दूसरा असफलता की कल्पना में। मन की शक्ति दो दिशाओं में बंट जाती है। परिणाम यह होता है कि न तो पढ़ाई पूरी तरह हो पाती है और न ही चिंता समाप्त होती है।

जीवन के हर क्षेत्र में सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि हम अपने मन को बिखरने से कितना बचा पाते हैं। जब मन वर्तमान कार्य में पूरी तरह उपस्थित होता है, तब ज्ञान अधिक गहराई से भीतर उतरता है। जब मन स्वयं को भी देखने लगता है, तब ज्ञान केवल बाहरी दुनिया को समझने का साधन नहीं रहता, वह स्वयं को समझने का मार्ग भी बन जाता है।



## सम्पादकीय

## भाजपा की नई टीम

भारतीय जनता पार्टी ने अपनी नई सांगठनिक टीम का ऐलान कर दिया है। हालांकि, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को अपनी नई टीम बनाने में छह महीने से ज्यादा वक्त लगा, पर अब जो टीम सामने आई है, वह समग्रता में जरूरी सियासी पैमानों पर संतुलित नजर आती है। जाति, जनजाति, वर्ग, क्षेत्र, लिंग का बेहतर समन्वय नई टीम में दिख रहा है। भाजपा अध्यक्ष युवा नेता हैं और वह आगामी चुनावों को लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ते दिख रहे हैं। पांच बार विधायक रहे और अब राज्यसभा सांसद नितिन नवीन ने सोच-विचारकर जो टीम बनाई है, उसकी विवेचना अलग-अलग ढंग से हो सकती है। बहरहाल, टीम में कुछ नाम चमकदार हैं, तो अनेक नाम पार्श्व में रहकर काम करते रहे हैं। टीम बनाते समय अनुभव, समीकरण और वर्तमान छवि को ध्यान में रखा गया है। पुरानी टीम में भी जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेता थे और उस टीम से करीब एक चौथाई नेता नई टीम में लिए गए हैं। कुल मिलाकर, जो टीम बनाई गई है, वह मुस्तैदी से काम करे, तो इन दिनों कुछ मुद्दों पर घिरती दिख रही भाजपा को बल मिलेगा।

नई टीम में सबसे बड़ी खूबी यह कि 12 महिलाओं को पदाधिकारी बनाया गया है। इनमें सर्वाधिक परिचित-चर्चित नाम वसुंधरा राजे सिंधिया और स्मृति ईरानी का है। पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्र में मंत्री रह चुकी वसुंधरा राजे को उपाध्यक्ष बनाया गया है, तो पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को राष्ट्रीय महासचिव। दोनों ही नेताओं को जमीनी राजनीति और सरकार में रहने का अनुभव है, दोनों को मुखरता के लिए जाना जाता है। कोई दोराय नहीं कि आज भाजपा नेतृत्व में मुखर महिला नेताओं की जरूरत है। नई टीम का गठन करते हुए भाजपा ने सामाजिक इंजीनियरिंग के हिसाब से काम किया है। विचारवान भाजपा नेता राम माधव को उपाध्यक्ष बनाया गया है, तो त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को फिर एक बार कोषाध्यक्ष नियुक्त करने के अपने मायने हैं, तो सांसद अनिल बलूनी के पास मीडिया प्रभार बरकरार रखा गया है। एक बड़ा बदलाव भाजपा आईटी सेल के मुखिया अमित मालवीय की विदाई है। वह साल 2015 से ही आईटी सेल संभाल रहे थे। बदलती जरूरतों के मुताबिक अब यह अहम काम नई टीम के हवाले किया गया है, तो आने वाले दिनों में भाजपा की आईटी नीतियों-रणनीतियों में बड़े बदलाव और ताजगी की संभावना है।

### राष्ट्रीय त्योहार पर

# असहमति पर विरोध की मर्यादा का पालन करें



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

राष्ट्रीय त्योहार किसी भी देश के लिए केवल औपचारिक आयोजन नहीं होते, बल्कि वे नागरिक भावनाओं, सामूहिक स्मृति और राज्य की संवैधानिक गरिमा के प्रतीक भी होते हैं। ऐसे अवसरों पर यदि कोई समूह अपनी बात रखता है, तो उसे केवल भावनात्मक नजरिए से नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों की दृष्टि से भी देखा जाना चाहिए। परंतु यह भी उतना ही सत्य है कि विरोध का अधिकार असीमित नहीं होता। जब विरोध हिंसा, पथराव, बाधा, अपमान या सार्वजनिक अव्यवस्था का रूप ले लेता है, तब वह लोकतांत्रिक असहमति की सीमा से बाहर चला जाता है। इसी संतुलन को समझना आज सबसे जरूरी है।



भारत जैसे बहुलतावादी समाज में असहमति कोई अपवाद नहीं, बल्कि लोकतंत्र का स्वाभाविक अंग है। किसान आंदोलन हों, छात्र आंदोलनों की आवाज हो, श्रमिकों की मांगें हों या किसी स्थानीय हत्याकांड और प्रशासनिक उपेक्षा के विरुद्ध जनाक्रोश–इन सबका एक सामाजिक-राजनीतिक संदर्भ होता है। यह मान लेना कि हर विरोध राष्ट्र-विरोधी मानसिकता का परिणाम है, एक खतरनाक सरलीकरण होगा। लोकतंत्र में नागरिक इसलिए सवाल उठाते हैं क्योंकि वे व्यवस्था से संबंध बनाए रखना चाहते हैं, उसे तोड़ना नहीं। यदि व्यवस्था समय पर जवाब दे, न्याय दे और संवाद बनाए रखे, तो विरोध टकराव में बदलने से पहले ही शांत किया जा सकता है।

इसी के साथ यह भी सच है कि राष्ट्रीय पर्वों के दिन विरोध का तरीका और स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। स्वतंत्रता दिवस या गणतंत्र दिवस केवल सरकार के आयोजन नहीं, बल्कि देश की सामूहिक पहचान के अवसर हैं। यदि किसी आंदोलन की मांग वास्तविक है, तो उसे व्यक्त करने का अधिकार होना चाहिए; लेकिन यदि वह प्रदर्शन ऐसे समय और ऐसे ढंग से किया जाए जिससे सार्वजनिक समारोह बाधित हो, सुरक्षा खतरे में पड़े और शांति भंग हो, तो वह अपनी नैतिक वैधता खोने लगता है। लोकतंत्र केवल अधिकारों का नहीं, जिम्मेदारियों का भी ढांचा है। अधिकार की रक्षा तभी टिकाऊ होती है जब वह मयार्दा के साथ प्रयोग किया जाए।

यहां प्रशासन की भूमिका भी निर्णायक बनती है। राज्य का पहला कर्तव्य कानून-व्यवस्था बनाए रखना है, लेकिन केवल बल प्रयोग कानून-व्यवस्था नहीं होता। यदि किसी क्षेत्र में लंबे समय से असंतोष है–जैसे किसी हत्याकांड की जांच, ग्रामीण इलाकों की उपेक्षा, किसानों की शिकायतें या स्थानीय समुदायों का अविश्वास–तो प्रशासन को पहले से संवाद करना चाहिए। बड़ी रैलियों, सरकारी समारोहों और संवेदनशील दिनों के लिए पूर्व-समन्वय, वार्ता, और वैकल्पिक प्रदर्शन-स्थल जैसी व्यवस्थाएं तनाव घटा सकती हैं। जब प्रशासन केवल अंतिम क्षण में सख्ती दिखाता है, तो कई बार स्थिति और बिगड़ जाती है। इसलिए शासन का लक्ष्य केवल भीड़ हटाना नहीं, भरोसा बहाल करना होना चाहिए।

विरोध का स्वरूप भी बहुत कुछ तय करता है। शांतिपूर्ण धरना, ज्ञापन, पदयात्रा, प्रतीकात्मक प्रदर्शन या मीडिया-संवाद लोकतांत्रिक दबाव के स्वीकृत तरीके हैं। लेकिन पथराव, तोड़फोड़, लाठीचार्ज की स्थिति पैदा करना या वाहन-आवागमन रोकना भीड़ को नागरिक नहीं रहने देता। ऐसे व्यवहार का बचाव नहीं किया जा सकता, चाहे उसके पीछे कितना भी वैध आक्रोश क्यों न हो। साथ ही, विरोधकारियों को भी यह समझना चाहिए कि जब वे सार्वजनिक सम्मान के मंच को निशाना बनाते हैं, तो वे अपनी मांगों के प्रति सहानुभूति को कमजोर करते हैं। मुद्दा जितना गंभीर होगा, तरीका उतना ही संयमित होना चाहिए।

दूसरी ओर, केवल विरोधकारियों को दोष देना भी उचित नहीं होगा। यदि जनता में बार-बार यह भावना बने कि उसकी शिकायतें अनसुनी हैं, कि न्याय में देरी है, कि स्थानीय प्रशासन सत्ता के संरक्षण में काम कर रहा है, तो आक्रोश स्वाभाविक है। लोकतंत्र में असंतोष का उभरना असफलता का प्रमाण नहीं, बल्कि सुधार की सूचना है। समस्या तब पैदा होती है जब शासन संस्थाएं इस संकेत को सुनने के बजाय उसे दमन का विषय बना देती हैं। इससे सामाजिक दूरी बढ़ती है और हर अगला विरोध अधिक तीखा होने लगता है। इसलिए राज्य को चाहिए कि वह केवल कानून के कठोर चेहरे के साथ नहीं, संवाद के मानवीय चेहरे के साथ भी उपस्थित हो।

राष्ट्रीय त्योहारों पर विरोध को देश-विरोधी कह देना राजनीतिक रूप से सुविधाजनक हो सकता है, लेकिन लोकतांत्रिक दृष्टि से यह अक्सर हानिकारक होता है। यह शब्दावली समाज को दो खांचों में बांटती है–एक ओर देशभक्त, दूसरी ओर देशद्रोही–जबकि वास्तविकता इससे कहीं अधिक जटिल होती है। कई बार असहमति देश के प्रति प्रेम से ही जन्म लेती है। नागरिक यह मानता है कि व्यवस्था सुधर सकती है, इसलिए वह विरोध करता है। यही लोकतंत्र की शक्ति है। लेकिन इस शक्ति की विश्वसनीयता तभी बनी रहती है जब विरोध करने वाला पक्ष अपनी मर्यादा बनाए रखे और सत्ता पक्ष अपनी सहनशीलता।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम विरोध और राष्ट्रभावना को एक-दूसरे का विरोधी न मानें। राष्ट्रभावना का अर्थ केवल झंडा फहराना, नारे लगाना या प्रतीकों का सम्मान करना नहीं है। उसका गहरा अर्थ है–न्याय, समता, अनुशासन, पारदर्शिता और संवैधानिक आचरण। यदि कोई नागरिक किसी स्थानीय अन्याय के खिलाफ आवाज उठाता है, तो उसे सुनना राष्ट्र-निर्माण का हिस्सा है। लेकिन यदि वह आवाज सार्वजनिक व्यवस्था को चोट पहुंचाती है, तो उसे भी स्वीकार नहीं किया जा सकता। राष्ट्र की गरिमा और नागरिक अधिकारों के बीच यही संतुलन लोकतंत्र की असली कसौटी है। इसलिए, राष्ट्रीय त्योहार पर विरोध का प्रश्न केवल भावनाओं का नहीं, शासन-प्रणाली की परिपक्वता का भी है। परिपक्व राज्य वह है जो असहमति से डरता नहीं, बल्कि उसे नियमों और संवाद के भीतर स्थान देता है। परिपक्व नागरिक वह है जो अपने हक के लिए खड़ा होता है, लेकिन देश की सामूहिक गरिमा को चोट नहीं पहुंचाता। और परिपक्व समाज वह है जो न हर विरोध को देश-विरोधी मानता है, न हर राष्ट्रीय प्रतीक-रक्षा को आलोचना से परे समझता है। यही संतुलन भारत के लोकतंत्र को मजबूत करेगा। यही संतुलन टकराव को संवाद में बदलेगा।

## आकाश...वाणी

कसबे के रामपुर गाँव की पुरानी चौपाल पर बरगद की विशाल डाल से टँगा वह मटमैला लकड़ी का रेडियो पूरे इलाके के लिए एक पहेली बना हुआ था। उसकी घुंडियाँ घिसकर काली पड़ चुकी थीं और उसके कपड़े की जाली जगह जगह से उधड़ चुकी थी। वैसे भी हमारे देश में पवित्रता वहीं होती है जहाँ गंदगी और जीर्णता का साम्राज्य हो। गाँव का हर इंसान जब शाम को वहाँ से गुजरता तो उस खामोश डिब्बे को देखकर अपना सिर झुका लेता था। भारत में खामोशी को अक्सर बुद्धिमत्ता मान लिया जाता है चाहे वह रेडियो की हो या किसी राजनेता की। उस चौपाल के नीचे लकड़ी के तख्त पर जगदीश काका रोज शाम छह बजे आकर बैठ जाते थे। सफेद खद्दर का धोती कुर्ता पहने और अपने दुबले कांपते हाथों में एक पुराना गमछा थामे काका सबसे पहले उस रेडियो के धूल भरे डिब्बे को पोंछते थे। छह बजते ही वे बड़े जतन से उसकी घुंडी को गोल गोल घुमाते और अपना कान रेडियो की जाली के पास ले जाकर बड़े ध्यान से कुछ सुनने की कोशिश करते थे। सालों से यही दिनचर्या चली आ रही थी पर उस लकड़ी के खोखे से कभी कोई आवाज नहीं निकली थी। सरकारी आश्वासनों की तरह यह रेडियो भी केवल मुँह बाए खड़ा रहता था। गाँव के नए लोग जब काका को रोज इस तरह खामोश रेडियो के सामने अपना कान सटाए देखते तो आपस में तरह तरह की चुटकियाँ लेते थे। वे भूल जाते थे कि इस देश में आधे लोग बिना तार के रेडियो सुन रहे हैं और बाकी आधे बिना दिमाग के भाषण दे रहे हैं। मन्नू चपरासी जब चाय का कुल्हड़ लेकर आता तो काका उससे बड़ी बेताबी से पूछते ₹क्यों रे मन्नू आज इस डिब्बे से कोई खबर नहीं आई क्या?₹ मन्नू बस एक लंबी साँस खींचकर अपनी नजरें झुका लेता था क्योंकि सच बोलना चपरासी के धर्म के खिलाफ और नौकरी के जोखिम में होता है। गाँव में हाल ही में आए नए पंचायत सचिव आनंद जी बहुत ही पढ़े लिखे और व्यावहारिक इंसान थे जिन्हें फालतू के बहकावे और पुरानी मान्यताओं पर जरा भी यकीन नहीं था। शिक्षित व्यक्ति की सबसे बड़ी त्रासदी यही है कि वह हर चीज में लॉजिक ढूँढता है जबकि हमारा समाज इमोशन से चलता है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 19 अगस्त 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:08 सूर्यास्त 18:52
श्रावण मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - सप्तमी 19:20 उपरांत अष्टमी
नक्षत्र - स्वाति 06:47 उपरांत विशाखा
योग - ब्रह्म 03:44 उपरांत ऐन्द्र
करण - गर
चन्द्रमा - तुला में है। 26:30 पर वृश्चिक में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 05 तारिख

**मेष-** कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे। कारोबारी हैं तो निवेश के लिए अच्छा दिन है। पुरानी बीमारी में आराम मिलेगा।
**वृषभ-** पार्टनर के साथ अच्छा तालमेल रहेगा। कोर्ट केस का फैसला आपके पक्ष में आ सकता है।
**मिथुन-** कार्यस्थल पर संवाद के बल पर काम पूरे होंगे। कारोबारियों को पुराने निवेश से लाभ संभव है।
**कर्क-** प्रॉपर्टी संबंधी सौदे टाल दें। घर में क्लेश से बचें। आय के नए स्त्रोत बन सकते हैं।
**सिंह-** कार्यस्थल पर कोई बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। शारीरिक रूप से सक्रिय महसूस करेंगे।
**कन्या-** कारोबारी हैं तो यह दिन अच्छा रहेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी। धन संचय के प्रयास सफल होंगे।
**तुला-** कार्यस्थल पर दिन सामान्य रहेगा। साझेदारी के बिजनेस में मुनाफा होगा।
**वृश्चिक-** शादीशुदा जीवन खुशहाल रहेगा। उधारी देने से बचें, पैसा फंस सकता है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।
**धनु-** आपके काम की तारीफ होगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। खानपान का ध्यान रखें।
**मकर-** कारोबारी हैं तो लंबे समय के निवेश के लिए दिन उत्तम है। पार्टनर के साथ कोई धार्मिक यात्रा हो सकती है।
**कुंभ-** कार्यस्थल पर सहकर्मियों से विवाद न करें। नए व्यावसायिक संबंधों से भविष्य में लाभ होगा।
**मीन-** प्रेम संबंधों में नयापन आएगा। आय के योग सामान्य से बेहतर हैं। अपनी सेहत का ख्याल रखें।

## कविता

### श्रीनाग देवता की आरती



कु. वर्षा जोशी
(दैनिक अवन्तिका)

ॐ जय श्री-नाग देवा ---- प्रभु जय श्री नाग देवा
तीनो लोको के, रक्षक केहलाते हो, तक्षक
कृपा-द्रष्टि रखना ॐ, जय श्रीनाग देवा ---
शिव जी के, आभूषण, विष्णु जी के प्यारे,
प्रभु ---- विष्णु जी के प्यारे,-. सारा जग थराये,
सारा जग थराये----
आप जो फुंकारे-
ॐ जय श्री नाग देवा,
शेष- कभी, - लक्ष्मण का रूप धरा तुमने, प्रभु रूप धरा तुमने----
धरती माँ को पाप से,पृथ्वी माँ को दुष्टो से,
मुक्त किया तुमने,
ॐ जय श्री नाग देवा,-
निर्बल के तुम रक्षक,पापी के दुश्मनप्रभु पापी के दुश्मन
नाग- पंचमी की पुजा, नाग-पंचभी की पुजा,
है, आपको अरपणॐ जय श्री नाग देवा
श्री नाग देवता की आरती जो कोई-जन-गाता, --
प्रभु- जो कोई नर-गाता,
कृपा दृष्टि से, नाग-जी-की, कृपा दृष्टि, से शेष नाग जी की,
--सर्प-भय- से मुक्ति पाता ॐ जय श्री नाग देवा,------

### अनुच्छेद



संजय एम. तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

केशर की क्यारियां खिल उठी
महक बिखरी चारों ओ?
दफन हो गई बारूदी गंध से सनी
आबो हवा बफीर्ले पहाड़
चीड़ देवदार भी खुश कश्मीर निखरा
जो बिखरा था आतंकी सायो से
बाशिन्दे किसी की शह पर
कुछ चलते गलत राहो पर
अब हुए दबाव से मुक्त
अनुच्छेद से खुश लहराते तिरंगे के संग
राष्ट्रीय गीत राष्ट्रीय पर्वो पर
जम्मू कश्मीर लेह लद्दाख के संग
मिलकर गाएंगे एकता ,भाईचारे का
ये संदेशा दुनिया को बतायेंगे
अमन की दुनिया में केशर की क्यारियां
फिर से सजायेंगे रहवासी वापस
अपने छुटे घरों में रहने जाएंगे।

### अटक गई है शाम



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

ढली शाम ने छेड़ दी, यादों वाली तान।
सूने मन के द्वार पर, लौटे बीते गान॥
पतझर आया पेड़ पर, झरते जब हैं पात।
सूनी डाली पूछती, कहाँ गए दिन–रात॥
बादल आए चल दिए, लेकर अपनी छाँव।
पेड़ खड़ा तकता रहा, सूना अपना गाँव॥
यादों का संदूक जब, खुलता बारंबार।
बीते दुख की पीर फिर, करती दिल पर वार॥
जीवन ताशों–सा मिला, जीत मिले या हार।
खेल समय के साथ ही, यही जगत व्यवहार॥
अनुभव जीवन सींचता, काँटे इसकी राह।
चलते–चलते सीखता, मन जीवन की चाह॥
बूढ़ों को मत छोड़िए, वे घर की पहचान।
उनसे ही आँगन बचे, उनसे घर में प्राण॥
सूने मन में प्रेम की, फिर से जागे प्रीत।

# रक्तदान से पहले डॉक्टर की ये बातें जरूर जान लें, कौन दे सकता है ब्लड

रक्तदान को जीवन बचाने वाला सबसे बड़ा सामाजिक योगदान माना जाता है। एक यूनिट रक्त को अलग अलग घटकों में इस्तेमाल किया जाए तो इससे एक से अधिक मरीजों की मदद हो सकती है। यही वजह है कि अस्पतालों और ब्लड बैंकों की ओर से लोगों को नियमित रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हालांकि रक्तदान करने से पहले यह समझना बेहद जरूरी है कि हर व्यक्ति ब्लड डोनेट करने के लिए योग्य नहीं होता। शरीर की सामान्य स्थिति उम्र वजन और स्वास्थ्य से जुड़े कई मानकों की जांच के बाद ही रक्तदान की अनुमति दी जाती है। भारत सरकार के अनुसार सामान्य तौर पर स्वस्थ व्यक्ति की उम्र 18 से 65 वर्ष के बीच होनी चाहिए और उसका वजन कम से कम 45 किलोग्राम होना चाहिए।



रक्तदान से पहले ब्लड बैंक में व्यक्ति की सामान्य स्वास्थ्य जांच की जाती है। इसमें मेडिकल हिस्ट्री के साथ ब्लड प्रेशर पल्स और शरीर का तापमान देखा जाता है। इसके अलावा उंगली से लिए गए रक्त के नमूने से हीमोग्लोबिन या आयरन की पर्याप्तता की जांच की जाती है। यदि जांच में कोई ऐसी स्थिति सामने आती है जिसमें रक्तदान करना सुरक्षित नहीं है तो व्यक्ति को उस समय रक्तदान से रोक दिया जाता है। इसलिए केवल उम्र और वजन सही होना ही पर्याप्त नहीं माना जाना चाहिए।

आम तौर पर स्वस्थ वयस्क रक्तदान कर सकते हैं लेकिन यदि किसी व्यक्ति को गंभीर एनीमिया है या वह किसी गंभीर बीमारी से जूझ रहा है तो उसे रक्तदान से बचना चाहिए। हाल ही में हुई सर्जरी या कुछ चिकित्सकीय प्रक्रियाओं के बाद भी कुछ समय तक रक्तदान टाला जा सकता है। इसी तरह कुछ संक्रमणों और स्वास्थ्य स्थितियों में डॉक्टर या ब्लड बैंक की मेडिकल टीम रक्तदान को अस्थायी या स्थायी रूप से रोक सकती है। इसलिए यदि आप किसी बीमारी का इलाज करा रहे हैं या नियमित दवाएं लेते हैं तो रक्तदान से पहले इसकी जानकारी ब्लड बैंक के चिकित्सकीय स्टाफ को देना जरूरी है।

गर्भावस्था के दौरान रक्तदान नहीं किया जाता। डिलीवरी के बाद भी महिला को तुरंत रक्तदान नहीं करना चाहिए और उचित समय तथा स्वास्थ्य की स्थिति के अनुसार ही दोबारा रक्तदान किया जाना चाहिए। इसी तरह हाल में टीकाकरण या टैटू जैसी कुछ परिस्थितियों में भी रक्तदान कुछ समय के लिए टाला जा सकता है। इन मामलों में प्रतीक्षा की अवधि हर स्थिति के लिए एक जैसी नहीं होती इसलिए अंतिम निर्णय संबंधित ब्लड सेंटर की मेडिकल स्क्रीनिंग के आधार पर लिया जाना चाहिए।

रक्तदान से पहले कुछ सामान्य सावधानियां भी मददगार होती हैं। खाली पेट रक्तदान करने से बचना चाहिए और पर्याप्त पानी पीना चाहिए। अच्छी नींद लेना भी जरूरी है। रक्तदान से पहले हल्का और संतुलित भोजन करना बेहतर माना जाता है। शराब का सेवन करके रक्तदान करने से बचना चाहिए। रक्तदान के बाद भी शरीर को पर्याप्त आराम और तरल पदार्थ देना चाहिए। ी-फं३ड्ङ्गरँ के अनुसार रक्तदान के बाद अगले 24 से 48 घंटे तक तरल पदार्थ बढ़ाने और कुछ समय तक भारी शारीरिक मेहनत तथा वजन उठाने से बचने की सलाह दी जाती है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6500 से 6600 विशाल 6300 से 6400 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7700 से 7900 महाराष्ट्र लाल 8000 से 8200 कर्नाटक 8100 से - 8300 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7200 से 7500 मूंग बेस्ट बोल्ड 7600 से 7800 मीडियम बोल्ड 7400 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9300 से 9500 उड़द गर्मी 8600 से 9300 ग्रेविटी क्लीन 9700 से 10000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6100 से 6200 बिटकी 5300 से 5400 सरसों निमाड़ी 8100 से 8300 रायडा 7100 से 7200 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7000 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकबन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7400 से 7500 मीडियम 7800 से 7900 बेस्ट 8000 से 8300 तुअर दाल 7300 से 7500 मीडियम 8400 से 8700 बेस्ट 9900 से 10100 एक्स्ट्रा बेस्ट -10900 से 11000 ब्रांडेड 12500 मूंग दाल 8900 से 9000 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## धर्म–आस्था

# अध्यात्म में कुंडलिनी शक्ति के रूप में सर्प को ही क्यों दर्शाया गया है?

नाग पंचमी का पर्व नागों और सर्पों की पूजा को समर्पित है लेकिन भारत में सर्पों की पूजा केवल एक प्राकृतिक जीव को सम्मान देने से नहीं जुड़ा हुआ है, बल्कि सर्प का कई रूपों में गहरा प्रतीकात्मक अर्थ है। जैसे कि, अध्यात्म में नाग केवल सर्प नहीं, बल्कि कुंडलिनी शक्ति का प्रतीक भी है। लेकिन क्या आपने सोचा है कि सर्प को ही कुण्डलिनी शक्ति के रूप में क्यों दर्शाया गया है?



अध्यात्म में मनुष्य के शरीर में स्थित सात चक्रों से जुड़ी ऊर्जा को कुंडलिनी शक्ति के रूप में दशार्या गया है। कुण्डलिनी शक्ति मनुष्य को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से जागृत और उन्नत बनाती है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि इस कुण्डलिनी शक्ति को सर्प के रूप में दिखाया जाया है। क्या आपने सोचा है कि आखिर इस आध्यात्मिक शक्ति को दशार्ने के लिए नाग या सर्प का ही प्रयोग किया गया है? आखिर नाग ही क्यों कुंडलिनी की सुप्त ऊर्जा का प्रतीक है? चलिए समझते हैं...

### सर्प और कुंडलिनी का संबंध

कुंडलिनी शक्ति में कुंडलिनी शब्द संस्कृत के कुंडल (कुंडली/वृत्ताकार) से निकला है, जो सपार्कार ऊर्जा का प्रतीक है क्योंकि संस्कृत में कुंडलिनी का अर्थ है 'कुंडली मारकर बैठी हुई शक्ति'। अध्यात्म में कुंडलिनी को नाग (सर्प) के रूप में दशार्या गया है क्योंकि यह शक्ति रीढ़ की हड्डी के मूलाधार चक्र में कुंडली मारकर सुप्त रहती है, ठीक वैसे ही जैसे सर्प अपने बिल में कुंडली मारकर बैठा होता है। आमतौर पर यह सबमें सुप्त ही रहती है लेकिन जब कोई साधक इसे साधना के जरिये जागृत करने का प्रयास करता है, तो यह ऊपर की ओर लहराते हुए उठी है। सर्प भी स्वभाव से कुंडली मारकर बैठता है और अवसर आने पर लहराते हुए ऊपर उठता है। सर्प का यही स्वरूप कुंडलिनी सिद्धांत से मेल खाता है। इसीलिए सर्प का कुंडली मारकर बैठना सुप्त ऊर्जा और उसके ऊपर उठने को जागरण का प्रतीक माना गया। अध्यात्म के अनुसार, जब कुंडलिनी शक्ति ऊपर की ओर उठती है, तो साधक के चक्र एक-एक कर खुलते हैं और आत्मा परम चेतना से जुड़ती है। यह शक्ति ऊपर की ओर उठकर सहस्त्रार तक पहुँचकर आत्मा को परमात्मा से जोड़ देती है।

इसके अलावा, सर्प जीवन ऊर्जा, परिवर्तन और चेतना के जागरण का प्रतीक है। यह जीवन शक्ति, संरक्षण और अनंत ऊर्जा का प्रतीक माना गया है। मानव शरीर में कुंडलिनी शक्ति की अवधारणा भी सर्प के इन प्रतीकात्मक अर्थों से मिलती है। जब मनुष्य में कुण्डलिनी जागरण होता है, तो मनुष्य की चेतना और जीवन शक्ति का स्तर ऊपर उठता है। मनुष्य के हर चक्र की ऊर्जा बिना किसी अवरोध के प्रवाहित होती है और मनुष्य कुंडलिनी जागरण के बाद अपने जीवन में कई परिवर्तनों का अनुभव करता है। नाग पंचमी पर जब हम सर्प की पूजा करते हैं, तो यह पर्व हमें प्रकृति और अपने भीतर की चेतना, दोनों के प्रति जागरूक करता है। बाहर नाग प्रकृति का हिस्सा है, जबकि आध्यात्मिक प्रतीक के रूप में सर्प हमारे भीतर सुप्त ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करता है। इसलिए नाग पंचमी को केवल नाग पूजा का पर्व न मानकर प्रकृति के सम्मान, शिव भक्ति और आत्मचेतना के जागरण से जोड़कर भी देखा जा सकता है।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,50,500 रवा- 1,50,200 चांदी- टंच- 2,33,000 पाट- 2,32,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## रथ में सवार होकर दर्शन देने निकले ओंकारेश्वर महादेव

**शाजापुर।** शहर के शिवालयों में सावन मास के तीसरे सोमवार पर दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। धानमंडी स्थित प्राचीन ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में सुबह विशेष पूजा-अर्चना व अभिषेक के बाद शाम को भोलेनाथ की सवारी निकाली गई। नगर भ्रमण के दौरान शहरवासियों ने जगह-जगह सवारी का स्वागत कर आरती उतारी। सोमवार सुबह पट खुलते ही ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में दर्शनार्थियों का पहुंचना शुरू हो गया था। मंदिर के पुजारी पं. ओमप्रकाश गोस्वामी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बाबा का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक संपन्न कराया गया। इसके पश्चात भगवान शिव का नाग मुकुट पहनाकर आकर्षक श्रंगार किया गया और पूरे गर्भ गृह को दूध से भर दिया गया। दिनभर चले दर्शन-पूजन के बाद शाम को ओंकारेश्वर महादेव की सवारी निकाली गई।

## 4 पिकअप से 13 गोवंश बरामद, 5 आरोपी गिरफ्तार



**खातेगांव।** सतवास थाना क्षेत्र के कलम फाटा पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने चार पिकअप वाहनों से 13 गोवंश बरामद किए हैं। इन वाहनों में गोवंश को क्रूरतापूर्वक ठूंसकर भरा गया था। इस कार्रवाई में एक महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों को वाहनों और गोवंश के साथ सतवास पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस के मुताबिक, यह घटना सोमवार को हुई। विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के खातेगांव प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन अपने साथियों लक्की, अनिल राज और योगेंद्र के साथ कलम फाटा के पास मौजूद थे। उन्होंने चार पिकअप वाहनों को आते देखा। वाहनों को रोकने के बाद जब उनकी जांच की गई, तो उनमें गोवंश को अमानवीय तरीके से भरा हुआ पाया गया।

## शिविर में 101 उपभोक्ताओं से 3.26 लाख राजस्व वसूला

**अकोदिया।** अकोदिया स्थित मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के गुलाना वितरण केंद्र कार्यालय द्वारा ग्राम गुलाना में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इंदौर के मुख्य महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में मंगलवार को दोपहर 1 बजे से विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं और शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। वरिष्ठ विद्युत अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को समय पर बिजली बिल जमा करने और विद्युत सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कनिष्ठ यंत्री रोहित असाटे ने बताया कि शिविर में प्राप्त शिकायतों और आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। इस दौरान अस्पताल के पास स्थित 200 केवीए ट्रांसफार्मर का रखरखाव किया गया। दो नए घरेलू विद्युत कनेक्शन जारी किए गए। साथ ही, धारा 138 और 135 से संबंधित तीन पंचनामे के आवेदनों का भी मौके पर ही समाधान किया गया।

## करजू ग्राम में 70 बीघा जमीन जलमग्न, फसलें प्रभावित

**मोहन बड़ोदिया।** शाजापुर जिले की मोहन बड़ोदिया तहसील के ग्राम करजू में जल निकासी की व्यवस्था न होने से करीब 70 बीघा कृषि भूमि जलमग्न हो गई है। जलभराव के कारण 8 से 10 किसानों की फसलें पूरी तरह प्रभावित हुई हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान का डर सता रहा है। ग्राम निवासी कैलाश नारायण ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनसुनवाई में आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि खेतों में लगातार पानी भरे रहने से न केवल फसलें नष्ट हो रही हैं, बल्कि खेत की उपजाऊ मिट्टी भी खराब हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पानी निकासी का मार्ग बनाने की गुहार लगाई थी। मंगलवार दोपहर करीब दो दर्जन किसान मोहन बड़ोदिया तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार दिव्या जैन से मुलाकात कर अपनी पीड़ा सुनाई। किसानों ने खेतों से पानी निकालने की तुरंत व्यवस्था करने की मांग रखी।

### अस्पताल के बाहर धरना

# 50 लाख मुआवजा सहित 10 सूत्रीय मांगों पर अड़े प्रदर्शनकारी आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के पदाधिकारी भी पहुंचे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

राजगढ़ जिले के इकलेरा में रविवार को हुए गोलीकांड में घायल दीपक मोहबे की उपचार के दौरान मौत के बाद सोमवार को शुजालपुर मंडी सिविल अस्पताल में आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने धरना देकर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने 50 लाख रुपए मुआवजा, मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी सहित 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा।

प्रदर्शन में आजाद समाज पार्टी काशीराम के प्रदेशाध्यक्ष सत्येंद्र विद्रोही, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुनील अस्ते सहित अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए।



आंदोलन को देखते हुए अस्पताल परिसर के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया। राजगढ़ जिले के सारंगपुर एसडीओपी, शुजालपुर एसडीओपी, तहसीलदार शुजालपुर सहित अन्य अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर धरना समाप्त करने का प्रयास किया।

इकलेरा गांव में रविवार दोपहर पट्टा भूमि के एक प्लॉट को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के दौरान लाइसेंसी बंदूक से गोली चलने की बात सामने आई है। गोली लगने से दीपक मोहबे गंभीर रूप से घायल हुआ था। उसे उपचार के लिए शुजालपुर लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना में मुकेश जाटव और सतीश जाटव भी गोली लगने से घायल हुए हैं, जबकि संतोष जाटव को सामान्य चोटें आई हैं। घायलों का शुजालपुर में उपचार चल रहा है। मामले में राजगढ़ पुलिस ने शाजापुर जिले में पदस्थ एएसआई दिलीप कुंभकार और उसके भाई सुरेश को हिरासत में लिया है। घटना के बाद से ही मामले को लेकर दोनों जिलों की पुलिस कार्रवाई पर नजर बनाए हुए है।

**मुआवजे से लेकर बुलडोजर कार्रवाई तक मांग**

धरने पर बैठे परिजनों और प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों को 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। तहसीलदार शुजालपुर मुकेश सांवले के अनुसार मांगों में मृतक के परिवार को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता, मृतक की पत्नी को शासकीय नौकरी, बच्चों को निरूशुल्क शिक्षा, आरोपियों के मकानों पर बुलडोजर कार्रवाई, थाना एवं चौकी प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई और मामले की सुनवाई स्पेशल कोर्ट में कराने जैसी मांगें शामिल हैं। इसके अलावा प्रदर्शनकारियों ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल से कराने, पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने सहित अन्य मांगें भी रखी हैं। तहसीलदार के अनुसार कुछ मांगों पर प्रशासन की ओर से सहमति जताई गई है, लेकिन प्रदर्शनकारी सभी मांगों पर लिखित आश्वासन चाहते हैं। इसे लेकर अधिकारियों और प्रदर्शनकारियों के बीच संवाद जारी रहा।



## अटल जी की पुण्यतिथि पर पौधारोपण काव्य गोष्ठी में गूंजा देशभक्ति का स्वर

**शुजालपुर।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री पं. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में इंद्रधनुष साहित्यिक संस्था की ओर से जमधड़ नदी किनारे स्थित प्रसिद्ध तीर्थस्थल एवं मां महिषासुर मर्दिनी की नगरी में सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान पीपल, बेलपत्र, बादाम और कदम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। पौधारोपण के साथ संस्था की ओर से काव्य गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। इसमें कवियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को भाव-विभोर किया। गोष्ठी में हरीश सक्सेना, गीतकार नरेंद्र सक्सेना, हास्य व्यंग्यकार नरेंद्र कुमार त्रिवेदी फुरसती, राजेश सत्यम तलेन, हरीश सिंह केसवाल, ओमप्रकाश सक्सेना, रमेश चंद्र परमार प्रखर, गजलकार दिनेश व्यास, देवकरण मालवीय, ओज कवि महेश दास वैष्णव एवं अनिल विजयवर्गीय ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी। कवियों की देशभक्ति से ओतप्रोत रचनाओं पर उपस्थित श्रोताओं ने तालियों से उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण और साहित्य के माध्यम से राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। काव्य गोष्ठी का संचालन संतोष जोशी ने किया। आयोजन में साहित्यप्रेमियों एवं गणमान्यजनों ने सहभागिता कर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण किया। 402

## एटीएम चौराहे पर कुरकुरे लेने निकला चार वर्षीय मासूम सेप्टिक टैंक के गड्ढे में गिरा

**शुजालपुर।** मंडी क्षेत्र के एटीएम चौराहे के समीप जैन मंदिर मार्ग पर खुले परिसर में अनुपयोगी सेप्टिक टैंक के खुले गड्ढे में एक चार वर्षीय बालक गिर गया। इस हादसा के होते ही आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बालक को बाहर निकाला और उपचार के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया। सिर में चोट लगने की आशंका तथा लगातार उल्टियां होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे सिटी स्कैन के लिए रेफ र कर दिया। जानकारी के अनुसार घायल बालक की पहचान समीर पिता जगदीश नाथ के रूप में हुई है। उसके माता-पिता रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य में मजदूरी करते हैं। बताया गया कि समीर अन्य बच्चों के साथ कुरकुरे लेने के लिए निकला था। इसी दौरान वह जैन मंदिर रोड पर नवनिर्माण के लिए तोडे गए एक धर्मशाला भवन की रिक्त भूमि में स्थित अनुपयोगी सेप्टिक टैंक के गड्ढे में गिर गया। बालक को गड्ढे में गिरता देख गोलू इचोरिया सहित अन्य लोगों ने तत्काल उसे बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

## कांग्रेस की तिरंगा यात्रा में तीन नेता जीप से गिरे: महिला पार्षद के सिर में 6 टांके लगे

**खातेगांव।** देवास जिले के कांटाफोड़ में रविवार को कांग्रेस की किसान तिरंगा यात्रा के दौरान एक हादसा हो गया। नगर भ्रमण के दौरान नेताओं से भरी खुली जीप से तीन नेता संतुलन खोकर सड़क पर गिर गए। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर शेयर हो रहा है। सोमवार को महिला पार्षद को इलाज के लिए इंदौर ले जाया गया है। जीप में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, देवास जिलाध्यक्ष मनीष चौधरी, इंदौर जिलाध्यक्ष विपिन वानखेड़े, मनोज राजानी और बागली विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी गोपाल गोखले सहित 10 से अधिक वरिष्ठ कांग्रेस नेता सवार थे। जीप के बोनट पर भी एक कार्यकर्ता बैठा हुआ था। थाने के पास जीप की गति में अचानक बदलाव होने से पीछे खड़े नेता अपना संतुलन नहीं संभाल पाए। हादसे में लोहारदा की पार्षद प्रमिला सिरसोट, बागली विधानसभा प्रभारी सुभाष चौधरी और ब्लॉक अध्यक्ष विष्णु मीणा घायल हो गए। मौके पर मौजूद कार्यकताओं ने तत्काल घायलों को संभाला और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। पार्षद प्रमिला सिरसोट को सतवास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनके सिर की चोट पर छह टांके लगाए गए। प्रमिला सिरसोट ने बताया कि सिर के अलावा उनकी पीठ और कमर में भी चोटें आई हैं। प्राथमिक इलाज के बाद सोमवार को उन्हें जांच और सीटी स्कैन के लिए इंदौर भेजा गया।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने खोला मोर्चा

# सरकारी कर्मचारी का दर्जा और 30 हजार मानदेय की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

महिला एवं बाल विकास विभाग की रीढ़ मानी जाने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का गुस्सा अब राज्य सरकार के खिलाफ फूट पड़ा है। जमीनी स्तर पर शासन की हर छोटी-बड़ी योजना को सफल बनाने वाली इन महिलाओं ने अल्प मानदेय और मानसिक शोषण के विरोध में सोमवार को लामबंद होकर जिलाध्यक्ष चन्दन सोनी, जिला महामंत्री कामिनी सिंह, कोषाध्यक्ष आशा गुर्जर के नेतृत्व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि यदि उनकी जायज मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगी।

कलेक्टर कार्यालय में नारेबाजी करने के बाद कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए, कार्यकर्ता को 30,000 रुपये और सहायिका को 20,000 रुपये प्रतिमाह न्यूनतम



मानदेय दिया जाए, पेंशन, चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ महंगाई भत्ता एवं ग्रेच्युटी जैसी सुविधाएं लागू की जाएं, सेवानिवृत्ति पर कार्यकर्ता एवं सहायिका को 10 लाख रुपये की एकमुश्त राशि दी जाए, आंगनवाड़ी कर्मचारियों से केंद्र के अतिरिक्त अन्य विभागों के गैर-विभागीय कार्य न लिए जाएं और उन पर अनावश्यक दबाव बनाकर शोषण बंद किया जाए, सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष की जाए। साथ ही मातृत्व अवकाश एवं अन्य सभी शासकीय अवकाशों का लाभ दिया जाए। कार्यकर्ताओं को बिना परीक्षा केवल वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति दी जाए और उन्हें प्री-प्राइमरी नर्सरी शिक्षिका का दर्जा मिले। 2 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों में बैठने की अनुमति प्रदान की जाए।

ज्ञापन सौंपते समय बबीता शर्मा, हेमलता मेवाड़ा, रुकसाना बी, सुरभि मालवीय, नर्मदा शर्मा, सोनू परमार, सरोज राजपूत, कहकशां, सुनीता राठौर, खुशबू राठौर, प्रीति, ज्योति मालवीय, चेतना गुर्जर, आशा मकवाना, शारदा मालवीय, आशा गोयल, संध्या, पूजा बोडाना, अरुणा जाटव, विमला वर्मा, रजनी ठाकुर, आरती माहेश्वरी, सोनल यादव, आशिया खान और मधुबाला प्रजापति सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं उपस्थित थीं।

# नाग पंचमी की धूम, दूध से नाग देवता का अभिषेक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

सोमवार की सुबह शाजापुर के लिए एक अलग ही आध्यात्मिक ऊर्जा लेकर आई। मौका था नाग पंचमी के पावन पर्व का, जब शहर की फिजाओं में सिर्फ मंत्रों की गूंज और आस्था की महक थी। सुबह की पहली किरण के साथ ही जहां घरों के आंगनों में महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से नाग देवता का आह्वान किया, तो वहीं शिवालयों में बजते घंटे-घड़ियाल पूरे जिले की अगाध भक्ति की गवाही दे रहे थे। इस विशेष पर्व पर शहर के हर कोने में उल्लास दिखा और नाग देवता के साथ-साथ भगवान शिव की आराधना में शहरवासी दिन भर लीन रहे।

नाग पंचमी और सोमवार के शुभ दिन पर शिव और नाग मंदिरों में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी। शहर के गायत्री मंदिर स्थित देवनारायण मंदिर, बादशाही पुल स्थित नाग मंदिर और बेरछा रोड स्थित नाग चबूतरा सहित अन्य छोटे-बड़े मंदिरों में सुबह से ही पूजा-पाठ का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह दिन भर चलता रहा। परंपराओं का निर्वहन करते हुए भक्तों ने शिवालयों में भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और नाग मंदिरों में नाग देवता को श्रद्धापूर्वक दूध अर्पित किया। महिलाओं ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा की थाल सजाई, जिसमें दही, दूर्वा, अक्षत, ताजे पुष्प और मोदक रखकर नाग देवता को भोग लगाया और परिवार की खुशहाली व मंगलकामना की प्रार्थना की।



**दरवाजे पर ही दर्शन देने पहुंचे नाग देवता**

त्यौहार की एक और खास तस्वीर शहर की गलियों में देखने को मिली। जहां एक तरफ मंदिरों में कतारें लगी थीं, वहीं दूसरी तरफ सपेरे झोलों में नाग लेकर घर-घर पहुंचे। इसके चलते कई श्रद्धालुओं को घर की दहलीज पर ही जीवित नाग के दर्शन का सौभाग्य मिल गया। महिलाओं ने जीवित नाग की पूजा-अर्चना की और अपनी श्रद्धानुसार चढ़ावा देकर उनका आशीर्वाद लिया।

### तारबर्डी में ग्रामीणों ने सुधारी स्कूल सड़क

# मुरम डालकर आवागमन योग्य बनाया, अन्य सुविधाओं की भी मांग





अवन्तिका ▶▶ आगर-मालवा

ग्राम पंचायत परसुखेड़ी के तारबर्डी गांव में ग्रामीणों ने शासकीय स्कूल तक पहुंचने वाले खराब रास्ते की मरम्मत की है। सोमवार से शुरू हुए इस कार्य में ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से रास्ते पर मुरम डालकर उसे आवागमन योग्य बनाया।

ग्रामीण अरुण नायक ने बताया कि स्कूल तक पहुंचने वाला रास्ता खराब होने के कारण विद्यार्थियों और ग्रामीणों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही थी। इस समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने मिलकर रास्ते को दुरुस्त करने का निर्णय लिया। स्कूल के शिक्षक मुकेश गोयल ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इससे छात्रों, शिक्षकों और ग्रामीणों सभी को लाभ होगा, क्योंकि कीचड़ के कारण काफी दिक्कतें आती थीं।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि स्कूल में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। यहां शौचालय और पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा, किचन भवन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है और बारिश के दौरान स्कूल की छत से पानी टपकता है। बच्चों के खेलने के लिए स्कूल परिसर में खेल मैदान की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि स्कूल तक पहुंचने वाले रास्ते का स्थायी निर्माण कराया जाए। साथ ही, स्कूल में शौचालय, पेयजल, किचन भवन की मरम्मत और खेल मैदान की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

## अकोदिया के खामखेड़ा पंथ में सीसी रोड जर्जर

**अकोदिया।** शाजापुर जिले की जनपद पंचायत मोहन बड़ोदिया के ग्राम खामखेड़ा पंथ में पंचायत भवन से दीप ज्योति प्राइवेट स्कूल और तालाब की ओर जाने वाली सीसी रोड जर्जर हो चुकी है। बारिश के कारण पूरे मार्ग पर कीचड़ फैल जाने से स्कूली बच्चों और स्थानीय निवासियों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग की बदहाली का सबसे बुरा असर छोटे स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। कीचड़ भरे रास्ते से गुजरते समय बच्चे फिसलकर गिर जाते हैं और उनके कपड़े खराब हो जाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार यह मार्ग गांव को स्कूल और तालाब से जोड़ने वाला मुख्य रास्ता है, इसलिए इसका दुरुस्त होना बेहद जरूरी है। ग्रामीणों का कहना है कि वे सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्राम पंचायत और क्षेत्रीय विधायक इंदर सिंह परमार को लिखित आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा पुत्र, वीरेन्द्र चौधरी, हमारे कहने-सुनने में नहीं है और हमारी इच्छा के विरुद्ध कार्य करता है। अतः हम, मानसिंह जी और पार्वती बाई, निवासी ग्राम चिखली तहसील बड़नगर जिला उज्जैन ने उससे अपने सभी पारिवारिक संबंध समाप्त कर लिए हैं। हमने उसे अपने घर से निकाल दिया है और अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से पूर्ण रूप से बेदखल कर दिया है। भविष्य में जो भी व्यक्ति या संस्था उसके साथ किसी भी प्रकार का आर्थिक या अन्य लेन-देन करेगा, वह स्वयं अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर करेगा। उसके किसी भी कृत्य, व्यवहार या कर्ज के लिए हम किसी भी प्रकार से उत्तरदायी या जिम्मेदार नहीं होंगे

**घोषणाकर्ता:**
**मानसिंह चौधरी एवं पार्वतीबाई चौधरी**
**ग्राम चिकली तह. बड़नगर जिला उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री दर्शन जाधव पिता श्री दिलीप जाधव, निवासी 10, महाकाल घाटी, उज्जैन, मध्यप्रदेश, की बड़ी बहन श्रीमती आकांक्षा उर्फ हिना पति श्री लोकेन्द्र राजपूत से वर्तमान में किसी भी प्रकार का कोई संबंध अथवा सरोकार नहीं है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती आकांक्षा उर्फ हिना पति श्री लोकेन्द्र राजपूत व उनके पति लोकेन्द्र राजपूत द्वारा किए जाने वाले किसी भी प्रकार के संव्यवहार, लेन-देन, ऋण, उधारी, आर्थिक व्यवहार, अनुबंध, विवाद, लड़ाई-झगड़े, अपराध अथवा अन्य किसी भी प्रकार के कृत्य/व्यवहार से मेरे पक्षकार श्री दर्शन जाधव का किसी भी प्रकार का कोई संबंध, सरोकार अथवा जिम्मेदारी नहीं होगी। यदि कोई व्यक्ति उक्त श्रीमती आकांक्षा उर्फ हिना एवं उसके पति श्री लोकेन्द्र राजपूत के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार, लेन-देन या अन्य संव्यवहार करता है, तो वह स्वयं के जोखिम एवं उत्तरदायित्व पर करेगा। उक्त संबंध में मेरे पक्षकार को किसी भी प्रकार से जिम्मेदार, उत्तरदायी अथवा पक्षकार नहीं माना जाए।

यह जाहिर सूचना सर्वसाधारण की जानकारी एवं सावधानी हेतु प्रकाशित की जा रही है, सो विदित होवे। इन्दौर, दिनांक :- 17/08/2026

**DEEPAK SHARMA (HIGH COURT ADVOCATE)**
**494, SHYAM NAGAR MAIN INDORE (M.P.)**
**MOB. NO. 9752765518**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामीः- श्रीमती संजू बाई पति श्री हाकमसिंह निवासी ग्राम ग्राम बालोदा तह० महिदपुर जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं0-150/2 रकबा 0.22 हैक्टर एवं सर्वे क्रं0-152 रकबा 1.14 हैक्टर कुल किता-2 कुल रकबा 1.36 हेक्टर भूमि ग्राम बरखेडा बुजुर्ग तह. महिदपुर जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सिंचित है। उक्त भूमि कृषि उपयोग की है। मेरे पक्षकारा श्रीमती संतोष बाई पति श्री जितेन्द्र माली निवासी-पंचकोशी मार्ग, ग्राम गोंदिया तह. व जिला उज्जैन ने भूमि स्वामी से उक्त वर्णित संपत्ति को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से टोकन बयाना राशि का भुगतान भी भूमि स्वामी को कर दिया है, अब अनुबंध पत्र एवं विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष रहा है।

उक्त संपत्ति पर भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो।

इति दिनांकः-19/08/2026

**भूपेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट**
**कार्याः C-2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स**
**उज्जैन, मोबाः 89891-45770**

## क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन
## लोक सुनवाई की आम सूचना

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत M/s Devkripa, Proprietor: Shri Naveen Kumar S/o Shri

Sanjay Kumar, Gandhinagar Stone (Gitti & M-Sand) & Murrum Quarry, Mining of minerals, Production Capacity: 10,000 $M^3$ /year Stone, 10,000 $M^3$ /year M-Sand & Max. 3,964 $M^3$/year Murram, Area 2.0 Hect. Khasra No. 85/2/1, Village Gandhinagar, Tehsil Makdon Distt. Ujjain (M.P.) के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर उज्जैन (2) कार्यालय जिला पंचायत, उज्जैन (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र उज्जैन (4) कार्यालय ग्राम पंचायत रामड़ी तहसील एवं जिला उज्जैन (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-3, राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17, भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की वेबसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) के कार्यालय मे लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस प्रस्तावित परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 25.09.2026 को समय दोपहर 12:00 बजे से स्थान-आवेदित स्थल, ग्राम गांधीनगर तहसील माकड़ोन जिला उज्जैन में आयोजित की जायेगी, जिसमें भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। **(क्षेत्रीय अधिकारी) उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा प.ह.नं. 139 ग्राम कायथा तह. तराना जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित खाली भू-खण्ड का विक्रेता श्री दीपक कुमार चतुर्वेदी पिता मोहनलाल चतुर्वेदी जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम बोरदा माण्डा, तह. तराना जिला उज्जैन से इनके स्वामीत्व एंव आधिपत्य का खुला भू-खण्ड सर्वे नं. 2090/6 रकबा 0.01 है. जो कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफीट का होकर ग्राम कायथा में नलेश्री रोड से अन्दर स्थित होकर आवासीय उपयोग का भू-खण्ड जिसको मेरे पक्षकार ने विक्रेता से क्रय करने का सौदा तय किया होकर उन्हे आशिंक प्रतिफल बयाना राशि भी अदा की जा चुकी है, उक्त सम्पत्ति पर अन्य किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तिय संस्था, सहकारी सस्था शासकीय, प्रायवेट आदि या अन्य किसी भी प्रकार का ऋण, चार्ज, दान, गिरवी, भार, बोझ, हित अधिकार, हक, स्वत्व, डिक्री, अटेचमेन्ट बकाया हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ती हो तो इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी लिखित आपत्ती मेरे कार्यालय मे प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद अवधि पश्चात मेरे पक्षकार उक्त खुला भू-खण्ड का रजिस्ट्रर्ड क्रय पत्र सम्पादित करवाने के लिए स्वतन्त्र रहेगें बाद अवधि किसी भी प्रकार की आपत्ती मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो । दिनांक 18/08/2026

**मुरलीधर गामी (एडव्होकेट)**
**अस्पताल काम्पलेक्स उज्जैन रोड माकडोन**
**तह. माकडोन जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा.- 8770746987, 9713699779**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने प्रिया संगतानी पति विनोद संगतानी जाति सिंधी निवासी नारायणपुरा बडनगर, तह. बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र.) एवं शीलू पति गौरव संगतानी जाति सिंधी निवासी 273, महात्मा गांधी मार्ग बड़नगर तह. बडनगर, जिला उज्जैन म.प्र. कृषकगण ग्राम भांडतलावली तह. बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नं. 146/2 रकबा 0.30 हे. सर्वे नं. 139/2 रकबा 1.62 हे. सर्वे नं. 140/2 रकबा 0.78 हे. सर्वे नं. 126/1/1 रकबा 1.91 हे. सर्वे नं. 126/2 रकबा 1.68 हे. सर्वे नं. 126/3 रकबा 0.52 हे. सर्वे नं. 139/1 रकबा 1.08 हे. सर्वे नं. 140/1 रकबा 1.62 हे0 सर्वे नं. 149 रकबा 0.20 हे., सर्वे नं. 141/2 रकबा 0.66 हे. कुल किता 10 कुल रकबा 10.37 हे. भूमि स्थित ग्राम भांडतलावली तह. बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा तय किया होकर मेरे पक्षकार ने उपरोक्त सौदे पेटे आंशिक बयाना राशि भी विक्रेता/भूमि स्वामी को अदा कर दी है। मेरे पक्षकार से भूमि स्वामी ने उपरोक्त भूमि का विक्रय सौदा तय कर उपरोक्त सौदे पेटे विक्रेता ने विक्रय सौदा चिट्ठी भी मेरे पक्षकार के पक्ष में सम्पादित कर दी है तथा उपरोक्त भूमि का विक्रय अनुबंध पत्र भी मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित हो गया है तथा शिघ्र ही उक्त भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र भी मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है। यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था, बैंक निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध-पत्र या इस भूमि से सम्बधित मुख्तयारनामा आम या मुख्तयार नामा खास हो अथवा इस सम्पत्ति में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित स्वत्व व अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावें अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरा पक्षकार अनुबंधित भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित करा लेवेगा। सूचित हो। दिनांक 18.08.2026

**अंसार पटेल एडव्होकेट**
**न्यायालय परिसर बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) मो. 9770281664**

## सोनिया गांधी प्रधानमंत्री क्यों नहीं बनी, किताब में बताएंगी

**न्यूयॉर्क।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के संस्मरणों पर लिखी गई। किताब 10 नवंबर को प्रकाशित होगी। प्रकाशक अल्फ्रेड ए नॉफ ने मंगलवार को घोषणा की। किताब में सोनिया अपने राजनीति में सफर और 2004 में प्रधानमंत्री पद स्वीकार नहीं करने के फैसले से जुड़े अनुभव बताएंगी। किताब में सोनिया ने इटली में बिताए बचपन से लेकर कैंब्रिज में राजीव गांधी से मुलाकात तक का जिक्र किया है। इसमें नेहरू-गांधी परिवार में शादी और परिवार में हुई हत्याओं के बाद बदली जिंदगी के बारे में लिखा है। सोनिया ने कहा कि उनके परिवार के बारे में बहुत कुछ लिखा गया है, लेकिन उनके इरादों, काम और मानवीय पहलुओं को उस तरह नहीं समझा गया। कई मायनों में यह किताब उनकी इंसानियत को समर्पित है। उनके मुताबिक, किताब उनके जीवन के साथ-साथ भारत में करीब छह दशकों के दौरान हुए सामाजिक और राजनीतिक बदलावों को देखने का एक अलग नजरिया भी देती है।

## शाहरूख के घर मन्नत में दो सांप दिखे, रेस्क्यू टीम ने पकड़ा

**मुंबई।** शाहरुख खान के मुंबई स्थित मशहूर बंगले मन्नत में 17 अगस्त को लॉन में दो सांप दिखे। सुरक्षा के मद्देनजर तुरंत रेस्क्यू टीम को बुलाया गया। टीम ने एक सांप पकड़ लिया है, हालांकि दूसरा सांप अब भी बंगले में ही है। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार रात करीब 8 बजे एक स्नेक रेस्क्यूअर को मन्नत के अंदर दो सांप दिखने की जानकारी दी गई। इसके बाद बंगले में तलाशी शुरू की गई, जिसमें एक सांप को सुरक्षित पकड़ लिया गया। रेस्क्यू किए गए सांप की लंबाई करीब 8 फीट थी। उसकी पहचान धामन के रूप में हुई, जिसे इंडियन रैट स्नेक भी कहा जाता है। यह सांप गैर-जहरीला होता है और बंगले के परिसर में एक सीढ़ी के नीचे छिपा मिला। रेस्क्यू की कोशिश पूरी तरह सफल नहीं रही। परिसर में लोगों की आवाजाही शुरू होने पर दूसरा सांप भाग गया। देर शाम तक उसकी तलाश जारी रही, लेकिन वह नहीं मिला।

## सांवलिया सेठ के भंडार से निकले 27 .64 करोड़ रूपए

**चित्तौड़गढ़।** मेवाड़ के कृष्णधाम श्री सांवलियाजी मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था एक बार फिर करोड़ों रुपए की दानराशि के रूप में सामने आ रही है। श्रावण मास कृष्ण पक्ष चतुर्दशी पर 11 अगस्त को खोली गई भंडार दानपेटी की काउंटिंग अब अपने अंतिम दौर तक पहुंच गई है। मंगलवार को हुए पांचवें राउंड में 73 लाख 32 हजार रुपए की गिनती हुई। इसके साथ ही अब तक पांच राउंड में कुल 27 करोड़ 64 लाख 42 हजार 100 रुपए की दानराशि सामने आ चुकी है। मंदिर प्रशासन के अनुसार दानपेटी में अभी कुछ राशि की काउंटिंग बाकी है, जिसे बुधवार 19 अगस्त को छठे राउंड में पूरा किया जाएगा। श्री सांवलिया जी के भंडार दानपेटी की काउंटिंग एक ही दिन में पूरी नहीं होती। बड़ी मात्रा में दानराशि होने के कारण इसे अलग-अलग राउंड में गिना जा रहा है। बीच में अमावस्या, स्वतंत्रता दिवस और रविवार की छुट्टी के कारण काउंटिंग भी रोकनी पड़ी। इसके बावजूद हर राउंड में बड़ी रकम सामने आती रही। पहले तीन राउंड में ही 24 करोड़ रुपए से ज्यादा की गिनती हो गई थी। चौथे राउंड में 2 करोड़ 11 लाख रुपए मिले, जबकि पांचवें राउंड में 73 लाख 32 हजार रुपए निकले। अब अगला राउंड बुधवार को होगा।

## प्राध्यापक बनाने को साले ने दी जीजा की जगह एग्जाम

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने प्राध्यापक हिंदी प्रतियोगी परीक्षा-2022 में डमी कैंडिडेट बैठने वाले आरोपी इनामी को अरेस्ट किया है। चेहरा मिक्सिंग कर एडमिट कार्ड में लगाई फोटो के आधार पर आरोपी ने एग्जाम दी थी। गिरफ्तार डमी कैंडिडेट ने अपने जीजा की जगह एग्जाम प्राध्यापक बनाने के लिए दी थी। एडीजी (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया- इनामी बदमाश दिनेश कुमार (36) निवासी सांचौर जालोर को गिरफ्तार किया है। उसके ऊपर 10 हजार रुपए का इनाम था। आरोपी दिनेश 2 साल से फरार चल रहा था। राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर की ओर से प्राध्यापक हिंदी प्रतियोगी परीक्षा-2022 आयोजित हुआ था। एग्जाम में मेन कैंडिडेट सैलाराम निवासी रानीवाला जालोर की जगह डमी कैंडिडेट दिनेश कुमार के बैठने का पता चला था। एसओजी की ओर से जांच में पाया गया कि ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरते समय डमी कैंडिडेट दिनेश कुमार ने सैलाराम के साथ अपने चेहरे की मिक्सअप फोटो लगाकर फॉर्म भरा था। एडमिट कार्ड पर फोटो लगाकर जीजा की जगह एग्जाम दिया था। एसओजी की ओर से एग्जाम सेंटर पर जमा आवेदन पत्र और ऑनलाइन आवेदन में अपलोड की फोटो को चेक किया गया।

## 30 फीट ऊंचे पुल से कूदी छात्रा, तैरकर पकड़ा

**विदिशा।** मध्य प्रदेश के विदिशा में मंगलवार सुबह 30 फीट ऊंचे बेतवा बायपास पुल से 11वीं कक्षा की छात्रा ने उफनती नदी में छलांग लगा दी। छात्रा को डूबता देख निजी कंपनी में सेल्समैन विनोद पटेरिया ने नदी में छलांग लगा दी। उन्होंने करीब 150 मीटर तैरकर छात्रा को पकड़ा और किनारे तक लेकर आए। नदी से बाहर निकालने के बाद छात्रा सांस नहीं ले पा रही थी। मौके पर मौजूद युवाओं ने उसकी हालत संभालने और शरीर से पानी निकालने का प्रयास किया। इसके बाद उसे पुल के पास बने मंदिर ले जाया गया, जहां देकर जान बचाई। वीडियो सामने आया है। रायसेन निवासी विनोद पटेरिया ने बताया कि मंगलवार सुबह वह बाइक से विदिशा की ओर जा रहे थे। पड़रिया सोठिया के बेतवा बायपास पुल के पास कुछ देर रुके। इसी दौरान उनकी नजर पुल पर खड़ी एक लड़की पर पड़ी। छात्रा की स्कूटी भी पास में खड़ी थी।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1 नैनीबाई बेवा गिरधारी जाति बंजारा 2- जितेन्द्र पिता श्री गिरधारी जाति बंजारा 3 महेश पिता श्री गिरधारी जाति बंजारा 4- मंजूबाई पिता श्री गिरधारी जाति बंजारा 5- प्रभु पिता श्री हीरा जाति बंजारा 6- गौरीबाई पिता श्री हीरा जाति बंजारा 7- राजूबाई पिता श्री हीरा जाति बंजारा 8- बामनी पिता श्री हीरा जाति बंजारा निवासीगण ग्राम निपानिया गोयल तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 154/1 रकबा 0-390 हेक्टर स्थित ग्राम निपानिया गोयल तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को क्रय करने का सौदा किया विधिवत आंशिक टोकन बयाना राशि अदा कर के सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया जाना है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदा कर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमियों पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।
इति दिनांक 18/08/2026 उज्जैनकार्यालयीन समय-सुबह 11 से 6 बजे तक

**रितिक बंसल ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन बंसल टायपिंग सर्विस कंठाल चौराहा उज्जैन मो. 9425092149, 9009304444**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी श्री राहुल राठौर पिता मनोहर राठौर निवासी 20 रंग बावड़ी सखीपुरा उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 119 स्थित तिरुपति ड्रीम्स एक्सटेंशन ग्राम दाउदखेड़ी संतराम उज्जैन में है । जिसका कुल क्षेत्रफल 55.74 वर्गमीटर या 600.00 वर्गफीट है जो एक मंजिला निर्मित हैं को सर्वभार मुक्त अवस्था में तल भूमि मय हवाई हक क्रय करने का सौदा किया है। जिसके पूर्व में सड़क मिली है, पश्चिम में भूखंड क्रमांक 103, उत्तर में भूखंड क्रमांक 120 दक्षिण में भूखंड क्रमाकं 118 है। उक्त संपत्ति हेतु टोकन राशी का भुगतान कर मेरे पक्षकार किया गया है। उक्त संपत्ति पर HINDUJA HOUSING FINANCE LTD. के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति / संस्था / बैंक / शासकीय / अर्द्धशासकीय विभाग आदि का कोई ऋण / भार / बोझा / हक्क / हित एवं भार हो या किसी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा इस विक्रय संव्यवहार बाबत कोई आपत्ति हो तो सुचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिन के अंदर सप्रमाण मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार शेष प्रतिफल राशि का भुगतान कर सदर संपत्ति का अनुबंध पत्र या विक्रय पत्र अपने हित में पंजीकृत करवा लेवेगे 7 तत्पश्चात किसी भी प्रकार की उज्र आपत्ति मान्य नहीं होगी और न ही मेरे पक्षकार के हितो पर बंधन कारक होगी।
यह सूचित हो। इति दिनांक 18-8-2026

**हितेश थानी अधिवक्ता**
**कार्या-50 बी संतराम सिन्धी कॉलोनी, सांवेर रोड ( न्यू मारुती प्लाईवुड के पीछे ) उज्जैन मो. 8817888422**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई बैंक लि की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्लाट / प्लिंथ नं 76 आर के एवेन्यु कालोनी नानाखेडा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है पूर्व में प्लाट / प्लिंथ नं 56, पश्चिम में -कालोनी रोड, उत्तर में प्लाट / प्लिंथ नं 75, दक्षिण में प्लाट / प्लिंथ नं 77, जिसका कुल क्षेत्रफल 59.34 वर्गमीटर है। उक्त संपत्ति जयेश नागपाल पिता प्रकाश नागपाल को श्रीमती इशिता आहूजा पति जयेश आहूजा से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक आर 17 एमपी आईजी 18842026ए100073855 दिनांक 20/01/2026 के माध्यम से प्राप्त हुई थी। उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर ऋषभ यादव पिता परमेन्द्र यादव व श्रीमती दुर्गा यादव पति ऋषभ यादव द्वारा ऋण प्राप्त कर क्रय करने हेतु आई सी आई सी आई बैंक लि में आवेदन किया गया है तथा बैंक द्वारा उक्त संपत्ति को बंधक कर किया जा रहा है। उपरोक्त संपत्ति के पूर्व का लिंक दस्तावेज क्रमांक एमपी 432022019ए1883266 दिनांक 31/12/2019 कही गुम हो गये है तथा अन्य दस्तावेज के साथ प्रमाणित प्रति प्राप्त की जा रही है। अतः सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि आई सी आई सी आई बैंक लि द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति पर ऋण प्रदाय करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी।
अतः सूचित हो। इति दिनांक 18/08/2026

**नीरज सक्सेना ( एडवोकेट )**
**ए-18 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 97130-96363, 97130-15515**

### जाहिर सूचना

ग्राम नागझिरी तहसील कोठी महल जिला उज्जैन स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 176/2/1 रकबा 0.200 हेक्टेयर एवं उक्त भूमि पर विकसित कॉलोनी के भूखण्ड कमांक 06, 07, 07ए, 07बी, 08 व 08ए के संबंध में सर्व साधारण को मेरी पक्षकारा तबस्सुम पिता मो. याकुब पति जाहिद नूर खान निवासी-17. फव्वारा चौक, उज्जैन की ओर से सूचित व सावधान किया जाता है कि मेरी पक्षकारा एवं राहुल पिता नरेश भार्गव निवासी- 02/20, एम.आर. 2 रोड़ भरतपुरी उज्जैन द्वारा संयुक्त रूप से भूमि सर्वे क्रमांक 176/2/1 रकबा 0.200 हेक्टेयर स्थित ग्राम नागझिरी तहसील कोठी महल जिला उज्जैन को पंजीकृत विकय विलेख दिनांक 03.11.1988 के माध्यम से कय की गई है। उक्त भूमि को क्रय करने के उपरांत मेरी पक्षकारा एवं उक्त राहुल भार्गव द्वारा दिनांक 04.06.1993 को नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय उज्जैन से मानचित्र स्वीकृत करवाकर अनुज्ञा प्राप्त कर उक्त भूमि पर कॉलोनी विकसित की गई। मेरी पक्षकारा एवं उक्त राहुल भार्गव द्वारा उक्त भूमि पर विकसित की गई कॉलोनी में विभिन्न व्यक्तियों को भूखण्ड विक्रय किये गये। उक्त भूमि पर विकसित की गई उक्त कॉलोनी में भूखण्ड क्रमांक 06, 07, 07ए, 07बी, 08, 08ए व 13 कुल क्षेत्रफल 847.22 वर्ग मीटर के संबंध में उक्त राहुल भार्गव द्वारा मेरी पक्षकारा के पक्ष में रिलिज डीड दिनांक 11.07.1996 संपादित कर उक्त भूखण्डों में से अपना स्वत्व हित व अधिकार त्याग किया गया है। उक्त भूमि में स्थित भूखण्ड क्रमांक 06, 07, 07ए, 07बी, 08 व 08ए मेरी पक्षकारा के पूर्ण स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य के है। नगर पालिका निगम उज्जैन में भी उक्त भूखण्डों के संबंध में मेरी पक्षकारा का नामांतरण हो चुका है। वर्तमान में मेरी पक्षकारा को यह जानकारी प्राप्त हुई है कि उक्त राहुल भार्गव द्वारा उक्त भूमि तथा उसमें स्थित उक्त भूखण्डों को सिर्फ राजस्व अभिलेखों में नामांतरण होने के आधार पर अपने स्वामित्व का बताकर विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि उक्त राहुल भार्गव द्वारा पूर्व में ही उक्त भूमि पर कॉलोनी विकसित कर भूखण्ड विभिन्न व्यक्तियों को विक्रय किये जा चुके है तथा भूखण्ड क्रमांक 06, 07, 07ए, 07बी, 08 व 08ए के संबंध में मेरी पक्षकारा के पक्ष में रिलिज डीड की जा चुकी है। उक्त राहुल भार्गव तथा अन्य किसी भी व्यक्ति को उक्त भूमि तथा उसमें विकसित कॉलोनी के भूखण्डों के संबंध में कोई संव्यवहार करने का अधिकार ही प्राप्त नहीं है। मेरी पक्षकारा द्वारा उक्त राहुल भार्गव के विरूद्ध पुलिस एवं न्यायालय में भी कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है। अस्तु वर्तमान जाहीर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित व सावधान किया जाता है कि भूमि सर्वे कमांक 176/2/1 रकबा 0.200 हेक्टेयर स्थित ग्राम नागझिरी तहसील कोठी महल जिला उज्जैन तथा उक्त भूमि पर विकसित कॉलोनी के भूखण्ड कमांक 06, 07, 07ए, 07बी, 08 व 08ए के संबंध में उक्त राहुल भार्गव एवं किसी भी अन्य व्यक्ति से कोई भी संव्यवहार न करें। ऐसा कोई भी संव्यवहार मेरी पक्षकारा पर बंधन कारक नहीं होगा तथा ऐसे संव्यवहारकर्ता के विरूद्ध भी पुलिस में एवं न्यायालय में कार्यवाही की जाएगी। इति दिनांक 18/8/2026

**अजय जैन गिरिया**
**02, श्री विशाला देवास रोड, उज्जैन मो. 9009000915**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी जयराम पिता श्री बापूलाल जाट आयु- 72 वर्ष जाति- जाट (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम पलवा, तहसील महिदपुर जिला उज्जैन के एकांकी स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 834/2 रकबा 1.25 हैक्टर मे से रकबा 1.00 हैक्टर 5 बीघा हैक्टर स्थित ग्राम डूंगरखेडा तहसील झारडा जिला उज्जैन में है, उक्त संपत्ति को क्रय करने का विक्रय अनुबंध कर लिया है तथा अधिकतम राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर ई विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना है। अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋ ण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।
इति दिनांक 17-08-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत ( जैन ), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर - डीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मो. 99260-68606**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामी श्रीमति वर्षा परमार पति लक्ष्मीनारायण परमार निवासी जवहार मार्ग नानाखेडा उज्जैन भूखण्ड स्थिति ग्राम सुरासा तहसील घटिटया जिला उज्जैन मप्र ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 2792 जिसका क्षेत्रफल 40 बाय 60 जिसका कुल क्षेत्रफल 2400 वर्गफीट भूखण्ड स्थिति ग्राम सुरासा तहसील घटिटया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूखण्ड को विक्रय करने का सौदा चिट्ठी किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूखण्ड विक्रय पंजीयन केता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूखण्ड पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय पत्र क्रेता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो । इति दिनांक 19-08-2026

**राकेश शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड ऑफिस नम्बर 07 ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन**
**मो. 8719997462, 9584898788**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा श्री कुंवरजी बारोड पिता स्व.श्री रामचन्द्र जी बारोड, निवासी-24. आर्य समाज मार्ग. उज्जैन से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य के भवन म्यु. पुराना 1/906 नया क्र. 23. स्थित आर्य समाज मार्ग, उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 11 बाय 28.40 वर्गफीट कुल 312.40 वर्गफीट है जो कि तीन मंजिला निर्मित होकर पक्का आर.सी.सी. का बना हुआ है जिसको हवाई हक सहित क्रय करने का अनुबंध किया जाकर अनुबंध राशि अदा कर दी गई है एवं शेष विक्रय मूल्य की राशि अदा कर विक्रय पत्र का सम्पादन शीघ्र सम्पादित करवाया जाना है, उक्त मकान की चर्तुसीमा व पैमाईश निम्नानुसार है-पूर्व में सड़क आर्य समाज मार्ग सड़क, पश्चिम में भगवानजी का मकान, उत्तर में तेजनारायण पिता नानुराम का मकान, दक्षिण में पुरुषोत्तम जी का मकान, जिसकी पैमाईश लम्बाई 28.40 फीट चौडाई 11 फीट कुल क्षेत्रफल 312.40 वर्गफीट हवाई हक सहित है, यदि उक्त भवन में कोई अपना हित व हिस्सा या अधिकार अथवा सुखाधिकार अथवा अन्य किसी प्रकार का हित व अधिकार रखता हो, उक्त भवन पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, शासकीय, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋ ण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित आपत्ति मेरे समक्ष मेरे कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में प्रस्तुत करे, जिससे उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतित होने के पश्चात, मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।
अतः सर्वसाधारण सूचित हो।
दिनांक 18/08/2026

**अजहर दानिश खान ( एडवोकेट )**
**निवासी-79/5 रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**मो. 9425946142, 8770811515**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरा पक्षकार दरबार सिंह पिता पोप सिंह जी, जाति राजपूत, निवासी व कृषक ग्राम दौलतपुर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश का होकर, मेरे पक्षकार की निजी स्वामित्व स्वत्व व आधिपत्य एवं हक हिस्से की कृषि भूमि जिसका भूमि सर्वे नम्बर 220/4 रकबा 0.2300 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम दौलतपुर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर, उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध किया होकर क्रेतापक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर, सौदा चिठ्ठी/अनुबंध पत्र का संपादन करवा लिया गया होकर, अनुबंध कर शेष बकाया राशि धन प्राप्त कर उक्त भूमि का पंजीयन क्रेतापक्ष के नामे करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार हो अथवा उक्त संपत्ति किसी को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित कि हो या किसी भी व्यक्ति की लेनदायरी आदि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात (07) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय में आकर सम्पर्क करें, एंव अपना दावा एंव आपत्ति रखे। अन्य दशा में बाद अविध मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेतापक्षकार द्वारा संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिंनाक-18-08-2026

**अरविन्द शर्मा दस्तावेज लेखक**
**पता-दुकान नम्बर 01, न्यू बस स्टेण्ड, तहसील कार्यालय के सामने, तहसील घटिया जिला उज्जैन**
**मो. 9424014405, 8959793989, 7089828092**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भवनस्वामी अब्दुल रहीम बाबा पिता अब्दुल रजाक बाबा, निवासी- मकान नंबर-109, गली नंबर 7. कोट मोहल्ला, उज्जैन के एकांकी स्वत्व एवं आधिपत्य का एक भवन जो भूमि सर्वे क्रमांक 3687/2 में का भाग होकर स्थित ग्रीन पार्क कालोनी, हरिफाटक नानाखेड़ा, रिंग रोड़ पर मुख्य मार्ग से अंदर की ओर स्थित है, भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 22.59 वर्गमीटर है, को मेरे पक्षकार ने कयं करने का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर विक्रय अनुबंध का संपादन कर लिया है। अतः उक्त वर्णित भवन पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भवन में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विकय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 07 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भवन का विधिवत् ई विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।
इति दिनांक 18-08-2026 स्थान उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडवोकेट**
**दुकान नंबर- सीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मो. 99264-66157**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी गोपाल सिंह पिता नारायण सिंह जाति आंजना निवासी व कृषक ग्राम ढाबला हर्दू तहसील माकडोन जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 71/2/1 रकबा 0.97 हेक्टर मे से विक्रीत रकबा 0.50 हेक्टर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.50 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम ढाबला हर्दू तहसील माकडोन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का सौदा चिट्ठी किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विकय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋ ण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
सुचित हो । इति दिनांक - 19-08-2026

**राकेश शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड ऑफिस नम्बर 07 ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन**
**मो. 8719997462, 9584898788**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता मूल भुमि स्वामी रुगनाथसिंह पिता रतनसिंह जाति सोंधिया, निवासी ग्राम सुतारखेड़ा (नवाखेड़ा) तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 239 रकबा 0.16 हैक्टर एवं सर्वे नंबर 240/1 रकबा 0.32 हैक्टर एवं सर्वे नंबर 240/2 रकबा 0.16 हैक्टर कुल किता 03 कुल विकित रकबा 0.64 हैक्टर लगानी स्थित ग्राम सुतारखेड़ा (नवाखेडा) तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश को क्रय करने का सौंदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋ ण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि मैं मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा मैं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी सूचित हो । दिनांक 18-08-2026

**मोहित पाटीदार ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन म.प्र.**
**मो. 7999640229,9669092880**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी कृष्णा पिता श्री बाबुलाल जी, निवासी ग्राम सिलोदामोरी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य व अपने हक हिस्से कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 478/2 रकबा 0.940 हेक्टर मे से रकबा 0.470 हेक्टर भूमि, ग्राम सिलोदामोरी तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्ज व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो।
इतिः दिनांक-18/08/2026

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-डी-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन**
**मो. 94248 78460**

# नीमच के राजा किलेश्वर महादेव की शाही सवारी निकली

## समाजसेवी अरुल अशोक अरोरा ने की पूजा अर्चना

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच



श्रावण मास के तीसरे सोमवार के पावन अवसर पर नीमच के आराध्य देव एवं शहर के राजा श्री किलेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी सोमवार शाम धूमधाम से निकाली गई। युवा समाजसेवी अरुल अशोक अरोरा (गंगानगर) एवं श्री किलेश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वावधान में निकाली जा रही इस शाही सवारी को लेकर शहर में आस्था और उत्साह का माहौल देखा गया। भगवान भोलेनाथ फूलों से सुसज्जित विशेष रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले और अपनी प्रजा को दर्शन एवं आशीर्वाद दिया।शाही सवारी के शुभारंभ से पूर्व युवा समाजसेवी अरुल अशोक अरोरा ने विधि-विधान से भगवान किलेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना की।

ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच शाही सवारी मंदिर परिसर से रवाना हुई। रेलवे स्टेशन होते हुए चौकन्ना बालाजी मार्ग से सवारी ज्ञान मंदिर कॉलेज पहुंची, जहां अरुल अशोक अरोरा द्वारा आरती एवं विशेष पूजा-अर्चना कर शाही सवारी की विधिवत शुरूआत करवाई गई।इसके बाद शाही सवारी शहर के प्रमुख मार्गों से होकर आगे बढ़ रही है। खाटू श्याम मंदिर, तिलक मार्ग, सराफा बाजार, घंटाघर, नया बाजार, बारादरी, फव्वारा चौक, कमल चौक और टैगोर मार्ग होते हुए शाही सवारी 40 नंबर चौराहे पहुची। यहां युवा समाजसेवी अरुल अशोक अरोरा के नेतृत्व में बाबा किलेश्वर महादेव का भव्य स्वागत किया जाएगा। इस दौरान पुष्प वर्षा और आकर्षक आतिशबाजी भी होगी।

शाही सवारी के अवसर पर श्री किलेश्वर महादेव मंदिर को इस वर्ष विशेष रूप से सजाया गया है। युवा समाजसेवी अरुल अरोरा द्वारा मंदिर में करीब 101 क्विंटल देशभर से मंगाए गए रंग-बिरंगे एवं सुगंधित फूलों से भव्य सजावट करवाई गई है। नासिक के गुलाब, हिमाचल की सेवंती, रजनीगंधा सहित दिल्ली, पुणे और अन्य स्थानों से मंगाए गए विशेष फूलों से रेलवे स्टेशन रोड के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर मंदिर परिसर तक आकर्षक सजावट की गई है। फूलों की इस भव्य सजावट के चलते मंदिर परिसर अलौकिक नजर आ रहा था।श्रद्धालु बाबा के दर्शन के साथ फूलों से सजे मंदिर की भव्यता को भी निहार रहे हैं।

### 17 से अधिक झांकियां और नासिक के ढोल आकर्षण का केंद्र

शाही सवारी में 17 से अधिक आकर्षक धार्मिक एवं सांस्कृतिक झांकियां शामिल हैं। इनमें मेरठ की केरला झांकी, कलकत्ता की झांकी, राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी, बाहुबली हनुमान, बाहुबली शंकर, नरमुंड की विशेष प्रस्तुति, नंदी के साथ अघोरी स्वरूप और गंगा आरती की झांकी सहित अनेक प्रस्तुतियां शामिल हैं।

न्यूज-कॉलम

## 6 चोरी की मोटर साइकिलें जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** शहर की कोतवाली पुलिस ने 6 चोरी की मोटरसाइकिलें जब्त करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने सिद्धि विनायक अस्पताल की पार्किंग से चोरी हुई बाइक क्र. एमपी14 एमटी 4390 के मामले में अनुसंधान करते हुए संदेही को पकड़ा। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने आरोपी अर्जुन (19) पिता सत्यनारायण भांभी निवासी ग्राम जवासिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने सिद्धि विनायक अस्पताल के अलावा शहर के अन्य स्थानों से भी 5 अन्य दोपहिया वाहन चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 2.40 लाख रुपये मूल्य की 6 मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। पुलिस आरोपी से अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

## 20 अगस्त को ठाकुर श्री कल्लाजी का मनेगा जन्मोत्सव

**नीमच।** समीप राजस्थान के निम्बाहेड़ा कल्याण नगरी के राजाधिराज ठाकुर श्री कल्लाजी का 483वां जन्मोत्सव श्रावण शुक्ल अष्टमी 20 अगस्त को धर्म, गौरव एवं परंपरा के साथ मनाया जाएगा। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को शाम 7 बजे श्री कल्लाजी मंदिर के सामने एमजीएम स्कूल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मंदिर के न्यासियों व पदाधिकारियों के अनुसार कार्यक्रम में ठाकुर श्री कल्लाजी के जीवन परिचय एवं श्री कल्लाजी मंदिर से संबंधित प्रश्नोत्तरी आयोजित होगी। इसमें श्री कल्लाजी के जीवन से जुड़ी जानकारी, मंदिर से जुड़े रोचक तथ्य तथा ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक प्रश्न शामिल किए जाएंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को ठाकुर श्री कल्लाजी के जीवन, वीरता, धर्मनिष्ठा एवं लोककल्याण की परंपरा से परिचित कराना है।

## सांदीपनि विद्यालय को मिला आईएसओ 9001:2015 प्रमाण पत्र

**मंदसौर।** जिले के पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय सांदीपनी विद्यालय साबाखेड़ा ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर प्रबंधन के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानक आईएसओ 9001:2015 (क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम) का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। इसके साथ ही साबाखेड़ा विद्यालय यह गौरव हासिल करने वाला मंदसौर जिले का दूसरा शासकीय स्कूल बन गया है। यह प्रमाणन टोरिस मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उच्चतर माध्यमिक स्तर तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शैक्षणिक नवाचारों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के मानकों पर खरा उतरने के बाद प्रदान किया गया है।

## तिरंगा यात्रा के जनसैलाब से घबराया विपक्ष फैला रहा भ्रामक बाते

**नीमच।** जावद विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विधायक ओमप्रकाश सखलेचा के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा पर शुरू हुआ सियासी घमासान अब और तेज हो गया है। कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों पर करारा पलटवार करते हुए सिंगोली नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन (कुमार) बगड़ा ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया है।

## सोशल मीडिया पर दोस्ती के बाद ब्लैकमेलिंग करने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार, 15 लाख के जेवर बरामद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर



पुलिस थाना वायडी नगर ने सोशल मीडिया पर दोस्ती कर युवती को ब्लैकमेल करने और धोखाधड़ी से सोने के आभूषण हड़पने वाले मामले में आरोपी गोपाराम उर्फ गोपाल उर्फ राजवीर (28) पिता सवाराम देवासी निवासी रेबारियो का वास कानाकोलर थाना शिवगंज जिला सिरोही (राज.) को सूरत (गुजरात) से गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने स्नैपचैट और इंस्टाग्राम के जरिए पीड़िता से पहचान बढ़ाई और शादी का झांसा देकर मंदसौर के एक होटल में गलत काम किया। बाद में स्वयं ही होटल वाला बनकर वीडियो वायरल करने की धमकी दी और पीड़िता को डराकर 15 लाख रु. मूल्य के सोने के जेवर हड़प लिए। पुलिस की विशेष साइबर टीम ने कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए आरोपी की लोकेशन सूरत में ट्रैक की और उसे हिरासत में लिया। आरोपी सूरत में कतरगाम क्षेत्र मे निवास कर रहा था और किसी हीरे की फेक्ट्री में काम कर रहा था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर राजस्थान स्थित उसके पैतृक निवास से आभूषण-जिसमें सोने की चूड़ियां, अंगूठियां, मांदलिया, हार, मंगलसूत्र, चेन और झुमकी बरामद कर लिए गए हैं।



## श्री गुर्जर का भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत होने पर किया स्वागत

**पिपलिया मंडी।** राज्य सभा सांसद श्री बंशीलाल जी गुर्जर को भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर उनके निज निवास लालघाटी पहुंचकर हार्दिक बधाई शुभकामनाए प्रेषित कि। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश परिक्षण प्रभारी श्री गणपत लाल आंजना, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष आदरणीय भाई साहब श्री योगेन्द्र सिंह (राजा बन्ना), भाजपा किसान मोर्चा मंडल मल्हारगढ़ अध्यक्ष श्री बाबुलाल डाका पिपलिया विशन्या, भाजपा किसान मोर्चा मंडल मल्हारगढ़ महामंत्री श्री धिरज शर्मा हरसोल, मल्हारगढ़ मंडल भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री प्रकाश पोरवाल पिपलिया मंडी (रिछा), पुर्व मंडल अध्यक्ष श्री विष्णुदास बैरागी, पिपलिया मंडी मंडल उपाध्यक्ष श्री गोविन्द पोरवाल, पिपलिया मंडी पार्षद श्री बलराम सोलंकी, मल्हारगढ़ मंडल सदस्य श्री नेपाल सिंह शक्तावत मुन्देड़ी,राजेश कुमार कारपेन्टर जलोदिया मिडिया प्रभारी, भाजपा मंडल मल्हारगढ़, व सौशल मिडिया प्रभारी भाजपा किसान मोर्चा मंडल मल्हारगढ़ सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रभुलाल सूर्यवंशी राजीव गांधी गौरव अवॉर्ड से होंगे सम्मानित



**मंदसौर।** अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर 23 अगस्त को नई दिल्ली में एक भव्य राष्ट्रीय समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में मंदसौर के प्रमुख समाजसेवी एवं राष्ट्रीय अजा-जजा विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष प्रभुलाल सूर्यवंशी (मैनेजर) को राजीव गांधी गौरव अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। मंच के संयोजक डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा और ग्लोबल एम्बेसडर मुलसिंह नाथावत ने बताया कि श्री सूर्यवंशी का चयन उनके द्वारा लंबे समय से किए जा रहे सामाजिक योगदान, सेवाभावी कार्यों और जनहित के प्रयासों के आधार पर किया गया है। 25 देशों के राष्ट्रीय ध्वजों की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में श्री सूर्यवंशी भारत के सांस्कृतिक मूल्यों और समरसता पर अपने विचार भी व्यक्त करेंगे।

## चंचल की पढ़ाई में अब आर्थिक बाधा नहीं- जनसुनवाई में कलेक्टर ने दी 25 हजार की मदद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर

जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को मंदसौर की युवती चंचल सोनी के लिए वरदान साबित हुई। अब उसके आगे के अध्ययन में आर्थिक तंगी बाधा नहीं बनेगी। चंचल इंदौर के प्रतिष्ठित एसजीआईटीएस कॉलेज में उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहती थी, लेकिन फीस की समस्या के कारण परेशान थी। अपनी इस समस्या को लेकर वह जनसुनवाई में कलेक्टर श्री दिव्यांक सिंह से मिली। कलेक्टर ने पूरी संवेदनशीलता के साथ उसकी बात सुनी और मौके पर ही एसडीएम को रेड क्रॉस के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ही चंचल की गार्जियन को 25 हजार रुपये का चेक सौंपा गया, साथ ही भविष्य में भी हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया।

उल्लेखनीय है कि चंचल पूर्व में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित अपना घर में निवास करती थी और वर्तमान में पूर्व निरमुक्त आफ्टर केयर बालिकाओं के साथ रह रही है। अपने करियर के प्रति गंभीर चंचल ने डीसीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है और अब मास्टर डिग्री के लिए उसका चयन इंदौर के एसजीआईटीएस कॉलेज में हुआ है।

77 आवेदकों की समस्याएं- जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने ७७ आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के कड़े निर्देश जारी किए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, संयुक्त कलेक्टर प्रीति संघवी एवं एसडीएम शुभम पाटीदार ने भी समस्याओं की सुनवाई की।

## धर्मराजेश्वर दर्शन के साथ साधकों ने लिया हास्य योग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद



दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर

दशपुर योग शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध धार्मिक स्थल धर्मराजेश्वर के लिए एक दिवसीय यात्रा का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। मंदसौर योग भवन से दो बसों और निजी वाहनों के माध्यम से शुरू हुई इस यात्रा में संस्थान के 120 साधकों ने हिस्सा लिया। यात्रा के दौरान साधकों ने श्री धर्म राजेश्वर मंदिर में भगवान शिव और लक्ष्मीनारायण जी के दर्शन-वंदन किए तथा वहां स्थित प्राचीन गुफाओं के ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व को जाना। योग गुरु सुरेंद्र जैन ने पूरी यात्रा के दौरान सभी सदस्यों को एक सूत्र में पिरोए रखा। दर्शन के उपरांत बसई स्थित वेव क्लब में साधकों के लिए विशेष हास्य योग सत्र का आयोजन किया गया। इसके बाद शिवाय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें साधकों ने गीत, भजन, हास्य-व्यंग्य और नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। मनोरंजक खेलों और लक्की ड्रा का आयोजन भी किया, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

## प्राचीन बाबा रामदेव जी के तीन दिवसीय मेले का होगा आयोजन

**पिपलिया मंडी।** रूनिजा मारवाड (राज) के बाद द्वितीय स्थान माने जाने वाले मल्हारगढ के प्राचीन बाबा रामदेव जी स्थान पर तीन दिवसीय मेला आयोजन कि तैयारियों के संबंध में नगर परिषद उपाध्यक्ष श्री राधेश्याम प्रजापति की अध्यक्षता में नगर परिषद पार्षदगण एंव प्रतिनिधियो की बैठक संपन्न हुई

प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी नगर परिषद एवं जन सहयोग से प्राचीन बाबा रामदेव जी का तीन दिवसीय मेला दिनांक 11 सितम्बर से 13 सितम्बर 2026 तक भव्य आयोजन हेतु बैठक मे चर्चा की जाकर मेले मे दिनांक 11 सितम्बर को मेला शुभारंभ एवं रात्रि में विशाल भजन संध्या , दिनांक 12 सितम्बर को बाबा रामेदव जी की शोभा यात्रा एव अखाडो का सम्मान समारोह दिनांक 13 सितम्बर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजन का निर्णय लिया गया है।

बैठक में मैला जन सहयोग समिति हेतु नाम सुझाये गये जिसमे मैला समिति अध्यक्ष श्री मनजीत प्रजापति को सर्व सहमति से मनोनित किया गया। मेले में बाहर से आने वाले व्यवसाईयो झुले, चकरीयो व अन्य व्यवसाईयो की व्यवस्था व मेले में आने वाले जनता के मनोरंजन के लिये भी रंगारंग कार्यक्रमो के आयोजन हेतु चर्चा कर भव्य रूप से मेला आयोजन करने का निर्णय सर्वानुमति से लिया गया।

न्यूज कालम



## निनोरा में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया

**पिपलिया मंडी।** मल्हारगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत निनोरा परिसर में तथा शासकीय माध्यमिक विद्यालय, शा.प्रा.वि. एवं सरस्वती शिशु मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार पंचायत कार्यालय पर सरपंच श्रीमती पूजा कुंवर शिवपाल सिंह शक्तावत ने ध्वजारोहण किया। इसी तरह विद्यालय परिसर में सरपंच श्रीमती शक्तावत की अध्यक्षता में शिक्षका श्रीमती प्रेमलता पाटीदार ने ध्वजारोहण किया। इसी उपलक्ष्य में उपरोक्त तिनों स्कूलों द्वारा संयुक्त रूप से गांव में प्रभात फेरी निकाली गई। जिसका महिला दुग्ध उत्पादन समिति कार्यालय पर अध्यक्ष प्रतिनिधि लक्ष्मी नारायण पाटीदार ने ध्वजारोहण किया। सचिव घनश्याम पाटीदार ने आभार व्यक्त किया व बच्चों को मिठाई वितरण की गई। प्रभात फेरी उपरांत विद्यालय में आयोजित समारोह का संचालन प्रधानाध्यापक श्री विरमसिंह शक्तावत ने किया।

## गुजराती सेन समाज के 175 होनहार बच्चों व वरिष्ठों का हुआ अभिनंदन



**मंदसौर।** स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में जिला गुजराती सेन समाज संगठन एवं प्रयास सेन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 संपन्न हुआ। प्रतिभा का सम्मान, समाज का अभिमान ध्येय वाक्य के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में 175 प्रतिभावान बच्चों को शील्ड एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कबीर कंसल्टेंसी के वरिष्ठ समाजसेवी जितेंद्र पटेल (इंदौर), भारतीय सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज सेन (पलसूद), प्रतापगढ़ के सिविल सर्जन डॉ. धीरज सेन एवं नीमच के वरिष्ठ समाजसेवी रमनकुमार गेहलोत उपस्थित रहे। अध्यक्षता गुजराती सेन समाज संगठन के जिलाध्यक्ष बलराम राठौर एवं जिला युवाध्यक्ष किशोर देवड़ा ने की। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में बच्चों को निरंतर मेहनत करने और शिक्षा के माध्यम से समाज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। संचालन ओमप्रकाश खिंची ने किया व नगर अध्यक्ष राकेश सेन सम्राट ने आभार व्यक्त किया।

## नीमच में 20 अगस्त को आयोजित होगा युवा संगम कार्यक्रम

**नीमच।** जिला रोजगार कार्यालय एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, नीमच के संयुक्त तत्वावधान में 20 अगस्त को प्रातः11 बजे से दोपहर 3 बजे तक टाउन हॉल, दशहरा मैदान, नीमच में च्युवा संगमज कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।कार्यक्रम में जिले की स्थानीय एवं जिले के बाहर की प्रतिष्ठित कंपनियों तथा उद्योग एवं व्यापारिक संस्थाओं द्वारा सहभागिता की जाएगी। इन कंपनियों एवं संस्थाओं द्वारा विभिन्न पदों के लिए योग्य युवाओं का चयन किया जाएगा। साथ ही युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार, उद्योग स्थापना, शासकीय योजनाओं एवं कौशल विकास संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। युवा संगम कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित कराना है। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा युवाओं से अपील की गई है, कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता कर रोजगार एवं स्वरोजगार के उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाएं।

## चार माह बाद भी अधूरे सिंहस्थ पथ का काम जल्द शुरू हो- विधायक जैन

**मंदसौर।** श्री पशुपतिनाथ मंदिर से नालछा माता मंदिर होते हुए मंदसौर बायपास मार्ग तक प्रस्तावित सिंहस्थ पथ का निर्माण कार्य स्वीकृति और कायार्देश जारी होने के चार माह बीत जाने के बाद भी प्रारंभ नहीं हो सका है। निर्माण कार्य में हो रही इस देरी को लेकर स्थानीय विधायक विपिन जैन ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कलेक्टर को एक पत्र लिखा है और निर्माण कार्य तुरंत शुरू कराने का आग्रह किया है। विधायक श्री जैन ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि 3.80 किलोमीटर लंबे इस महत्वपूर्ण सिंहस्थ पथ के निर्माण के लिए 31 करोड़ 50 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है। इसके साथ ही टेंडर प्रक्रिया और कायार्देश जारी करने का काम भी बहुत पहले पूरा हो चुका है, लेकिन जमीनी स्तर पर अभी तक काम शुरू नहीं किया गया है।

## जनसुनवाई केंद्र के बाहर किसान द्वारा स्वयं पर डीजल डालकर आत्महत्या का प्रयास

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब अपनी जमीन के विवाद को लेकर लगातार जनसुनवाई में पहुंच रहे कंजाड़ा निवासी किसान हीरालाल पिता घिसालाल मालवीय ने खुद पर डीजल डाल कर आत्मदाह का प्रयास किया गया । किसान का आरोप था कि उसकी सर्वे नंबर 702 की 0.117 हेक्टेयर जमीन पर दूसरे व्यक्ति द्वारा फर्जी सर्वे नंबर के आधार पर करीब 12 आरी जमीन पर कब्जा कर जबरन निर्माण किया जा रहा है और उसे न्याय नहीं मिल रहा है।

किसान के आत्मघाती कदम से पहले ही पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़कर बचा लिया। घटना के बाद कलेक्टर कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। किसान हीरालाल मालवीय ने आरोप लगाया कि उसकी जमीन सर्वे नंबर 702 में 0.117 हेक्टेयर है, जबकि सामने वाले व्यक्ति की वहां जमीन ही नहीं है।

उसका आरोप है कि फर्जी तौर पर जमीन का नंबर बताकर उसकी करीब 12 आरी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है और वहां जबरन निर्माण भी कराया जा रहा है। किसान ने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में नीचे स्तर के अधिकारी उसकी गलत जानकारी तैयार कर उसे गुमराह कर रहे हैं तथा उसे ही गलत साबित करने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-16
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती ज्योती परले पिता श्री सुनील परले आवेदन क्रं. 823 दिनांक 17.08.2026 पता-135 कारीडोर प्रथम ग्रीन्स कालोनी इन्दौर पिन- 2000317064 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 16 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-16 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-7
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- धैय प्रभा पति स्व. डा. आर.एन. क्रेता-कमल प्रभा पतिश्री अशोक कुमार जैन वार्ड- 29 पता- 25-एसी स्कीम नं. 54 इन्दौर पिन- 1000961132 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-7
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- आशा पति इन्द्रपालसिंह क्रेता-श्री विपीन पिता इन्द्रपालसिंह चौहान वार्ड- 32 पता- 229-बी एस-2 स्कीम नं. 78 इन्दौर पिन- 1000985347 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-7
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- अधि. निरज कनोजिया क्रेता-श्रीमती आरती सैनी पति आकाश सैनी वार्ड- 34 पता- ए-522 गुलमोहर काम्पलेक्स इन्दौर पिन- 90000 91390 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-7
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- डा. प्रवीण पिता स्व. आर.पी. मल्होत्रा क्रेता-श्रीमती शुक्ला राय चौधरी वार्ड- 34 पता- 508 रायल अमर ग्रीन इन्दौर पिन- 1000988176 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर

## भावसार श्री त्र्यम्बकेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष नियुक्त



**बड़नगर।** श्री त्र्यम्बकेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट की बैठक मंदिर परिसर पर आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित सदस्यो के बीच नवीन अध्यक्ष को लेकर चर्चा की गई। तदनुसार सभी सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से सुरेश भावसार (नेताजी) को नवीन अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं उपाध्यक्ष संतोष यादव, सचिव राजेन्द्र बरानिया व कोषाध्यक्ष रामेश्वरी माहेश्वरी सहित शेष कार्यकारिणी व सदस्यो को यथावत रखा गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष सुरेश भावसार का उपस्थित सदस्यो ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। सभी सदस्यो ने एक मत होकर विकास व धार्मिक आयोजनों को गति देने का संकल्प लिया।

## सीईओ मॉरिशा शिंदे का पदोन्नति पर अभिनन्दन



**महिदपुर।** बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति (बाप समिति) महिदपुर जिला उज्जैन द्वारा वर्तमान जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी मॉरिशा शिंदे को डिप्टी कमिश्नर पद पर पदोन्नति मिलने पर समिति संरक्षक एवं डोमा परिसंघ प्रदेश महासचिव जे के मालवीय के नेतृत्व समिति पदाधिकारियों द्वारा जनपद पंचायत कार्यालय जाकर समिति के स्मृति चिन्ह जिसमें तीन महापुरुषों की तस्वीरें है (धरती आबा बिरसा मुंडा, विश्वरत्न डॉ बी आर अंबेडकर और महात्मा ज्योतिबा फूले) भेंट की। सीईओ मॉरिशा शिंदे द्वारा समिति का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर समिति संरक्षक एडवोकेट रामचन्द जोकचंद कढ़ाई, उपाध्यक्ष विक्रमसिंह सोलंकी, सक्रिय सदस्य नरेंद्र परमार, गोपीलाल बामनिया, ऋतिक परमार, रानी सोलंकी, यशराज परमार आदि उपस्थित रहे।

## मंगल वरदाय चातुर्मास का प्रथम बाल शिविर आयोजित



**महिदपुर।** नगर के जैन संघ में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी श्री तत्वलता श्रीजी म.सा. आदि ठाणा की पावन निश्रा में मंगल वरदाय चातुर्मास का प्रथम बाल शिविर श्री त्रिस्तुतिक पौषधशाला में आयोजित किया गया। शिविर में अनेक बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा धर्म से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। शिविर के दौरान बच्चों को मंदिर में की जाने वाली धार्मिक क्रियाओं एवं उनके नियमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही बच्चों को सुपात्रदान की महिमा समझाते हुए शालिभद्र जी के जीवन का प्रसंग बताया गया कि उन्होंने किस प्रकार सुपात्रदान किया और उसके माध्यम से अत्यंत पुण्य का अर्जन किया। बच्चों को दान के महत्व एवं उसके पीछे की भावना को सरल एवं रोचक तरीके से समझाया गया। शिविर के अंत में बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक ज्ञानवर्धक गेम्स आयोजित किए गए। तत्पश्चात सभी बच्चों को प्रभावना प्रदान की गई एवं स्वल्पाहार कराया गया।

## सरपंच वर्मा ने कावड़ यात्रियों का किया स्वागत



**महिदपुर रोड।** ग्राम झुटावद से उज्जैन जाने वाले कावड़ यात्रियों का ग्राम पंचायत बेलची बुजुर्ग के सरपंच प्रतिनिधि कैलाश वर्मा ने पुष्प माला पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया एवं फल वितरित किये इस अवसर पत्रकार राकेश दायमा भगवान सिंह चौधरी किशोर पंड्या विनोद डांगी गोपाल राठौर आदि उपस्थित थे।

### आजादी के 79 वर्ष पूरे : देश भक्ति में डूबा अंचल, उत्साह के साथ हुआ ध्वजारोहण

# उत्साह पूर्वक मनाया स्वतंत्रता दिवस, शहीदों को किया याद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सारंगपुर ब्लाक के समस्त प्राथमिक, माध्यमिक और हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल तथा 200 के लगभग निजी शैक्षणिक संस्थाओं एवं शासकीय एवं निजी कार्यालय तथा सामाजिक, राजनीतिक संगठनों के कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का आन-बान-शान के साथ ध्वजारोहण किया गया। स्थानीय कृषि उपज मंडी में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर सहित पूरे ब्लॉक में आजादी के 79 वर्ष पूरे होने पर 80वीं वर्षगांठ के मौके पर राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के रूप में पारंपरिक एवं सांस्कृतिक हर्षोल्लास से मनाया गया। यहां कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष देवनारायण नागर ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया और नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, विधायक प्रतिनिधि पृथ्वी टेटवाल विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया।

ग्राम पंचायत स्तर व अन्य कार्यालयों में तक झंडा फहराने के बाद राष्ट्रगान हुआ। सभी शासकीय कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यालय प्रमुख अपने विभाग के अधिकारी, कर्मचारी कार्यालय भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा राष्ट्रगान का गायन किया गया।









**सुसनेर**

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति और उत्साह के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति, भारतीय संस्कृति एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, महाकाल नृत्य, मटकी नृत्य, सिक्किम का लोकनृत्य, योगा डांस, छतरी नृत्य तथा आत्मरक्षा प्रदर्शन प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं कचरा प्रबंधन एवं स्वच्छता पर आधारित माइम प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वच्छ पर्यावरण का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

इस अवसर पर कलेक्टर शेर सिंह मीणा विशेष रूप से विद्यालय पहुंचे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन में अनुशासन, मेहनत, सकारात्मक सोच, ईमानदारी एवं निरंतर सीखते रहने के महत्व पर प्रेरणादायी बातें साझा कीं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने तथा देश के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

क्षेत्र के ग्राम मोड़ी में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव में विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य समारोह हर चौक परिसर में हुआ, जहां गोवर्धनलाल बंसिया ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गीत से हुई, जिसके बाद राष्ट्रगान हुआ।

समारोह में गांव के शासकीय एवं अर्धशासकीय विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत मोड़ी में रामगोपाल मीणा ने ध्वजारोहण किया। वहीं सोसायटी परिसर में राधेश्याम बोहरा ने ध्वजारोहण किया। सरदार वल्लभभाई पटेल चौराहे पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बजरंग बोहरा ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान ग्रामीणों में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला और भारत माता के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

**खाचरौद**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वंदे मातरम ग्रुप द्वारा 10 वर्षों से चली आ रही परंपरा को इस वर्ष भी उत्साहपूर्वक निभाया गया। ग्रुप द्वारा नगर में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों देशभक्तों ने हाथों में तिरंगा लेकर भाग लिया।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ नए बस स्टैंड, नागदा रोड से हुआ।यात्रा के पूर्व अतिथियों द्वारा संबोधन किया गया, तथा यात्रा संयोजक भरत कांकर ने संचालन करते हुवे वंदे मातरम ग्रुप द्वारा निकाली जा रही तिरंगा यात्रा के 9 वर्षों का अनुभव बताते हुवे, उपस्थित सभी देशभक्तों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इसके पश्चात यात्रा प्रारम्भ हुई, जिसमे देशभक्ति गीतों की धुनों पर झूमते हुए यात्रा गोपाल मंदिर, उत्तरामुखी हनुमान मंदिर, चबूतरा चौराहा, गणेश देवली, पारीक पेट्रोल पंप, उज्जैन दरवाजा, मुख्य गली, शीतला माता मार्ग, कस्बा, भवानी चौक, शुक्रवारिया बाजार, चबूतरा चौराहा होते हुए पुराना बस स्टैंड पहुंचा। यात्रा का समापन स्टेशन रोड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मार्ग में विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारे गूंजते रहे।

**महिदपुर रोड**

स्वतंत्रता दिवस नगर के शासकीय अशासकीय विद्यालय की कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं का श्रेया एनजीओ ग्राम पंचायत गोगापुर के कार्यक्रम में सरपंच ऋतु पाटीदार जिला पंचायत सदस्य दलजीत कौर गुर उप सरपंच मांगीलाल आंजना तथा अन्य अतिथियों की मौजूदगी में शील्ड एवं उपहार देकर द्वारा सम्मानित किया गया सस्ता के संचालक विनय मोने ने जानकारी देते हुए बताया साथ ही शासकीय अस्पताल गोगापुर तालाब के आसपास तथा कन्या हाई स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया गया। मइस कार्य में मोने की धर्मपत्नी वैशाली मोने समाजसेवी श्याम गुलाटी, अरविंद उपाध्याय एवं मनोहर लाल चौहान का सहयोग रहा ।

**महिदपुर**

15 अगस्त स्वाधिनता दिवस पर शासकीय, प्रायवेट स्कूलों, कार्यालयों में झण्डावंदन कार्यक्रम सम्पन्न हुए। स्कूली छात्रों ने नगर में प्रभातफेरी निकाली जो न.पा. कार्यालय पहुंच मुख्य कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। न.पा. अध्यक्ष श्रीमती नानीबाई प्रकाशचन्द्र माली ने झण्डावंदन किया। न.पा. सी.एम.ओ. राजा यादव ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम में न.पा. पार्षद, पदाधिकारियों के साथ विधायक दिनेश बोस, पूर्व विधायक बहादुरसिंह चैहान, लोकतंत्र सेनानी, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के पश्चात न.पा. द्वारा मिठाई वितरण किया गया।

न्यायालय परिसर में अपर एवं तृतीय जिला सत्र न्यायाधीश कमलेश सानोडिया ने झण्डावंदन किया। इस अवसर पर न्यायाधीश चेतना दशोरा मेडम, न्यायाधीश दीपक दाहिया, न्यायाधीश रत्नप्रिया श्रीवास्तव, अनुविभागीय अधिकारी अजय हिंगे, तेहसीलदार संतुष्टी पाल एवं अभिभाषकगण, न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित थे। कृषि उ.मण्डी समिति कार्यालय में भारसाधक अधिकारी एवं एसडीओ अजय हिंगे ने कर्मचारियों एवं व्यापारियों की उपस्थिति में झण्डा फहराया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश बगाना ने अम्बेडकर चैक में विधायक दिनेश जैन बोस एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में झण्डा फहराया।

## चार करोड़ के विकास कार्यों का विधायक पंड्या ने किया लोकार्पण एवं भूमि पूजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर





तहसील की ग्राम पंचायत पलसोड़ा एवं ग्राम पंचायत निम्बोदा में विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या के आतिथ्य में चार करोड़ से अधिक की लागत के विकास कार्यो का भूमि पूजन एवं लोकार्पण संपन्न हुआ। विकास योजना अन्तर्गत सामुदायिक भवन, ग्रेवल रोड़, पानी की टंकी, पुलिया निर्माण, गौशाला शेड, चेक डेम, बाउण्ड्रीवाल, सीसी रोड़ एवं नाली निमार्ण सहित अनेक विकास कार्यो का भूमि पूजन एवं लोकार्पण करते हुए विधायक पण्ड्या ने कहा कि आज का यह ऐतिहासिक दिन हमारे मुख्यमंत्रीजी की दूरदर्शी सोच और सबका साथ सबका विकास के संकल्प का परिणाम है। हमारे मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पुरे प्रदेश में विकास की नई गंगा बह रही है, उनके मार्गदर्शन में हमारी सरकार का एक ही लक्ष्य है हर गांव, हर गरीब और हर नागरिक तक तरक्की का लाभ पहुंचना चाहिए। आपकी हर समस्या का समाधान करना और आपके जीवन को बेहतर बनाना ही हमारा परम कतृव्य है। सभी ग्रामीणजनों को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

भूमि पूजन एवं लोकार्पण के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कमलाकुंवर अंतरसिंह देवड़ा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि उमरावसिंह राठौर, उपाध्यक्ष अजबसिंह देवड़ा, जिला पंचायत, एवं अधिकारी कर्मचारी समस्त पंचायतो के पंचगण, सचिव, सहायक सचिव एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## गाँव जाकर किसानों से धरना प्रदर्शन में शामिल होने का कर रहे आह्वान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



भारतीय किसान संघ द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर मंगलवार को तहसील कार्यालय के समीप गेस्ट हाउस के सामने विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन के बाद किसानों की समस्याओं और मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

धरना प्रदर्शन को लेकर भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री सहित तहसील के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचकर किसानों से संपर्क कर रहे हैं और अधिक से अधिक संख्या में धरना प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया जा रहा है। कार्यकताओं द्वारा किसानों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर अपनी आवाज प्रशासन तक पहुंचाने की अपील की जा रही है।

भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि 18 अगस्त को आयोजित धरना प्रदर्शन में क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान शामिल होंगे। धरना स्थल पर किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर चर्चा की जाएगी तथा इसके पश्चात प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांगों के निराकरण की मांग की जाएगी। संगठन ने क्षेत्र के किसानों से निर्धारित समय पर गेस्ट हाउस के सामने पहुंचकर धरना प्रदर्शन को सफल बनाने का आह्वान किया है।





## श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया

**बड़नगर।** श्री गुजराती रामी माली समाज अमला में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन संत श्री श्री 1008 बालबिहारी दासजी महाराज के श्रीमुख से कथा श्रवण किया जा रहा हैं। इस अवसर पर सोमवार को श्रीकृष्ण जन्म उत्सव पर विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या, मण्डल अध्यक्ष महेश हारोड़ परिवारजनो एवं समाजजनो की उपस्थिति में कथा का श्रवण किया गया। समाज के अध्यक्ष सुरेश डोडिया, अंकित चावडा, शिवनारायण डोडिया, गणेश मोरी, गोवर्धनलाल परमार, दुगार्शंकर गोड़, भेरूलाल गाडीवान, रमेश चैहान द्वारा विधायक पंड्या का शाल श्रीफल से स्वागत किया गया। उक्त जानकारी समाज सेवक मनोहरलाल द्वारा दी गई।

## मां पार्वती के जल से बड़ा महादेव का जलाभिषेक किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा

माँ राजराजेश्वरी कावड़ यात्रा समिति मलावर क्षेत्र के तत्वावधान में विशाल कावड़ यात्रा निकाली मीडिया प्रभारी सुरेश सुमन ने बताया कि ये कावड़ यात्रा का आठवां वर्ष है यात्रा सोमवार को सुबह 11 बजे से माँ पार्वती नदी के तट से सेकनपुर घट से हजारों की संख्या में कावड़ यात्री कांवड लेकर लगभग 25 किलोमीटर पैदल चल कर ग्राम सिलखेड़ा, लखनवास, लोधीपुरा, सुंदरपुरा, जामनकापुरा, आगर, आगरी, चुकलिया ,गुंजारी, मलावर, खेड़ी कुशलपुरा ,से होते शाम 6:30 बजे बड़ा महादेव मंदिर मलावर समापन हुआ जहां पर हजारों की संख्या में शामिल होकर भगवान बड़ा महादेव का जलाभिषेक किया काँवड़ यात्रा का गाँव गाँव में भव्य स्वागत किया गया नगर में कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया गया सुंदरपुरा में जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह, पूर्व विधायक रामचन्द्र दांगी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सोंधिया डॉ भरत वर्मा, महेंद्र यादव, चेनसिंह गुर्जर, पूर्व सरपंच कृष्णपाल सिंह सोंधिया,ग्राम गूंजरी राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार भाजपा नेता अमित शर्मा इंदर सिंह लववंशी गोपाल बादशाह आदि ने स्वागत किया गया।

## मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के नेतृत्व में विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर



मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के नेतृत्व में रविवार को महिदपुर नगर में विशाल भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया । यात्रा नागचंद्रेश्वर मंदिर से शुरू हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई ढोल धमाके के साथ 7 किलोमीटर की दूरी तय कर बैजनाथ धाम महादेव पहुंची। जय मातृ शक्ति द्वारा भोलेनाथ मां गौरी का अभिषेक किया गया। मातृशक्ति द्वारा भजनों की धुन पर पैदल यात्रा सर पर कलश रखकर जल भरकर प्रस्थान किया गया। कावड़ यात्रा संचालिका रजनी गुलाटी ने बताया कि यह कावड़ यात्रा भोलेनाथ के प्रति सच्चे प्रेम का प्रतीक है एवं यह कावड़ यात्रा का पांचवा वर्ष है यह भी बताया गया की कावड़ यात्रा में लगभग 1200 से 1500 मातृशक्ति उपस्थित हुई। कावड़ यात्रा का पूरे मार्ग में जगह-जगह स्वागत किया गया और विभिन्न धार्मिक संस्थाओं ने राजनीतिक संस्थाओं ने कावड़ यात्रा का स्वागत किया । मातृशक्ति के लिए जलपान भी वितरित किया गया। यात्रा में भोलेनाथ में मां गौरी की झांकी बग्घी में विराजित होकर आकर्षण का केंद्र रही ।

## तिलभाण्डेश्वर मंदिर में हुआ महा रुद्राभिषेक, नगर में निकली श्रावण की तीसरी सवारी



**तराना।** श्रावण के तीसरे सोमवार को नगर में तिलभाण्डेश्वर मंदिर में श्रावण की तीसरी सवारी निकाली गई ।सुबह 6:30 बजे महारुद्राभिषेक का आयोजन हुआ। सुबह 8:30 से सायंकाल तक आयोजन हुआ एवं शाम को 7:30 बजे भोजन भण्डारा का आयोजन हुआ ।आयोजक विश्वकर्मा परिवार रहा ।वही दोपहर 3 बजे पारम्परिक गार्ड ऑफ ऑनर एवं पालकी पूजन के बाद सवारी शुरू हुई यह सवारी नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली सवारी का वीभिन्न स्थानों पर पूजन आदि किया गया ।वही महंत मोहन भारती महाराज,महत ओम भारती महाराज पूर्व विधायक ताराचंद गोयल,बबलू विश्वकर्मा,नीरज खंडूजा,जगदीश राठी, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

## मंत्रोच्चारण से ओंकारेश्वर का मां नर्मदा के जल से किया जलाभिषेक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भौंरासा



नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष बाबा भंवरनाथ कावड़ यात्रा समिति द्वारा सैकड़ों कावड़ियों के साथ ओंकारेश्वर से भौरासा नगर तक मां नर्मदा का जल भरकर कावड़ यात्रा निकाली जाती है।

इस वर्ष भी समिति के द्वारा भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें समिति के तेजसिंह राजपूत, शैलेंद्र ठाकुर द्वारा बताया गया कि कावड़ यात्रा का इस वर्ष सहित 21 वर्ष हो चुके जिसमें पिछले गत दिनों 12 अगस्त बुधवार को बाबा भंवरनाथ मंदिर प्रांगण से सैकड़ों कावड़ यात्री ओंकारेश्वर के लिए रवाना हुए थे जिसके अगले दिन गुरुवार को कावड़ में जल भर कर ओर विधि विधान से पूजा अर्चना कर भौरासा के लिए निकलते है जिसमें 150 किलोमीटर पांच दिवसीय यात्रा होती जिसमें रात्रि विश्राम किया जाता हे पांच दिवसीय भजनों पर झूमते नाचते पैदल केवल यात्रा पूर्ण कर आज 17 अगस्त सोमवार को नगर में प्रवेश किया जहां नगर में जगह जगह स्वागत किया गया जिसमें मंडल मीडिया प्रभारी प्रेमचंद अग्रवाल,द्वारा पुष्प वर्षा कर आइस्क्रीम वितरण कर भव्य स्वागत किया जिसमें मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा उपस्थित थे।

साथ ही नगर परिषद से अध्यक्ष संजय जोशी,तहसील चौराहा पर उपाध्यक्ष जयसिंह राणा,रपट मार्ग नीरज ठाकुर,विजय ठाकुर,बड़े हनुमान चौक,छोटा हनुमान चौक,गणेश चौक पर स्थानीय द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

### इन्होंने किया स्वागत

मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद पालीवाल,नरेंद्र माली, गोरधन बोडाना हिम्मत ठाकुर, ओमप्रकाश जायसवाल, प्रदीप ठाकुर, शेखर ठाकुर, अश्विन जायसवाल, मुकेश कुमावत, देवीसिंह, छोटू माली, शिवा मित्तल, द्वारा सभी कावड़ यात्रियों का स्वागत किया गया जिसके बाद कावड़ नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई बाबा भंवरनाथ मंदिर पहुंची जहा नगर परसाई मनोज जोशी द्वारा बाबा भंवरनाथ महाराज और बाबा मनकामेश्वर महाराज का जलाभिषेक किया गया ओर अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया।

## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन महिदपुर की साधारण सभा की बैठक आयोजित

**महिदपुर।** दिनांक 16-08-2026 को प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन महिदपुर मे संगठन की साधारण सभा की बैठक का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर मे रखा गया । सर्वप्रथम सरस्वती पूजन दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण संभागीय अध्यक्ष ओम प्रकाश दुबे व जिला अध्यक्ष अशोक कुमार जेन व जिले के पदाधिकारी एन एस राठौर ,ओम वर्मा, विक्रमसिंह चौहान, राजाराम चौहान, शांतिलाल जायसवाल उज्जैन व घटिया के अध्यक्ष व महिदपुर अध्यक्ष एम डी बैरागी ने किया । इस अवसर पर अमृतलाल शर्मा सगवाली, रामसिह राठौर, नन्दलाल सतीजा, जयराम गेहलोत, वासुदेव शर्मा, राजेन्द्रसिंह भटनागर, बद्रीलाल व्यास, रमेशचन्द्र परिहार, गोपालसिंह राणा, श्रीमती शर्मिष्ठा राणा, श्रीमती चेतना पंजाबी , रमेशचन्द्र पंजाबी, अमृतलाल शर्मा कासौन, प्रहलादसिंह चौहान, बालाराम परमार रमेशचन्द्र परिहार सगवाली, अरुण चावडा, लक्ष्मीनारायण सोलंकी, मुन्नालाल दोहरे दिलीप कुमार बोथरा, आदि उपस्थित रहे । स्वागत उद्बोधन सभी अतिथि महानुभावों ने दिया । संगठन की गतिविधियां व अगली कार्य योजना पर प्रकाश डाला गया। बैठक उपरान्त सरस्वती शिशु मंदिर परिसर मे वृक्षारोपण किया गया । उपरान्त सह भोज हुआ । संचालन वासुदेव शर्मा ने किया ।

# नेचुरल तरीकों से रूखे बालों की समस्या से पाएं निजात...



मानसून आते ही काफी सारी दिक्कतें होने लगती हैं। वहीं महिलाओं के बोलों की समस्या सबसे ज्यादा होती है, जिसे लेकर वो काफी परेशान हो जाती है लेकिन आपको बिलकुल भी टेंशन में नहीं लेना है। इससे बचने के लिए हम आपको कुछ टिप्स बताएंगे जिससे आप अपने बालों की देखभाल कर सके और उनका अच्छे से ख्याल रखकर मौनसून में बाल झड़ने से बचा सके। इस तरह रूटीन को करें फॉलो।

**रुखे और बेजान हो गए है बाल? इन ट्रिक्स को अपनाने से मिलेगा बेहतर रिजल्ट**


## दही का इस्तेमाल करें



मौनसून में उमस की वजह से हेयर ड्राई हो जाते है। दही का इस्तेमाल बालों के लिए काफी फयादेमंद होता है। दही में काफी सारे पोषक तत्व होते है। दही का सेवन करने से बालों के लिए बेहद लाभकारी होता है। मौनसून में आप अपने बालों पर दही जरूर लगाए और फिर 15-20 मिनट बाद बालों को शैंपू से धो लें। इसे सप्ताह में 2-3 बार लगाए। आप खुद महसूस करेंगे की बाल अच्छे हो रहे हैं।

## कंडीशनर का इस्तेमाल करें

मौनसून में बाल रूखे हो जाते है जिसके बाद इन्हें सुलझाने में भी काफी समय लग जाता है। इससे बचने के लिए आपको कंडीशनिंग करनी चाहिए जिससे आप बाल एक दम सॉफ्ट बने रहे। और बाल बांधने में भी किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं हो। कंडीशनिंग लगभग 10 मिनट तक करनी हैं इसके बाद आप खुद अपने बालों में बदलाव देखेंगे।



**कंडीशनिंग लगभग 10 मिनट तक करनी**

## हेयर ड्रायर का इस्तेमाल ना करें


मौनसून में जाहिर सी बात है कि बारिश में भीगने के बाद ठंड लगती हैं और जिस दिन सिर धुला हो, उस दिन तो क्या ही कहना। बारिश में भीगने के बाद तुरंत ड्रायर का इस्तेमाल करते है जिससे हमारे बाल जल्दी सुख जाए और हमें ठंड नहीं लगे। लेकिन आपका ऐसा करना हानिकारक हो सकता है। इसलिए कोशिश करे की ड्रायर का इस्तेमाल नहीं करे। ये आपके बालों को सुखा तो देगा लेकिन इन्हें रूखा बना कर देगा...



## हेयर सीरम का इस्तेमाल करें

मौनसून में ड्राई बालों को बचाने और सिल्की बालों के लिए आपको सीरम का उपयोग करना चाहिए। इससे आपके बाल घने होते हैं और बेहद ही सिल्की होते है।


# घर पर ही पाएं पार्लर जैसा लुक



युवतियों को ब्यूटीफुल दिखने का शौक भी होता है और उन्हें स्मार्ट अट्रैक्टिव दिखने का हक भी होता है। तभी आजकल हर मौल, मार्केट में 3-4 ब्यूटीपार्लर जम गए हैं। लेकिन महंगाई के इस जमाने में सभी ब्यूटीपार्लर के इस महंगे ट्रीटमैंट अफोर्ड नहीं कर पाते? जहां ईएमआई का झंझट सिर पर हो, पाईपाई बचा कर बच्चों और घर की जरूरतें पूरी की जा रही हों तो ऐसे में पार्लर जाना संभव नहीं। ऐसे में थोड़ी सुबूत के साथ अगर घर पर ही कुछ सामान खरीद कर रख लें तो बारबार पार्लर के खर्चे से बच सकते हैं। एक बार थोड़े पैसे खर्च कर के कुछ सामान घर पर ही रख बहुत आसानी से आप अपनी सुंदरता को बरकरार रख सकती हैं। जैसे फेशियल किट, वैक्स, स्क्रब, प्यूमिक स्टोन, नेल फायलर, स्ट्रेटनिंग मशीन, स्टिमर, ऐलोवेरा जैल, गुलाबजल, बादाम का तेल और विटामिन ई कैप्सूल।

सब से पहले फेशियल या क्लीनअप की बात करें तो चम्मच भर स्क्रब और क्रीम से 15 मिनट मसाज कर के पार्लर वाले हजार ऐंठ लेते हैं। इस से बेहतर है घर पर ही अपने सौंदर्य जतन का इंतजाम कर लिया जाए।

# म्यूटेड ब्लश से पाएं नेचुरल ग्लो लुक



कुछ समय पहले तक मेकअप का मतलब था गालों पर चमकीला और गहरा ब्लश. जितना ज्यादा पिंक या कोरल ब्लश, उतना स्टाइलिश लुक माना जाता था. लेकिन अब ब्यूटी की दुनिया में नया ट्रेंड है म्यूटेड ब्लश, जो चेहरे को हल्का, नैचुरल और सॉफ्ट ग्लो देता है.

**क्या है म्यूटेड ब्लश?-** म्यूटेड ब्लश ऐसे हल्के और सौम्य शेड्स होते हैं जो त्वचा में आसानी से घुल-मिल जाते हैं। ये चेहरे पर जरूरत से ज्यादा रंग नहीं चढ़ाते, बल्कि नेचुरल फ्रेशनेस और हल्की रौनक देते हैं। अगर आपको ह्लनो-मेकअप मेकअप लुकह्व पसंद है, तो यह ट्रेंड आपके लिए बिल्कुल सही है।

**क्यों पसंद किया जा रहा है यह ट्रेंड?-** मेकअप एक्सपर्ट्स का कहना है कि अब लोग हैवी मेकअप की बजाय ऐसे लुक पसंद कर रहे हैं जो चेहरे की असली खूबसूरती को उभारें। म्यूटेड ब्लश हर दिन इस्तेमाल किया जा सकता है और यह लगभग हर तरह के मेकअप के साथ अच्छा लगता है।

**क्रीम या पाउडर, कौन-सा बेहतर?-** दोनों ही अच्छे हैं। क्रीम और लिक्विड ब्लश ड्राई स्किन वालों के लिए बेहतर माने जाते हैं क्योंकि ये स्किन जैसी फिनिश देते हैं।





### गिलक्रिस्ट का रिकॉर्ड तोड़ा, चोटिल चांदीमल की जगह दूसरे खिलाड़ी ने बैटिंग की

# पंत ने टेस्ट में सबसे तेज 100 छक्के लगाए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ऋषभ पंत ने टेस्ट क्रिकेट में 100 छक्के पूरे कर लिए हैं। वे ऐसा करने वाले दुनिया के सबसे तेज बल्लेबाज बन गए हैं। पंत ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट का रिकॉर्ड तोड़ा। साथ ही, वे भारत की ओर से टेस्ट में छक्कों का शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज भी बने।

भारत ने गॉल टेस्ट के चौथे दिन श्रीलंका को 372 रन का टारगेट दिया। जवाब में श्रीलंका ने 4 विकेट पर 84 रन बनाए हैं। दिन के पहले सेशन में फील्डिंग के दौरान दिनेश चांडीमल चोटिल हो गए। उनकी जगह पसिंदु सोरियाबोरियान बल्लेबाजी के लिए उतरे। ऋषभ पंत टेस्ट 100 छक्के लगाने वाले दुनिया के चौथे खिलाड़ी बन गए। वे ऐसा करने वाला सिर्फ दूसरे



विकेटकीपर हैं। उनसे पहले ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट ने यह उपलब्धि हासिल की थी। इंग्लैंड के बेन स्टोक्स ने सबसे ज्यादा 138 सिक्स लगाए हैं। पंत टेस्ट में सबसे कम पारी और सबसे कम गेंद में 100 छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। वे सिर्फ 89 पारी और 4,918 गेंद खेलकर इस मुकाम तक पहुंचे। उन्होंने एडम गिलक्रिस्ट का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 6,578 गेंद और 130 पारियों में 100 छक्के पूरे किए थे। पंत भारत के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वीरेंद्र सहवाग (90 छक्के) दूसरे और रोहित शर्मा (88 छक्के) तीसरे स्थान पर हैं।

चौथे दिन फील्डिंग के दौरान दिनेश चांडीमल का सिर और कंधा जमीन से टकरा गया। जांच के बाद उन्हें आगे खेलने के लिए फिट नहीं माना गया। उनकी जगह पसिंदु सोरियाबोरियान कन्कशन रिप्लेसमेंट के तौर पर बल्लेबाजी करने उतरे। हालांकि, वे पहली ही गेंद पर आउट हो गए। कन्कशन सिर में लगी चोट को कहते हैं। क्रिकेट में गेंद हेलमेट या सिर पर लगने के बाद खिलाड़ी को चक्कर, सिरदर्द या बेहोशी जैसे लक्षण हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में फिजियो और डॉक्टर खिलाड़ी की जांच करते हैं।

## दिल्ली प्रीमियर लीग में अंपायर के चेहरे पर गेंद लगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग में मैच के दौरान फील्ड अंपायर धर्मेश भारद्वाज चोटिल हो गए हैं। उन्हें एक क्लब में भर्ती कराया गया है। घटना सोमवार रात की है, लेकिन इसकी जानकारी मंगलवार को सामने आई। अरुण जेटली स्टेडियम में न्यू दिल्ली टाइगर्स और ईस्ट दिल्ली राइडर्स के बीच मैच चल रहा था। टाइगर्स की पारी के 18वें ओवर में लक्ष्य थरेजा का शॉट उनके चेहरे पर लगा। शॉर्ट इतना तेज था कि धर्मेश को बचने का मौका नहीं मिला और वे बॉल लगने के बाद मैदान पर ही गिर गए।

## 12 साल में पहली बार किसी खिलाड़ी को खेल-रत्न नहीं

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने मंगलवार को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 का ऐलान कर दिया है। 12 साल में पहली बार ऐसा हुआ है जब किसी खिलाड़ी को खेल रत्न नहीं दिया गया हो। इससे पहले 2014 में ऐसा हुआ था इस साल 17 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड के लिए चुना गया है। इनमें चेस खिलाड़ी दिव्या देशमुख, विदित गुजराती, एथलीट तेजस्विन शंकर और बैडमिंटन खिलाड़ी गायत्री गोपीचंद व तृषा जॉली जैसे नाम शामिल हैं। फुटबॉल के दिग्गज 84 साल के आई. अरुमायनायगम को अर्जुन अवॉर्ड की लाइफटाइम कैटेगरी में चुना गया है।

## नैनो न्यूज

- **भारत की हॉकी में मुश्किल बढ़ी** – इंग्लैंड ने भारत को 4-2 से हराया। अब पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण हो गया है।
- **भारत-पाकिस्तान हॉकी भिड़ंत** – विश्व कप में भारत और पाकिस्तान की अहम टक्कर को लेकर रोमांच बढ़ गया है। भारत को अगले दौर में पहुंचने के लिए जीत जरूरी है।
- **आयुष शेट्टी का बड़ा उलटफेर** – भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने विश्व नंबर-1 शी यूकी को हराकर विश्व चैंपियनशिप में बड़ा उलटफेर किया।
- **लक्ष्य सेन आज मैदान में** – विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के दूसरे दिन भारतीय चुनौती की अगुआई लक्ष्य सेन करेंगे।
- **महिला हॉकी टीम का अहम मैच** – भारतीय महिला टीम आज विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरेगी। चीन से 2-2 ड्रॉ के बाद जीत जरूरी है।
- **2025 खेल पुरस्कारों पर फैसला** – 2025 के लिए किसी खिलाड़ी को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न देने की सिफारिश नहीं की गई, जबकि 17 खिलाड़ियों के नाम अर्जुन पुरस्कार के लिए भेजे गए।
- **सिंधु दूसरे दौर में पहुंचीं** – पीवी सिंधु ने दिल्ली में चल रही विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में जीत के साथ अगले दौर में प्रवेश किया।

### भारत मजबूत स्थिति में, श्रीलंका दूसरी पारी में-84/4

# खराब रोशनी से चौथे दिन का खेल खत्म

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। टीम ने गॉल टेस्ट के चौथे दिन श्रीलंका के 84 रन पर 4 विकेट गिरा दिए हैं। खराब रोशनी के कारण दिन का खेल समय से पहले खत्म करना पड़ा। कप्तान धनंजय डी सिल्वा 31 और सोनल दिनूषा 25 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों के बीच 37 रन की साझेदारी हो चुकी है। श्रीलंका को जीत के लिए अभी 288 रन और बनाने हैं। भारत की ओर से मानव सुथार ने 2, जबकि मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने 1-1 विकेट लिया। भारत ने पहली पारी में 462 और दूसरी पारी में 193 रन बनाए थे। श्रीलंका की पहली पारी 284 रन पर सिमटी थी, जिससे भारत को 178 रन की बढ़त मिली थी। दूसरी पारी के 193 रन जोड़कर भारत ने 371 रन की कुल बढ़त



हासिल की। खराब रोशनी के कारण चौथे दिन का खेल समय से पहले खत्म कर दिया गया। श्रीलंका ने 34 ओवर में 4 विकेट पर 83 रन बनाए हैं। धनंजय डी सिल्वा और सोनल दिनूषा नाबाद हैं। भारत को जीत के लिए 6 विकेट, जबकि श्रीलंका को 288 रन और चाहिए। पांचवें दिन का खेल सुबह 9:45 बजे शुरू होगा।

देवदत्त पडिक्कल ने फर्स्ट क्लास में सातवीं बार गेंदबाजी की

देवदत्त पडिक्कल ने इस टेस्ट में गेंदबाजी भी की। यह उनके फर्स्ट क्लास करियर में सिर्फ सातवां मौका था जब उन्होंने गेंद हाथ में ली।

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है। साईज - 10x11 हाईट- 15 फीट
मोबाइल 8518800456 9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें 940 6801069

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता 9926466157

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन फोन: 7869850570 9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन फोन: 7869850570 9827832632

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें पीसी राजपूत रीयल एस्टेट 9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय 10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे श्री हरि पेपर इंडस्ट्री 8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### झाबुआ में कुएं के पास मिला नवजात शिशु

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के रायपुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम देवली में एक नवजात शिशु लावारिस हालत में कुएं के पास रोता हुआ मिला। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की सतर्कता से बच्चे को समय रहते सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया गया। देवली निवासी श्रवण तेजा पशुओं के लिए चारा लेने भूरीघाटी रोड की ओर गए थे। इसी दौरान उन्हें रमेश भागीरथ के कुएं के पास से नवजात के रोने की आवाज सुनाई दी। उन्होंने तुरंत कुएं के मालिक को इसकी सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम सरपंच प्रतिनिधि नंदू भाभर को सूचित किया गया। उन्होंने तत्काल रायपुरिया पुलिस को घटना से अवगत कराया।

### झाबुआ में युवक ट्रेन के आगे कूदा, मौत

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के बामनिया रेलवे स्टेशन पर सोमवार रात एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। लगभग 25 वर्षीय इस युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना सोमवार रात करीब 12 बजे की है और मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार, सोमवार रात करीब 12 बजे बामनिया रेलवे स्टेशन से गुजर रही मुंबई-जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस के सामने युवक ने अचानक छलांग लगा दी। ट्रेन के लोको पायलट ने तुरंत बामनिया रेलवे स्टेशन पर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही राजकीय रेलवे पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### धार में बारिश में तिरपाल के नीचे अंतिम संस्कार

**धार।** सरदारपुर तहसील की दसाई ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज के लिए स्थायी श्मशान घाट की मांग को लेकर कलेक्टर राजीव रंजन मीना को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने श्मशान घाट के लिए भूमि का स्थायी आवंटन करने के साथ पक्का निर्माण और टिनशेड बनाने की अनुमति देने की मांग की। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने अपनी मांग को लेकर कलेक्ट्रेट के बाहर धरना भी दिया और नारेबाजी की। ग्रामीणों के अनुसार, दसाई और आसपास के क्षेत्रों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज के लोग लंबे समय से निवास कर रहे हैं। समाज के लोग ग्राम दसाई की शासकीय भूमि पर स्थित पारंपरिक श्मशान घाट का वर्षों से अंतिम संस्कार के लिए उपयोग करते आ रहे हैं।

धार में फोरलेन पर

### दिनदहाड़े 7.90 लाख रुपये की लूट



टायर बदल रहे कार सवार युवक और ड्राइवर को बदमाशों ने पीटा, लाखों के जेवर लेकर फरार

**धार।** धार के सरदारपुर थाना क्षेत्र में इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर 15 अगस्त की दोपहर दिनदहाड़े लूट की वारदात सामने आई है। ग्राम भेरूचौकी क्षेत्र में तीन अज्ञात बदमाशों ने कार सवार युवक और उसके ड्राइवर के साथ मारपीट कर करीब 7.90 लाख रुपए के सोने के आभूषण और नकदी लूट ली। वारदात के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार इंदौर निवासी 27 वर्षीय हर्ष संगतानी अपने ड्राइवर शोएब हुसैन के साथ कार से अहमदाबाद जा रहे थे। घटना 15 अगस्त की दोपहर करीब 2 से 3 बजे के बीच ग्राम भेरूचौकी के पास हुई। रास्ते में उनकी कार का टायर पंचर हो गया। इसके बाद हर्ष और ड्राइवर शोएब फोरलेन किनारे कार रोककर टायर बदलने लगे। हर्ष और शोएब टायर बदल रहे थे, तभी तीन अज्ञात बदमाश वहां पहुंचे। आरोप है कि बदमाशों ने दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी और हर्ष के पास मौजूद सोने के आभूषण और नकदी लूट ली। अचानक हुई वारदात से दोनों कुछ समझ पाते, इससे पहले आरोपी लूट की वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। फरियादी हर्ष संगतानी के मुताबिक बदमाशों ने उनके पास से 3 लाख 30 हजार रुपए की सोने की चेन, 50 हजार रुपए की सोने की बाली, 4 लाख रुपए का सोने का कड़ा और बैग में रखे 10 हजार रुपए नकद लूट लिए।

## नैनो न्यूज

- **इंदौर मंडी में प्याज तेज-** इंदौर मंडी में प्याज के भाव में तेजी का माहौल बना हुआ है। आवक और मांग के बीच बाजार में हलचल देखी जा रही है।
- **लहसुन बाजार में सामान्य कारोबार-** इंदौर मंडी में लहसुन का कारोबार सामान्य बना हुआ है। व्यापारियों के अनुसार आवक के अनुरूप बाजार में खरीदारी जारी है।
- **चांदी के भाव में तेजी-** इंदौर में 18 अगस्त को चांदी का भाव 2.50 लाख रुपए प्रति किलो दर्ज किया गया। सराफा बाजार में कारोबार जारी है।
- **शेयर बाजार में गिरावट-**घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को दबाव रहा। सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में नीचे खुला, जिससे निवेशकों में सतर्कता का माहौल बना।
- **कच्चे तेल की कीमतें बढ़ीं-** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से पेट्रोलियम कारोबारियों की लागत पर दबाव बढ़ने की संभावना है।
- **पेट्रोल डीजल के दाम स्थिर-** तेल कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल और डीजल के दाम जारी किए। कीमतों में तत्काल बदलाव नहीं होने से उपभोक्ताओं को राहत मिली।

इंदौर में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 24 घंटे वॉटर सप्लाई के लिए बिछाई गई नई पाइप लाइन

# टेस्टिंग के दौरान धंसी 40 करोड़ की सड़क, बाल-बाल बचे राहगीर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में 24 घंटे वॉटर सप्लाई के लिए बिछाई गई नई पाइप लाइन की टेस्टिंग के दौरान एक सड़क धंस गई। यह सड़क तीन साल पहले गोराकुंड में 40 करोड़ रुपए की लागत से बनाई गई थी। घटना सोमवार की है। इसका वीडियो मंगलवार को सामने आया है।





इसमें साफ दिख रहा है कि सड़क पर सामान्य आवाजाही चल रही थी, तभी अचानक नीचे से पानी का तेज बहाव आया और सड़क के परखच्चे उड़ गए। जिस वक्त सड़क फटी, वहां से कार, ऑटो और बाइक सवार गुजर रहे थे। गनीमत रही कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। खौफ के कारण लोग गाड़ियां छोड़कर भागने लगे। पानी के जबरदस्त प्रेशर से डामर और पेवर ब्लॉक उखड़ गए। सड़क के बीचोबीच बड़ा गड्ढा बन गया।

### कनेक्शन जोड़ने के बाद हो रही थी टेस्टिंग

जानकारी के अनुसार, गोराकुंड क्षेत्र में पानी की नई लाइन पहले ही बिछाई जा चुकी है। इंजीनियर कनेक्शन जोड़ने के बाद पाइप लाइन की टेस्टिंग कर रहे थे। इसी दौरान पानी के दबाव से सड़क का हिस्सा टूट गया और पानी सड़क पर फैल गया।

### तीन साल में सड़क की गुणवत्ता पर सवाल

यह सड़क स्मार्ट सिटी के एरिया बेस्ड डेवलपमेंट के तहत विकसित की गई थी। एमजी रोड और आसपास के क्षेत्रों में सड़क सहित कई सुविधाओं पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी सड़क इतनी कमजोर कैसे हो गई, इसकी जांच होनी चाहिए। इस घटना ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत बिछाई गई पानी की लाइन की टाइमिंग और सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

राजपूत समाज ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, उपयुक्त स्थान पर देने की मांग

## भोजशाला से लगकर नमाज की व्यवस्था हटाने की मांग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

धार राजपूत समाज ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर भोजशाला परिसर से सटी खसरा नंबर 612 की जमीन से जुम्मे की नमाज की व्यवस्था हटाने की मांग की। समाज ने कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इसमें नमाज के लिए किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर व्यवस्था करने का आग्रह किया गया।



सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के बाद प्रशासन की ओर से मुस्लिम समाज के लिए हर शुक्रवार भोजशाला से सटी खसरा नंबर 612 की जमीन पर जुम्मे की नमाज की व्यवस्था की जा रही है। राजपूत समाज ने मांग की कि इस स्थान से नमाज की व्यवस्था हटाकर बाहर किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर की जाए। समाज का कहना है कि इससे भोजशाला में होने वाली धार्मिक गतिविधियों और नमाज की व्यवस्था के बीच टकराव की स्थिति नहीं बनेगी। समाज ने प्रशासन से खसरा नंबर 612 की जमीन के बजाय मुस्लिम समाज के लिए किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर नमाज की व्यवस्था करने का आग्रह किया।

### दोनों समुदायों के रास्ते अलग रखने की मांग

ज्ञापन में कहा गया कि खसरा नंबर 612 की जमीन भोजशाला से सटी हुई है। ऐसे में दोनों समुदायों की धार्मिक गतिविधियां एक साथ होने पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चुनौती हो सकती है। समाज के अनुसार, इसी को देखते हुए प्रशासन से पहले ही वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की गई थी। राजपूत समाज ने सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम निदेशों का पालन सुनिश्चित करने के साथ दोनों समुदायों के आवागमन के रास्ते अलग रखने की मांग की। समाज का कहना है कि भोजशाला जाने वाले रास्ते और नमाज स्थल तक पहुंचने वाले रास्ते की स्पष्ट व्यवस्था होने से भ्रम और असुविधा से बचा जा सकता है।

## इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष का 7 दिन का अल्टीमेटम

### खराब सड़के रविवार तक ठीक नहीं हुई तो कांग्रेस एक साथ करेगी चक्काजाम

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में खराब और गड्ढे वाली सड़कों को लेकर इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा है कि अगर 7 दिन में इन सड़कों को ठीक नहीं किया जाता है तो कांग्रेस इन सड़कों पर उतरेगी और चक्काजाम करेगी, ताकि कुंभकर्ण की नींद सो रहे प्रशासन को जगाएगी।

दरअसल, इंदौर शहर में कई जगह सड़कों की हालत खस्ता हो गई है। सर्विस रोड की सड़के भी खराब है। इन्हीं सड़कों की हालत को लेकर इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने मैदान संभाला है। उन्होंने कहा कि इंदौर जैसे महानगर में, जिसे हम आधुनिक शहर मानते है।

वहां पर सड़कों की इतनी दुर्गति होना और गड्ढों को कारण लोगों की जान जाना। इंदौर शहर पर कंलक जैसा मानता हूं। जब कोई भी ओवर ब्रिज, ब्रिज बनाता है तो ठेकेदार की जिम्मेदारी रहती है और इंजीनियर, कंसलटेंट और संबंधित जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी रहती है कि वे वहां की सर्विस लेन को दुरुस्त करके चले, लेकिन भ्रष्टाचार और भाजपा की जुगलबंदी चल रही है। इसके कारण ये दुर्गति इंदौर शहर की हो रही है।

उन्होंने कहा कि खासकर हम आटर इंदौर की बात करें तो वहां बहुत ज्यादा बद से बदतर स्थिति में सड़के हो चुकी है। कोई सुनने, समझने वाला नहीं है। उन्होंने अगले सात दिन की चेतावनी की है कि अगर ये सड़कें 22 तारीख तक ठीक नहीं हुई तो, इसके बाद वाले सप्ताह में कांग्रेस पार्टी जहां-जहां भी गड्ढे है, सर्विस रोड खराब है सब जगह एक साथ चक्काजाम करके कुंभकर्णी नींद में सोई हुई नगर निगम, सोई हुई सरकार, सोए हुए अधिकारियों-जनप्रतिनिधियों को जगाने की कोशिश करेंगे। उनको मजबूर कर देंगे कि वे चलने लाकर सड़कें जनता को मुहैया कराए।

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में स्किल की कमी का जिक्र

## पथरी के ऑपरेशन के बाद महिला की मौत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

पथरी के ऑपरेशन के चार दिन बाद 25 वर्षीय पूजा सिसोदिया की मौत हो गई। जब इसकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आई तो इलाज की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक, ऑपरेशन के दौरान सर्जरी का रास्ता 10वीं-11वीं पसलियों के पीछे से होते हुए डायफ्राम और दाहिनी किडनी के बाहरी हिस्से तक पहुंचा था।

पोस्टमॉर्टम में डायफ्राम में करीब 0.70.6 सेंटीमीटर का आर-पार सर्जिकल घाव मिला। दाहिनी पीठ के निचले हिस्से में करीब 1.3 सेंटीमीटर लंबा सर्जिकल घाव भी मिला, जिसमें एक टांका लगा था। पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टरों ने अपनी राय में लिखा- ये तथ्य सर्जिकल प्रक्रिया में इलाज करने वाले डॉक्टर की स्किल की कमी की ओर इशारा करते हैं। हालांकि, विसरा रिपोर्ट अभी आना बाकी है।

परिजन के मुताबिक, पूजा को 22 जुलाई को दूधिया स्थित नोबल अस्पताल में पथरी के ऑपरेशन के लिए भर्ती कराया गया था। 23 जुलाई को एमवाय अस्पताल के यूरोसर्जन डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने उनका ऑपरेशन किया। इसके बाद पूजा का यूरिन आना बंद हो गया। परिजन ने डॉक्टर को इसकी जानकारी दी, लेकिन उन्हें स्थिति सामान्य बताते हुए जल्द ठीक होने की बात कही गई।

इस दौरान पूजा के हाथ-पैर पर काले रंग के घाव भी दिखाई देने लगे। हालत में सुधार नहीं होने पर 25 जुलाई को उन्हें जूनी इंदौर स्थित एवीपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरों ने यूरिन में संक्रमण की जानकारी दी। इलाज के दौरान 26 जुलाई को पूजा की मौत हो गई। पूजा की मौत के बाद उनके आठ वर्षीय बेटे दक्ष पर सबसे ज्यादा असर पड़ा है। पति से तलाक के बाद पूजा ही उसकी देखभाल कर रही थीं। वह मायके में रहकर ब्यूटी पार्लर चलाती थीं और बेटे की परवरिश करती थीं।

## पत्नी की चाकू मारकर हत्या बेटा-बेटी को तालाब में फेंका

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

कनाड़िया में सोमवार (17 अगस्त) देर रात एक व्यक्ति ने गला घोंटकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। झलारिया गांव का सुनील पिता रामावतार चौहान (37) पेशे से ड्राइवर है। पत्नी अनीता बाई (32) की हत्या कर दी।

इसके बाद आरोपी दोनों बच्चों माही (10) और अजय (8) को हिंगोनिया गांव के पास स्थित तालाब में ले गया और उन्हें फेंक दिया। अजय किसी तरह तालाब से बाहर निकल आया। इसके बाद उसने वहां से गुजर रही कनाड़िया ꠱꠱꠱ टीम को घटनाक्रम की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपी सुनील को झलारिया गांव से राउंडअप कर लिया। पूछताछ में उसने पत्नी पर चाकू से हमला करने की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर महिला का शव बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बच्चों को तालाब में फेंकने की जानकारी भी दी। इसके बाद ꠱꠱꠱ टीम को मौके पर बुलाकर रातभर सर्चिंग अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान बेटी माही का शव तालाब से बरामद कर लिया गया। शुरूआती जांच में सामने आया है कि पत्नी अनीता बाई (32) के अन्य लोगों से बातचीत करने को लेकर दोनों के बीच लंबे समय से कलह चल रही थी। शुरूआती जांच में अनीता के शरीर पर चाकू के निशान मिले हैं और गला घोंटने की बात भी सामने आई है।

## इंस्टा पर मैसेज-डेटा गोपनीयता पर मेटा और केंद्र ने नहीं दिया जवाब

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंस्टाग्राम पर एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग बंद किए जाने और यूजर्स के निजी डेटा की गोपनीयता से जुड़े मामले में कंपनी मेटा और केंद्र सरकार अपना जवाब पेश नहीं कर रही हैं। सोमवार को हाई कोर्ट के समक्ष इस मामले की फिर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि हाल ही में भारत में दो ऐसे मामले हुए हैं। इनमें मेटा को सफाई देनी पड़ी। यूजर्स का डेटा लीक होने और वीडियो हटाने की घटना के बाद बवाल हो गया था। इस दौरान हाई कोर्ट ने मौखिक रूप से चेतावनी दी कि जवाब देने के लिए अंतिम अवसर दिया जा रहा है। अगली सुनवाई पर जवाब नहीं आया तो बचाव का अवसर समाप्त कर दिया जाएगा।

## कॉलेज छात्रा का पीछा करने वाले पर एफआईआर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

आजाद नगर पुलिस ने 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा की शिकायत पर शाहरुख पुत्र मंजूर खान निवासी चिंतामणपुर आष्टा के खिलाफ छेड़छाड़, धमकी और पीछा करने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। छात्रा का आरोप है कि आरोपी पिछले तीन साल से उसका पीछा कर परेशान कर रहा है। इससे पहले भी वह आरोपी के खिलाफ भंवरकुआं थाने में शिकायत दर्ज करा चुकी है। पुलिस के मुताबिक छात्रा सोमवार को घर से कॉलेज जा रही थी। रास्ते में एक मंदिर के पास शाहरुख खड़ा मिला और उसके पीछे चलने लगा। कुछ दूर जाने के बाद आरोपी ने छात्रा को रोककर बातचीत करने के लिए दबाव बनाया। छात्रा ने मना किया तो उसने अपशब्द कहे और जान से मारने की धमकी दी।

नामांतरण घोटाले मामले में बड़ी कार्रवाई

## 2 कर्मचारी सस्पेंड, 3 की सेवा समाप्त

### सहायक राजस्व अधिकारी को जारी किया शोकाज नोटिस

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ झाबुआ**

राजस्व विभाग संपत्तिकर खातों में नामांतरण में हुई गड़बड़ी पर जांच रिपोर्ट में दोषी पाए गए कर्मचारियों पर नगर निगम कमिश्नर ने कड़ी कार्रवाई की है।



जोन क्रमांक 10 वार्ड क्रमांक 39 के बिल कलेक्टर रियाज अंसारी,मुख्यालय राजस्व में पदस्थ संजय यादव को सस्पेंड किया गया और तीन मस्टर कर्मचारी जोन क्रमांक 13 के बिल कलेक्टर सौरभ तिवारी, वर्तमान में रिमूवल विभाग (पूर्व में राजस्व विभाग में) में पदस्थ मस्टर कर्मचारी संतोष मालवीय व जोन क्रमांक 20 बिल कलेक्टर अजय सोलंकी की सेवा समाप्त की गई।

इसके अलावा प्रकरण में उपायुक्त राजस्व को साइबर क्राइम शाखा में एफआईआर करने के लिए निर्देशित किया गया है। आउटसोर्स कर्मचारी सागर पवार को ब्लैक लिस्ट करने के लिए संबंधित एजेंसी को पत्र लिख निर्देशित किया गया है। वहीं जोन क्रमांक 4 में पदस्थ तरुण जोशी प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

बता दे कि नवंबर से अप्रैल के बीच में संपत्ति कर खातों में बिना विधिवत आवेदन के ओनर नेम में परिवर्तन करने की जानकारी संज्ञान में आने पर नगर निगम कमिश्नर सिंघल ने जांच हेतु कमेटी गठित की गई थी, जांच रिपोर्ट के आधार पर ये कार्रवाई की गई।






















मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com